निष्पादन प्रतिवेदन
2022-23

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

भारत की सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्था

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest

निष्पादन प्रतिवेदन 2022-23

भारत की सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्था

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के पटल से

मुझे वर्ष 2022-23 के लिए भारत की सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्था (साई इंडिया) के निष्पादन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह प्रतिवेदन वर्ष के दौरान हमारी प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करता है और घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हमारी प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डालता है।

साई इंडिया भारत के संविधान और उसके कानूनों से अपना अधिकार और अधिदेश प्राप्त करता है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की हमारे देश के संघीय ढांचे में एक अनूठी भूमिका है, जिसे केंद्र और राज्य सरकारों की लेखापरीक्षा के साथ-साथ अधिकांश राज्य सरकारों के लेखा संकलन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हमारे लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संसद और राज्य विधानमंडलों के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं, जिससे विधानमंडलों के प्रति सरकारों का उत्तरदायित्व तय होता है।

हमने अपनी नीतिगत प्राथमिकताओं को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण प्रगति करना जारी रखा। हमने 2022-23 के दौरान 172 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों को अंतिम रूप दिया, जिनमें से 35 संसद में और 137 राज्य विधानसभाओं के पटल पर प्रस्तुत किए गए; और इस तरह हमने अपने पिछले निष्पादन को पीछे छोड़ दिया। हमने अपने लेखांकन कार्यों में भी उल्लेखनीय प्रगति की, दिसंबर 2022 के अंत तक 2021-22 के सभी 28 राज्यों के वित्त और विनियोग लेखाओं को संकलित एवं प्रमाणित किया।

कोविड महामारी के बाद, हमने परिवर्तित शासन संरचनाओं और प्रक्रियाओं को अपनाने में अपनी प्रौद्योगिकियों और कौशल का सफलता पूर्वक लाभ उठाया है। हमारे हितधारकों के साथ उन्नत लेखापरीक्षा साधन, आंकड़ा

विश्लेषण और गहराई से जुड़ाव के उपयोग ने हमें अपनी लेखापरीक्षा तकनीकों में सुधार करने और आंतरिक लेखापरीक्षा करने में सक्षम बनाया है जिसने हमारे कार्य करने के तौर तरीकों को उन्नत किया है। साई इंडिया में हमारे नई पहलों और अच्छी प्रथाओं का सार-संग्रह का दूसरा संस्करण, जिसका शीर्षक 'दा केटलिस्टस इन परसुऐट ऑफ गुड गर्वनैन्स' है, लेखापरीक्षा तकनीकों में हमारे आधुनिक नवाचारों पर उचित रूप से प्रकाश डालता है।

हमने अपनी बुनियादी ढांचा योजनाओं में निश्चित प्रगति की, क्योंकि हम लेखापरीक्षा तंत्र के पूर्ण डिजिटलीकरण के अपने उद्देश्य को पूरा करने के और करीब पहुँचे। हमारे एक-आईएएडी-एक प्रणाली (ओआईओएस) अनुप्रयोग का विकास 2019 में शुरू की गई, एक आरंभ से अंत तक लेखापरीक्षा प्रक्रिया और ज्ञान प्रबंधन प्रणाली वर्ष के दौरान पूर्ण हुआ और साई इंडिया के सभी कार्यालयों में 1 अप्रैल 2023 से पूरी तरह से संचालित हुआ। हमने साई इंडिया में भारत सरकार के आईटी अनुप्रयोग (ई-एचआरएमएस) के चरण-वार परिनियोजन के माध्यम से मानव संसाधन/प्रशासन कार्यों का स्वचालन भी आरंभ किया।

पंचायती राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा को मजबूत करना, जो जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले शासन का अंतिम स्तर है, हमारी प्राथमिकता बनी रही। हमारे लेखापरीक्षक कर्मियों की सहायता के लिए, स्थानीय निकायों के प्राथमिक लेखापरीक्षकों को तकनीकी मार्गदर्शन और सहायता की योजना और संचालन के लिए एक विस्तृत रूपरेखा युक्त अभ्यास दिशानिर्देश जारी किया गया।

हमने वर्ष के दौरान अपने लेखांकन और हकदारी कार्यों में महत्वपूर्ण प्रगति की। वाउचर आँकड़ा विश्लेषण, आँकड़ा सत्यापन, आँकड़ा-आधारित आश्वासन और वाउचर स्तर के आंकड़ों के आधार पर आँकड़ा मानस चित्रण के लिए एक अखिल भारतीय डैशबोर्ड का विकास अपने अंतिम चरण में है।

साई इंडिया सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए इंटोसाई नीतिगत उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि एसडीजी के कार्यान्वयन की लेखापरीक्षा हमारे निष्पादन लेखापरीक्षा का हिस्सा है, हमने प्राकृतिक संसाधनों के लेखांकन के लिए प्रक्रियाओं के विकास की दिशा में अपने प्रयासों को भी निर्देशित किया। हमने वर्ष 2020 में प्राकृतिक संसाधन लेखांकन (एनआरए) में एक अवधारणा पत्र विकसित करके इस पहल की शुरुआत की। इसमें संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और पर्यावरणीय लेखांकन प्रणाली - केंद्रीय ढांचे के अनुसार भारत में एनआरए को लागू करने की परिकल्पना की गई थी। हमने खनिज और ऊर्जा स्रोतों पर परिसंपत्ति खाते तैयार करने के लिए सभी 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया। इन परिसंपत्ति लेखों के आधार पर 107 प्रमुख/गौण खनिजों और जीवाश्म ईंधन को शामिल करने वाले खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर अपनी तरह का पहला राष्ट्रीय परिशिष्ट जारी किया गया था।

साई इंडिया ने 16 नवंबर 2022 को सीएजी की संस्था की स्मृति में द्वितीय ऑडिट दिवस मनाया। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी ने इस अवसर पर उपस्थित हो कर इसकी शोभा बढाई। हमारे आगे बढने की गतिविधियों के भाग के रूप में, भारत में विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए निर्दिष्ट समकालीन विषयों पर एक राष्ट्रीय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता (अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में) का आयोजन किया गया। हमारे युवा नागरिकों को शामिल करने का उद्देश्य शासन और सार्वजनिक जवाबदेही प्रतिमान की उनकी समझ में सुधार करना और सीएजी की संस्था की उनकी अपेक्षाओं में हमें अंतर्दृष्टि प्रदान करना था। विजेताओं को ऑडिट दिवस पर नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

साई इंडिया एक जन संचालित संगठन है और हमारे कर्मचारी हमारी संपत्ति हैं। संगठन के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए, सीएजी की सार्वजनिक लेखापरीक्षा और लेखांकन में नवाचार और उत्कृष्टता हेतु पुरस्कार वर्ष 2021 में स्थापित किए गए थे। 2022 में अपने दूसरे संस्करण के दौरान, देश भर में फैले हमारे कार्यालयों से चयनित आठ दलों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कारों ने उन परियोजनाओं को मान्यता दी जो उच्च स्तर की गुणवत्ता को प्राप्त करने और हमारी प्रणालियों को सुव्यवस्थित करने के लिए जुनून और सोच को परिलक्षित करती हैं। यह स्वीकार करते हुए कि व्यक्तिगत उत्कृष्टता के अलावा, संगठनात्मक दृष्टिकोण से सर्वांगीण गुणात्मक सुधार को पोषित करना भी महत्वपूर्ण है, नौ कार्यालयों को सबसे बेहतर कार्यालयों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए जिन्होंने लेखा, लेखापरीक्षा और प्रशिक्षण क्षेत्र के निष्पादन में अधिकतम सुधार दिखाया था।

हमारी उपलब्धियाँ हमारे कर्मचारियों के समर्पित कार्य का परिणाम हैं। हम अपने लोगों के निरंतर पेशेवर विकास की आवश्यकता के प्रति सचेत हैं। हमारे प्रशिक्षण संस्थान हमारे कर्मचारियों को कई विषयों पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करते हैं ताकि वे कार्यक्षेत्र विशेषज्ञता का निर्माण कर सकें और अपने कार्य के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल से सुसज्जित हो सकें। नोएडा और जयपुर में हमारे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए क्रमशः आईटी और पर्यावरण क्षेत्रों में विश्वस्तरीय सुविधाएं और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में, हम सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों का अंतर्राष्ट्रीय संगठन (इंटोसाई) और सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों के एशियन संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदार रहे। वर्ष के दौरान, संयुक्त राष्ट्र के पांच निकाय हमारे लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत थे, अर्थात् खाद्य और कृषि संगठन (2020-2025), विश्व स्वास्थ्य संगठन (2020-2023), अंतर- संसदीय संघ (2020-2022), रासायनिक हथियार निषेध संगठन (2021-2023) और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (2022-2027)। हमें वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (2024-2027) के बाहरी लेखापरीक्षक के रूप में भी नियुक्त किया गया। हमें अपनी व्यावसायिकता और विशेषज्ञता पर गर्व है, जो अंतर्राष्ट्रीय लेखापरीक्षा क्षेत्र में हमारी आधिकारिक उपस्थिति का मार्गदर्शन करती है।

साई इंडिया ने हमेशा सार्वजनिक क्षेत्र की लेखापरीक्षा में उन्नत व्यावसायिक प्रथाओं के लिए ज्ञान और अनुभवों को साझा करने वाले अन्य साई के साथ साझेदारी को बहुत महत्व दिया है। 2022-23 के दौरान, हमने चार नए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और विभिन्न साई के साथ समझौता ज्ञापन विस्तारित किया। इन साई के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंध न केवल इन देशों के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करते हैं, बल्कि एक उन्नत लेखापरीक्षा गुणवत्ता व्यवस्था के विकास के लिए आपसी सहयोग को बढ़ाने का भी काम करते हैं।

दिसम्बर 2022 से जी20 की भारतीय अध्यक्षता के तत्वावधान में साई इंडिया ने साई20 सहभागिता समूह की अध्यक्षता की। साई20 निगरानी, अंतर्दृष्टि और दूरदर्शिता के दृष्टिकोण के द्वारा जी-20 सदस्य राज्यों की सरकारों के लिए नीतिगत भागीदार के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साई इंडिया ने साई20 द्वारा विचार और सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के रूप में 'ब्लू इकोनॉमी' और 'रिस्पॉन्सिबल एआई' को चुना। भारत में साई20 शिखर सम्मेलन के विषय, अर्थात् 'ब्लू इकोनॉमी' और 'रिस्पॉन्सिबल एआई' जो नए युग के अवसरों और चिंताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं जो इन क्षेत्रों में उपयुक्त लेखापरीक्षा ढांचे को विकसित करने के लिए सदस्य राज्यों के बीच सहयोग का महत्व रखते हैं। दोनों विषयों को जी20 की भारतीय अध्यक्षता के व्यापक विषय के साथ संरेखित किया गया है जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' है - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। जून 2023 में निर्धारित साई20 शिखर सम्मेलन के

अग्रदूत के रूप में, साई इंडिया ने मार्च 2023 में गुवाहाटी, असम में साई20 के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की मेजबानी की। बैठक में जी20 सदस्य देशों, अतिथि देशों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी देखी गई।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की भारत की अध्यक्षता की छत्रछाया में, सीएजी ने एससीओ साई की अध्यक्षता ग्रहण की। साई इंडिया ने फरवरी 2023 में दो उप-विषयों के रूप में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा के साथ 'लेखापरीक्षा में उभरती प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना' विषय पर लखनऊ में छठी एससीओ साई प्रमुखों की बैठक की मेजबानी की। हमने अक्टूबर 2022 में नई दिल्ली में 'लोक क्षेत्र लेखापरीक्षा में नागरिक सहभागिता' विषय पर ब्रिक्स साई प्रतिनिधियों की तीसरी बैठक की भी मेजबानी की। इसके बाद सीएजी ने ब्रिक्स साई संस्था की अध्यक्षता दो वर्षों के लिए संभाली।

मुझे आशा है कि यह निष्पादन प्रतिवेदन हमारे हितधारकों - विधि निर्माताओं, कार्यपालकों, शिक्षाविदों और जनता के सदस्यों को हमारे कार्य का समग्र दृष्टिकोण समझने में मदद करेगी। मैं हमारे मूल्यवान हितधारकों को उनके सहयोग और शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों में योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।



(गिरीश चंद्र मुर्मू)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

विषय सूची

अध्याय	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	9
	प्रमुख तथ्य	11
खंड 1	**साई इंडिया: अधिदेश और संरचना**	
अध्याय 1	भारत के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान के विकास की चरणबद्धता	17-21
अध्याय 2	साई इंडिया का अधिदेश	25-30
अध्याय 3	साई इंडिया का संगठन	33-36
अध्याय 4	प्रशिक्षण अवसंरचना	39-42
अध्याय 5	हम अपने संसाधनों का प्रबंधन कैसे करते हैं	45-48
खंड 2	**हमारे अधिदेश को पूरा करना**	
अध्याय 1	हमारे लेखापरीक्षा अधिदेश को पूरा करना	53-64
अध्याय 2	हमारे लेखा अधिदेश को पूरा करना	67-78
खंड 3	**वर्तमान प्रगति**	
अध्याय 1	मार्गदर्शनों का विकास	83-92
अध्याय 2	क्षमता निर्माण	95-105
अध्याय 3	आंतरिक नियंत्रण और गुणवत्ता मूल्यांकन	109-111
अध्याय 4	हमारी आईटी पहल	115-127
अध्याय 5	ऑडिट दिवस 2022	131-137
अध्याय 6	30वां महालेखाकार सम्मेलन	141-146
अध्याय 7	उतनी ही महत्वपूर्ण, अन्य गतिविधियाँ	149-155

अध्याय	विषय	पृष्ठ संख्या
खंड 4	**हितधारकों के साथ अन्त:क्रिया**	
अध्याय 1	विधायी समितियों के साथ हमारी अन्त:क्रिया	161-163
अध्याय 2	लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड	167-168
अध्याय 3	अधिगम की प्रगति	171-176
खंड 5	**अंतर्राष्ट्रीय संबंध**	
अध्याय 1	संयुक्त राष्ट्र संगठनों के साथ हमारी वचनबद्धता	181-186
अध्याय 2	सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों के अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ हमारी वचनबद्धता	189-199
अध्याय 3	सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों के एशियाई संगठन के साथ हमारी वचनबद्धता	203-205
अध्याय 4	द्विपक्षीय/बहुपक्षीय परस्पर संवाद	209-216
अध्याय 5	अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	219-222

प्राक्कथन

इस निष्पादन प्रतिवेदन के बारे में

भारत के संविधान और भारत की संसद द्वारा अधिनियमित कानूनों ने भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) को लेखापरीक्षा और लेखांकन के क्षेत्र में विविध दायित्व सौंपे है। अधिकांश राज्यों की सरकारों के लेखा का संकलन तथा केंद्र व राज्य सरकारों और उनके संगठनों की गतिविधियों की लेखापरीक्षा आयोजित करना सीएजी का प्रमुख वैधानिक दायित्व हैं। इसके अलावा सीएजी लेखांकन मानकों और नीतियों तथा वित्तीय विवरणों के रूप से संबंधित मामलों में कार्यपालक को सलाह देते हैं और कुछ राज्यों के लिए हकदारी कार्य भी करते हैं।

सीएजी और भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग भारत के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान (साई) का गठन करते हैं, साथ में सरकार के मामलों में वित्तीय उत्तरदायित्व और पारदर्शिता को बढ़ावा देने का दायित्व भी रखते है।

यह रिपोर्ट साई इंडिया के उत्तरदायित्व की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रस्तुत की जा रही है। यह वर्ष 2022-23 के दौरान हमारी गतिविधियों और उपलब्धियों के साथ-साथ हमारे संसाधनों के उपयोग में नियमितता और दक्षता तथा हमारे काम की प्रभावशीलता का लेखा-जोखा देता है।

हमारा उद्देश्य साई इंडिया के बारे में जागरूकता और समझ पैदा करना है। हम अपने सेवार्थियों और हितधारकों को अपने प्रमुख परिणामों और उपलब्धियों के बारे में सूचित करना चाहते हैं और सार्वजनिक जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने में सीएजी के योगदान के उत्तम मूल्यांकन की दिशा में अपने कुछ असाधारण कार्यों का प्रदर्शन करना चाहते हैं।

प्रमुख तथ्य

172	अनुमोदित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन
₹ 5,037.35 करोड़	लेखापरीक्षा अवलोकन के आधार पर वसूल की गई धनराशि
96.66%	पेंशन/भविष्य निधि अभिदाताओं से प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निवारण
8,915	लेखा जाँच
38,778	अनुपालन लेखापरीक्षा के अंतर्गत सम्मिलित की गई इकाईयां (नियोजित इकाईयों का 95.39 प्रतिशत)
26,807	जारी किए गए निरीक्षण प्रतिवेदन
2,821	अनुमोदित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में की गई लेखापरीक्षा अनुशंसाएँ
3,721	जाँच की गई लेखापरीक्षा रिपोर्टों के लिए कृत्त कार्रवाई नोट
2,207	निरीक्षित कोषागार
1,95,061	सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) के निर्धारित समय के भीतर अंतिम रूप दिए गए अंतिम भुगतान मामले (95.79 प्रतिशत)
5,93,985	मूल और पुनरीक्षण पेंशन मामलों का निपटारा (प्राप्त मामलों का 89.99 प्रतिशत)
1,874	क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थानों/केंद्रों मे चलाए गए और आंतरिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
31,770	उपरोक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रतिभागी
5	वर्ष के दौरान लेखापरीक्षित अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय संगठन (खाद्य और कृषि संगठन, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण, अंतरसंसदीय संघ, रासायनिक हथियार निषेध संगठन एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन)
4	2022-23 के दौरान अन्य सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों के साथ नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए

खंड 1

साई इंडिया : अधिदेश और संरचना

- **अध्याय 1**
  भारत के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान के विकास की चरणबद्धता
- **अध्याय 2**
  साई इंडिया का अधिदेश
- **अध्याय 3**
  साई इंडिया का संगठन
- **अध्याय 4**
  प्रशिक्षण अवसंरचना
- **अध्याय 5**
  हम अपने संसाधनों का प्रबंधन कैसे करते हैं

सीएजी कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा

अध्याय 1

भारत के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान के विकास की चरणबद्धता

1.1 हमारी विरासत

भारत की सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान (साई) भारत के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की भूमिका विधायिका और अभ्यास के माध्यम से विकसित हुई है। 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से ठीक पहले, भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग द्वारा एक प्रमुख प्रशासनिक पुनर्गठन किया गया था। उन्हीं की पहल के कारण पहली बार मई 1858 में महालेखाकार के साथ एक अलग विभाग की स्थापना हुई। वे ईस्ट इंडिया कंपनी के अन्तर्गत वित्तीय लेनदेन के लेखाकरण और लेखापरीक्षण के लिए उत्तरदायी थे। 1857 के बाद ब्रिटिश क्राउन ने भारत के प्रशासन को संभाला और भारत सरकार अधिनियम, 1858 पारित किया। इस अधिनियम ने 1860 में राज्य संबंधी आय और व्यय के वार्षिक बजट की एक प्रणाली शुरू की। बजट प्रणाली ने राज्य संबंधी लेखापरीक्षा की आधारशिला रखी। सर एडवर्ड ड्रमंड ने 16 नवंबर 1860 को पहले महालेखापरीक्षक के रूप में कार्यभार संभाला।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक शब्द का प्रयोग पहली बार 1884 में किया गया था। 1919 के मोंटफोर्ड रिफॉर्मर्स ने महालेखापरीक्षक को सरकार से स्वतंत्र कर दिया। भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने संघीय व्यवस्था में प्रांतीय महालेखापरीक्षकों का प्रावधान करके महालेखापरीक्षक की स्थिति को मजबूत किया। 1947 तक जब अंतिम ब्रिटिश महालेखापरीक्षक सर बर्टी मोनरो स्टैग ने कार्यभार सौंपा, तब यह विभाग ब्रिटिश प्रशासन का एक अभिन्न अंग बना रहा और पूरे ब्रिटिश भारत के लिए एकीकृत लेखाकरण और लेखापरीक्षा व्यवस्था प्रदान की।

स्वतंत्रता के बाद ये व्यवस्थाएं 1950 में भारत के संविधान को अपनाने तक जारी रहीं जिससे भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को एक संस्था बनाया गया। श्री वी. नरहरि राव स्वतंत्र भारत के पहले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक थे। 1971 में संसद द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्त्तव्यों, शक्तियों और सेवा की शर्तों) अधिनियम के पारित होने से सार्वजनिक व्यय पर निरीक्षण के अतिरिक्त उत्तरदायित्व के साथ एक स्वतंत्र संवैधानिक प्राधिकरण के रूप में साई इंडिया की स्थिति को और मजबूत किया गया।

संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने संविधान सभा में अपने भाषण में कहा :

"मेरी राय है कि यह गणमान्य शायद भारत के संविधान में सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी है। वह एक ऐसा व्यक्ति है जो यह देखने जा रहा है कि संसद द्वारा मतदान किए गए व्ययों से अधिक व्यय तो नहीं किया जाता है, या संसद द्वारा निर्धारित किए गए व्ययों जिसे विनियोग अधिनियम कहा जाता है, से भिन्न तो नहीं है।"

1.2 साई इंडिया के विकास में महत्वपूर्ण चरणबद्ध तिथियां (माईलस्टोन)

स्वतंत्रता से पूर्व

वर्ष	घटना
1858	ईस्ट इंडिया कंपनी के वित्तीय लेनदेन के लेखाकरण और लेखापरीक्षण के लिए उत्तरदायी एक महालेखाकार के अन्तर्गत एक अलग विभाग बनाया गया
1860	ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत भारत के पहले महालेखापरीक्षक को नियुक्त किया गया
1866	भारत के महालेखापरीक्षक को महालेखानियंत्रक के रूप में नामित किया गया
1884	महालेखानियंत्रक को लेखापरीक्षा और लेखा दोनों के लिए जिम्मेदारियों के साथ भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के रूप में फिर से नामित किया गया
1919	भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने सीएजी को भारत में अंतिम लेखापरीक्षा प्राधिकरण के रूप में वैधानिक मान्यता दी और इसे भारत में महालेखापरीक्षक के रूप में पदनामित किया गया
1921	महालेखापरीक्षक के नियम 1921 में प्राप्तियों की लेखापरीक्षा के लिए विशिष्ट प्रावधान किया गया
1924	सीमा शुल्क राजस्व की लेखापरीक्षा महालेखापरीक्षक को सौंपी गई थी
1925	वाणिज्यिक लेखापरीक्षा शाखा भारतीय लेखापरीक्षा विभाग में स्थापित की गई
1935	भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने (i) इंग्लैंड के राजा द्वारा सीएजी की नियुक्ति, (ii) संघीय न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में इसी तरह और समान आधार पर सीएजी को पद से हटाने और (iii) कार्यालय खाली करने पर सीएजी को भारत में शासन के अन्तर्गत किसी भी पद पर रहने से निषिद्ध कर सीएजी की स्वतंत्रता और स्थिति को मजबूत किया गया। महालेखापरीक्षक के पद को भारत के महालेखापरीक्षक के रूप में नामित किया गया
1936	सीएजी के लेखापरीक्षा और लेखाकरण कार्यों का विवरण देते हुए भारत सरकार (लेखापरीक्षा और लेखा आदेश), 1936 को जारी किया गया
1938	लेखापरीक्षा कोड का अद्यतन किया गया जिसने 1921 में जारी किए गए पहले संस्करण में निहित पिछले सभी नियमों और निर्देशों को हटा दिया गया

स्वतंत्रता के बाद

1947 — भारत सरकार (लेखापरीक्षा और लेखा आदेश), 1936 को भारतीय अंतिम संविधान आदेश 1947 द्वारा अपनाया गया

1948 — भारत सरकार, वित्त विभाग के तत्कालीन सचिव, श्री वी. नरहरि राव को 15 अगस्त 1948 को भारत के स्वतंत्र प्रभुत्व के पहले भारतीय महालेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया

1950 — भारत के संविधान में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लिए प्रावधान किया गया, जिसे केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के लेखाकरण और लेखापरीक्षण कार्यों के साथ सौंपा गया, जिसमें केंद्र प्रशासित क्षेत्र/केंद्र शासित प्रदेश शामिल हुए

1953 — भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सेवा की शर्तें अधिनियम) को 1953 में प्रख्यापित किया गया

1956 — भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 ने सरकारी कंपनियों को कानूनी दर्जा दिया और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा पूरक लेखापरीक्षा का प्रावधान किया, जिन्होंने कंपनियों में लेखापरीक्षकों की नियुक्ति पर सरकार को सलाह भी दी

1960 — भारत सरकार के साथ आयकर प्राप्तियों और प्रतिदाय के लेखापरीक्षा के लिए एक समझौता ज्ञापन पर सहमति व्यक्त की गई

1962 — लेखापरीक्षा संहिता के अधिक्रमण में, दो खंडों में स्थायी आदेश (तकनीकी) की नियमावली को जारी किया गया

1971 — सीएजी के डीपीसी (कर्त्तव्यों, शक्तियां और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971, सीएजी के कर्तव्यों, शक्तियों और सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए संविधान के अन्तर्गत पारित किया गया

1976 — सीएजी के डीपीसी (कर्त्तव्यों, शक्तियां और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 में संशोधन किया गया ताकि सीएजी को भारत सरकार के लेखाओं के रखरखाव से संबंधित कर्त्तव्यों और कार्यों से मुक्त किया जा सके

1984 — संयुक्त महालेखाकारों के कार्यालयों को अलग-अलग संवर्गों के साथ दो अलग-अलग कार्यालयों अर्थात सभी लेखापरीक्षा कार्यों के लिए महालेखाकार (लेखापरीक्षा) और सभी लेखा और हकदारी कार्यों के लिए महालेखाकार (ले. एवं हक़.) में विभाजित किया गया

1991 — स्थायी आदेशों की नियमावली (तकनीकी) को परिवर्तित नाम स्थायी आदेशों की नियमावली (लेखापरीक्षा) को संशोधित किया गया और अद्यतन किया गया

1993 — सीएजी 1993-1999 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखापरीक्षकों के बोर्ड का सदस्य बने

1994 पहले लेखापरीक्षण मानकों को मूल सिद्धांतों और प्रथाओं का विवरण देते हुए जारी किया गया जिनका लेखापरीक्षकों को पालन करना चाहिए

1996 सीएजी 1996-2004 के लिए इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी के बाह्य लेखापरीक्षक बने

1997 सीएजी 1997-2003 के लिए रासायनिक हथियारों के निषेध संगठन के बाह्य लेखा परीक्षक बने

1998 साई इंडिया द्वारा सरकारी लेखापरीक्षा के क्षेत्र में की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों और योगदान के सम्मान में साई इंडिया को इंटोसाई (इंकोसाई) की कांग्रेस द्वारा जोर्ग कंडच पुरस्कार से सम्मानित किया गया

1999 सीएजी ने लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड का गठन किया

1999 वाउचर स्तर कम्प्यूटरीकरण को शुरू किया गया

2000 सीएजी 2000-2012 के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन और 2000-2015 के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन के बाह्य लेखापरीक्षक बने

2002 सरकारी लेखाकरण मानक सलाहकार बोर्ड की स्थापना भारत सरकार के सहयोग से जवाबदेही तंत्र को बढ़ाने सहित सरकारी लेखाकरण और वित्तीय रिपोर्टिंग के मानकों को स्थापित करने और सुधारने के लिए की गई थी

2002 स्थायी आदेशों की नियमावली (लेखापरीक्षा) को संशोधित और अद्यतन किया गया

2002 सीएजी के संशोधित लेखाकरण मानक जारी किए गए थे जिन्होंने 2001 में इंटोसाई द्वारा जारी किए गए पुनर्रचित लेखाकरण मानकों को उपयुक्त रूप से अपनाया

2002 सीएजी 2002-2008 के लिए खाद्य और कृषि संगठन के बाह्य लेखापरीक्षक बने

2004 निष्पादन लेखापरीक्षा दिशानिर्देश जारी किए गए जिससे साई इंडिया को निष्पादन लेखापरीक्षा के प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय मानकों को अपनाने में मदद मिली

2004 सीएजी 2004-2012 के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के बाह्य लेखापरीक्षक बने

2007 सीएजी द्वारा, सीएजी के डीपीसी अधिनियम के अन्तर्गत नियमों और विनियमों को बनाने के लिए अपनी शक्तियों का उपयोग करके लेखापरीक्षा और लेखा पर विनियम, 2007 जारी किए गए

2010 सीएजी 2010-2016 के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम और प्रवासन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन के बाह्य लेखापरीक्षक बने

2012 लेखापरीक्षा में क्षेत्रीय उन्मुखीकरण शुरू करने के लिए लेखापरीक्षा कार्यालयों के पुनर्गठन को लागू किया गया

2012 सीएजी 2012-2016 के लिए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और 2012-2017 के लिए विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के बाह्य लेखापरीक्षक बने

2014 संशोधित निष्पादन लेखापरीक्षा दिशानिर्देश जारी किए गए

2014 सीएजी 2014-2020 के लिए लेखापरीक्षकों के संयुक्त राष्ट्र बोर्ड के सदस्य बने

2016 अनुपालन लेखापरीक्षा दिशानिर्देश जारी किए गए

2017 सीएजी के लेखापरीक्षा मानकों को संशोधित और अद्यतन किया गया

2020 लेखापरीक्षा और लेखा 2007 पर विनियम, को लेखापरीक्षा और लेखा पर विनियम (संशोधन) 2020 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया

2020 समूहों/क्षेत्रों के आधार पर ऊर्ध्वाधर और क्षैतिज एकीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए लेखापरीक्षा कार्यालयों के पुनर्गठन को लागू किया गया

2020 सीएजी 2020-2025 के लिए खाद्य और कृषि संगठन, 2020-2023 के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर संसदीय संघ 2020-22 के बाह्य लेखापरीक्षक बने

2021 सीएजी 2021-23 के लिए रासायनिक हथियार निषेध संगठन और 2022-2027 के अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण के लिए बाह्य लेखाकार बने

2022 सीएजी को 2024-2027 की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का बाह्य लेखापरीक्षक बनाया गया

2022 1 दिसंबर 2022 से जी20 के भारतीय अध्यक्ष पद के अन्तर्गत, साई इंडिया ने साई20 नियुक्ति समुह की अध्यक्षता संभाली

अध्याय 2

साई इंडिया का अधिदेश

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest

2.1 साई इंडिया के बारे में

भारत के संविधान के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) तथा उसने अधीन कार्य करने वाला भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा विभाग (आईएएंडएडी) संघीय ढाँचे में एकीकृत लेखापरीक्षा तंत्र प्रदान करता है। संसदीय लोकतंत्र में जाँच और संतुलन की संवैधानिक योजना में इस तंत्र को विधायिका के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। लेखापरीक्षा नियामक प्रणाली का अनिवार्य हिस्सा है जिसका उद्देश्य लोक वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन के स्वीकृत मानदण्डों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। राज्यों में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिनिधित्व करने वाले साई इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रधान महालेखाकार/महालेखाकार कहा जाता है।

संसद/राज्य विधानमंडल वार्षिक बजट और अनुपूरक विनियोजनों का अनुमोदन करता है और सरकार को कर वसूल करने का प्राधिकार देता है। लोक-निधियों के प्रबंधन में औचित्य, नियमितता और सत्यनिष्ठा के मानदण्ड सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय नियमावली है। सरकारी विभागों तथा अन्य सार्वजनिक निकायों से इन नियमों का अनुसरण और उनमें निर्धारित ढांचे का पालन करने की अपेक्षा की जाती है, जब वे लोक-धन को प्राप्त और खर्च करते हैं। व्यय करने वाले विभाग अपने व्यय की मात्रा और गुणवत्ता दोनों के लिए संसद और राज्य विधानमण्डलों के प्रति जबाबदेह हैं।

संविधान के अनुच्छेद 148 से 151 में सरकारी विभागों की वैधानिक जवाबदेही को लागू करने के लिए संसद की सहायता करने में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लिए विशिष्ट भूमिका निर्धारित की गई हैं। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक केंद्र एवं राज्य सरकारों दोनों की लेखापरीक्षा करता है और राज्य सरकारों के लेखाओं का संकलन भी करता है।

हमारे संघीय बहुदलीय प्रजातंत्र के दृष्टिगत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की भूमिका का बहुत महत्व है जहां संघ और राज्य दोनों सरकारें बड़ी संख्या में योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी हैं जिनमें बड़े सार्वजनिक संसाधन शामिल हैं। विकास, सर्व-समावेशी कल्याण, प्रौद्योगिकी-सक्षम विकास को बढ़ावा देने, ऊर्जा संक्रमण और जलवायु कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करने पर भी निरंतर जोर दिया गया है। इसकी अनुक्रिया में, साई इंडिया लगातार हमारी प्रक्रियाओं, बुनियादी ढांचे और क्षमताओं की पुन: जांच करने और विकसित करने में लगा हुआ है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उभरते हुए शासन मॉडल और सूचना प्रौद्योगिकी संचालित मंचों पर सीएजी के अधिदेशों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया जा सके।

पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) का उचित लेखाकरण और लेखापरीक्षण केंद्रीय वित्त आयोगों के लिए चिंता का विषय रहा है। तदनुसार, हमने स्थानीय निधि लेखापरीक्षकों/स्थानीय निधियों के परीक्षकों के क्षमता निर्माण को बढ़ाने और राज्य संगठनों के आपसी मेल-जोल को बढ़ाने के लिए सक्रिय उपायों पर ध्यान केंद्रित किया है, जबकि जमीनी स्तर पर सुशासन को बढ़ाने के प्रयास में हितधारकों के साथ भी जुड़ रहे हैं।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का भाषण, 21 जुलाई 1954

“जहां तक राज्य के धन का संबंध है, सीएजी के पास किसी भी अधिकारी के लेखा को मांगने की शक्ति है, चाहे वह कितने भी उच्च स्थान पर क्यों न हो। इसलिए उसे सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए ताकि यह सर्वोत्तम संभव तरीके से इसे आवंटित कर्त्तव्यों के निर्वहन को सुनिश्चित करने के लिए गणना किए गए तरीके से कार्य करने में सक्षम हो सके।”

2.2 हमारी दूरदृष्टि, उद्देश्य और नैतिक मूल्य

दूरदृष्टि

(हमारी दूरदृष्टि यह दर्शाती है कि हम क्या बनना चाहते हैं)

सार्वजनिक संसाधनों पर स्वतंत्र और विश्वसनीय आश्वासन प्रदान करना जारी रखें और सार्वजनिक क्षेत्र के लेखापरीक्षण में वैश्विक रूप से अग्रणी बनें।

उद्देश्य

हमारा उद्देश्य हमारी वर्तमान भूमिका को प्रस्तुत करता है और आज हम क्या कर रहे हैं, इस का वर्णन करता है:

भारत के संविधान द्वारा अधिदेशित हम उच्च गुणवत्ता लेखापरीक्षण एवं लेखाकरण के माध्यम से जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देते हैं और अपने हितधारकों विधानमंडल, आम जनता और कार्यकारिणी को स्वतंत्र आश्वासन मुहैया कराते हैं कि लोक निधियों को दक्षता और कुशलता से संग्रहित किया जा रहा है।

नैतिक मूल्य

हमारे नैतिक मूल्य उन सभी के लिए मौलिक विश्वास है जो हमारी संस्था और हमारे लोगों का मार्गदर्शन करते हैं

संस्थागत मूल्य: पेशेवर मानकों उद्देश्य और संतुलित दृष्टिकोण, स्वतंत्रता और पारदर्शिता को बनाए रखना।

लोक मूल्य: नैतिक व्यवहार, अखंडता, पेशेवर क्षमता, निष्पक्षता और सामाजिक जागरूकता।

2.3 साई इंडिया की स्वतंत्रता

भारत के संविधान में भारत सरकार और राज्यों की कार्यकारी शाखा से भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की स्वतंत्रता का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 149 और 150 में (सीएजी) के कर्त्तव्यों और शक्तियों का प्रावधान किया गया हैं। अनुच्छेद 151 में प्रावधान है कि संघ तथा राज्य सरकारों से संबंधित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संसद अथवा राज्य विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भारत के राष्ट्रपति/राज्य के राज्यपाल को प्रस्तुत करना होगा। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक एक स्वतंत्र संवैधानिक प्राधिकारी है जो न तो कार्यपालिका और न ही विधायिका के अंग हैं।

संविधान में निम्नलिखित प्रावधान से भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से लेखापरीक्षा के लिए सक्षम बनाया गया है:

- भारत के राष्ट्रपति द्वारा सीएजी की नियुक्ति;
- सीएजी को हटाने के लिए विशेष प्रक्रिया, जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर लागू है;
- सीएजी का वेतन और खर्च, संसद के मत के अधीन नहीं है; और
- सेवा-काल की समाप्ति के पश्चात् किसी अन्य सरकारी कार्यालय का पद लेने में सीएजी की अपात्रता।

संविधान में यह भी प्रावधान है कि साई इंडिया में सेवारत व्यक्तियों की सेवा की शर्तें और सीएजी की प्रशासनिक शक्तियां ऐसी होंगी जो सीएजी के परामर्श के पश्चात् राष्ट्रपति द्वारा बनाए गए नियमों द्वारा निर्धारित की जाएं।

2.4 हमारे लेखा अधिदेश

भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में घोषित भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का (कर्त्तव्यों, शक्तियां और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971[1] (सीएजी का डीपीसी अधिनियम 1971) में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा राज्य सरकार के लेखाओं के संकलन का प्रावधान है। लेखाओं के संकलन के अतिरिक्त, (सीएजी) लेखाओं को तैयार करने और उन्हें राष्ट्रपति को, राज्यों के राज्यपालों को और विधानसभा वाले संघ-राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रशासकों को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है। वह लेखाओं को तैयार करने से संबंधित माँगी गई सूचना भी प्रदान करते है और सहायता भी प्रदान करते है। हम कोषागारों और राज्य सरकारों के अन्य अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत सहायक लेखाओं से राज्य सरकारों के लेखाओं का संकलन करते है। यदि धन अनुमोदन से अधिक निकाला जा रहा है तो हम शासन को सचेत करते हैं। हम व्यय के तरीके की सक्रिय रूप से निगरानी करते हैं और निधियों के अधिक व्यय, वापस की गई राशि, व्यपगत राशि पर परामर्श देते हैं।

संघ सरकार को सीएजी के परामर्श के बाद केंद्र और राज्य सरकार के विभागों द्वारा लेखाओं के रखरखाव के लिए नियम बनाने के लिए प्राधिकृत किया जाता है, जिसमें वह तरीका भी शामिल है जिसमें कोषागारों, कार्यालयों और लेखा कार्यालयों को लेखा प्रदान करने वाले विभागों द्वारा प्रारंभिक और सहायक लेखाओं को रखा जाना है।

2.5 हमारा लेखापरीक्षा अधिदेश

2.5.1 सीएजी का डीपीसी अधिनियम, 1971

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा अधिदेश को सीएजी के डीपीसी अधिनियम, 1971 और संसद द्वारा बनाए गए कुछ अन्य कानूनों में परिभाषित किया गया है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को निम्नलिखित की लेखापरीक्षा एवं रिपोर्ट करने के अधिदेश है:

- संघ और राज्य सरकारों की समेकित निधि में देय सभी प्राप्तियां और व्यय;
- आम बजट के बाहर आपातकाल में सभी वित्तीय लेन-देन, (जिसे आकस्मिक निधि कहा जाता है);
- केंद्र के साथ-साथ राज्य स्तरों पर न्यासी या बैंकर के रूप में सरकार द्वारा धारित जनता के निजी धन की आवाजाही (जिसे लोक लेखा कहा जाता है);

[1] भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के डीपीसी अधिनियम 1971 की धारा 10,11 एवं 12

- किसी भी सरकारी विभाग में रखे गए समस्त व्यापार, विनिर्माण, लाभ एवं हानि लेखे, तुलन-पत्र एवं अन्य सहायक लेखे;
- सभी सरकारी कार्यालयों और विभागों के समस्त भण्डार और स्टॉक लेखे;
- कंपनी अधिनियम 2013 में परिभाषित सभी सरकारी कंपनियों और किसी अन्य कंपनी के लेखे;
- सभी विनियामक निकायों और अन्य सांविधिक प्राधिकरणों/निगमों के लेखे, जिनमें भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा उनकी लेखापरीक्षा का शासी विधियों में प्रावधान है;
- सरकारी कोष से पर्याप्त रूप से वित्तपोषित सभी स्वायत्त निकायों और प्राधिकरणों के लेखे;
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के डीपीसी अधिनियम, 1971 के समर्थकारी प्रावधानों के अन्तर्गत राष्ट्रपति/राज्यपाल/उपराज्यपाल द्वारा लोकहित में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को लेखापरीक्षा हेतु विशिष्ट रूप से सौंपे गए किसी निकाय या प्राधिकरण के लेखे।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को निम्नलिखित विशेष उत्तरदायित्व भी सौंपे गए हैं:

- क्रमिक केंद्रीय वित्त आयोगों की सिफारिशों पर, राज्यों सीएजी के डीपीसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को राज्य सरकारों के स्थानीय निधि लेखापरीक्षा स्कंधों, जो स्थानीय निकायों (एलबी) के प्राथमिक लेखापरीक्षक हैं, को तकनीकी मार्गदर्शन और सहायता (टीजीएस) प्रदान करने की भूमिका सौंपी है। टीजीएस के घटकों में अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा मानकों की स्थापना, लेखापरीक्षा योजना, उन्नत लेखापरीक्षा पद्धतियों को अपनाने और क्षमता निर्माण के लिए प्राथमिक लेखापरीक्षकों का सहयोग और आपसी सहयोग शामिल है। इसके अतिरिक्त, केंद्र/राज्य सरकारों से सहायता अनुदान के रूप में प्राप्त निधियों का उपयोग और स्थानीय निकायों द्वारा केंद्रीय/राज्य स्कीमों के कार्यान्वयन की भी लेखापरीक्षा की जाती है। इसके अतिरिक्त, उन स्थानीय निकाय की सभी प्राप्तियों और व्ययों की लेखापरीक्षा की जाती है जो या तो भारत/राज्यों की समेकित निधि से पर्याप्त रूप से वित्तपोषित होते हैं या जहाँ ऐसी लेखापरीक्षा, जो राज्य सरकारों द्वारा सौंपी गई है।
- राज राजकोषिय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम के अन्तर्गत संघ सरकार की अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में निष्पादन की समीक्षा करना।
- केंद्रीय कर/शुल्क की निवल आय को प्रमाणित करना जो राज्यों के साथ साझा करने योग्य हैं।

2.5.2 न्यायिक घोषणा के माध्यम से अधिदेश

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के पास किसी निजी कम्पनी के लेखाओं की लेखापरीक्षा का भी अधिकार है, जो सामान्यतया भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा अधिदेश में नही है, यदि कम्पनी को लाइसेंस की शर्तों के अन्तर्गत दुर्लभ प्राकृतिक संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग की अनुमति दी गई है, जिसमें अपेक्षित है कि कम्पनी उससे अर्जित राजस्व के एक भाग को सरकार के साथ सहभाजित करेगी। इस अधिकार को भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 17 अप्रैल 2014 निर्णय द्वारा दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों के संबंध में समर्थन दिया गया था।

2.6 हमारी शक्तियां

2.6.1 लेखापरीक्षा करने की शक्तियां

ऊपर उल्लिखित कर्त्तव्यों का निर्वाह करने के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के पास निम्नलिखित शक्तियाँ[2] हैं:

- अपनी लेखापरीक्षा के अधीन किसी भी कार्यालय या संगठन का निरीक्षण;
- किसी भी लेखापरीक्षित सत्त्व से किन्हीं अभिलेखों, कागजातों, दस्तावेजों को मांगना ;
- लेखापरीक्षा की सीमा और तरीके का निर्णय लेना;
- सभी लेन-देन की जांच और कार्यपालिका से प्रश्न करना; और
- जब परिस्थितियाँ ऐसी हों, तो किसी लेखे अथवा लेन-देन की किसी श्रेणी की विस्तृत लेखापरीक्षा के किसी भाग को छोड़ना और ऐसे लेखाओं अथवा लेन-देन के संबंध में ऐसी सीमित जाँच करना जैसा कि वेअवधारित करें।

2.6.2 प्रत्यायोजन की शक्तियां

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक डीपीसी अधिनियम,1971 अथवा किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने विभाग के किसी अधिकारी को अपनी शक्तियाँ प्रत्यायोजित कर सकते हैं, इस अपवाद को छोड़कर कि जब सीएजी छुट्टी अथवा अन्य किसी कारण से अनुपस्थित हो तो कोई अधिकारी उनकी ओर से राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकता।

2.6.3 विनियम बनाने की शक्तियां

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक डीपीसी अधिनियम 1971 के प्रावधानों को लागू करने, जहाँ तक कि वे लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र और सीमा से संबंधित हैं, जिनमें सरकारी विभागों के मार्गदर्शन, सरकारी लेखाकरण के सामान्य सिद्धान्तों और प्राप्तियों एवं व्यय की लेखापरीक्षा के संबंध में विस्तृत सिद्धान्तों को निर्धारित किया गया है, के लिए विनियम बना सकते हैं।

पर्यावरण में महत्वपूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए जिसमें सार्वजनिक लेखापरीक्षक कार्य करते हैं जैसे शासन प्रतिमान, सरकारी प्राथमिकताओं में परिवर्तन, सरकार की सेवा वितरण और डेटा वातावरण में आईटी उपकरणों की व्यापक तैनाती, संस्थागत व्यवस्थाओं का नया स्वरूप, सीएजी के अधिदेश की न्यायिक व्याख्या, सार्वजनिक लेखापरीक्षा प्रावधानों का दायरा और प्रयोज्यता आदि, उपर्युक्त शक्तियों के तहत 2007 में जारी किए गए 'लेखापरीक्षा और लेखा पर विनियमों' की समीक्षा की गई थी और उन्हें लेखापरीक्षा और लेखा (संशोधन) 2020 पर विनियमों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

2.7 साई इंडिया द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की शक्तियां किसी लेखापरीक्षा के आयोजन में अपनाए जाने वाले कार्यक्षेत्र सीमा, पद्धति तथा उपागम को मानते हुए विस्तारित हैं। इस संबंध में हम, हमारे अधिदेश और भारत के नियंत्रक एवं

[2]भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के डीपीसी अधिनियम 1971, की धारा 18, 21, 22, 23, और 24

महालेखापरीक्षक द्वारा जारी मानदंडों और दिशा-निर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षित सत्त्वों में वित्तीय लेखापरीक्षा, अनुपालन लेखापरीक्षा और निष्पादन लेखापरीक्षा या इन लेखापरीक्षा प्रकारों के किसी संयोजन की लेखापरीक्षा करते है।

2.7.1 वित्तीय लेखापरीक्षा

वित्तीय लेखापरीक्षा यह निर्धारित करने से संबंधित है कि क्या किसी सत्त्व के वित्तीय विवरण और जानकारी ठीक से तैयार की गई है, सभी मामलों में पूर्ण है और निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग और नियामक ढांचे के अनुसार पर्याप्त प्रकटीकरण के साथ प्रस्तुत की गई है; और लेखापरीक्षक को एक राय व्यक्त करने में सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त साक्ष्य प्राप्त करके पूरा किया गया है कि क्या वित्तीय विवरण और जानकारी इकाई की वित्तीय स्थिति के एक सच्चे और निष्पक्ष दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती है और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक गलत बयानी से मुक्त है।

2.7.2 अनुपालन लेखापरीक्षा

अनुपालन लेखापरीक्षा एक स्वतंत्र निर्धारण है कि क्या कोई दी गई विषय वस्तु (एक गतिविधि, वित्तीय या गैर-वित्तीय लेनदेन, इकाई या इकाइयों के एक समूह के संबंध में जानकारी) लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, स्थापित कोड आदि और सरल सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन और सार्वजनिक अधिकारियों के आचरण को नियंत्रित करने वाले सामान्य सिद्धांतों के साथ सभी भौतिक संबंधों का अनुपालन करता है।

2.7.3 निष्पादन लेखापरीक्षा

निष्पादन लेखापरीक्षा एक स्वतंत्र, उद्देश्य पूर्ण और विश्वसनीय परीक्षा है कि क्या सरकारी सत्त्व, संस्थाएं, संचालन, कार्यक्रम, निधियां, गतिविधियां (उनके इनपुट, प्रक्रियाओं, आउटपुट, परिणामों और प्रभावों के साथ) मितव्ययता, दक्षता और प्रभावशीलता के सिद्धांतों के अनुसार कार्य कर रहे हैं और क्या सुधार की गुंजाइश है।

अध्याय 3

साई इंडिया का संगठन

3.1 साई इंडिया का संगठन

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग के माध्यम से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हैं। साई इंडिया एक ज्ञान आधारित और मानव संसाधन संचालित संगठन है। इसमें लगभग 40,000 कर्मचारी सम्मिलित हैं। नई दिल्ली में स्थित सीएजी का कार्यालय साई इंडिया का मुख्यालय है। 2022-23 के दौरान, 136 क्षेत्रीय कार्यालयों (पूरे भारत में फैले 131कार्यालयों और विदेशों में स्थित पांच कार्यालयों) द्वारा सहायता प्रदान की गईथी। तीन राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान और 12 क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान/केंद्र क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करते हैं।

नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय साई इंडिया के लेखापरीक्षा, लेखा एवं हकदारी कार्यों से संबंधित सभी कार्यकलापों को निर्देशित,निरीक्षित और नियंत्रित करता है। यह साई इंडिया की दीर्घकालिक संकल्पना, उद्देश्य और लक्ष्य निर्धारित करता है। यह नीतियों, लेखापरीक्षण मानकों और प्रणालियों को निर्धारित करता है और सभी लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का अंतिम प्रसंस्करण और अनुमोदन करता है।

इन उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए लेखा एवं हकदारी, सिविल लेखापरीक्षा, वाणिज्यिक लेखापरीक्षा, रक्षा लेखापरीक्षा, रेलवे लेखापरीक्षा, राजस्व लेखापरीक्षा, राज्य सरकारी लेखापरीक्षा, व्यवसायिक प्रथाएं, नीतिगत प्रबंधन, कार्मिक प्रशासन, प्रशिक्षण, संचार, क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण, बृहत डेटा प्रबंधन इत्यादि के कार्य करने वाले पृथक डिविजन हैं। इन डिवीजनों के प्रमुख उप/अपर उपनियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक हैं जो भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को रिपोर्ट करते हैं। उनकी सहायता महानिदेशक, प्रधान निदेशक, निदेशक और उप निदेशक करते हैं जो सभी वरिष्ठ स्तर के प्रबन्धक हैं।

देश के विभिन्न भागों में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय सीएजी के लेखापरीक्षा और लेखा अधिदेश को पूरा करने के लिए उत्तरदायी हैं। लंदन, कुआलालंपुर और वाशिंगटन डीसी में लेखापरीक्षा कार्यालय भारत सरकार के विदेशी उद्देश्यों की लेखापरीक्षा करते हैं, जबकि रोम और जिनेवा में हमारे बाह्य लेखापरीक्षा कार्यालय क्रमशः संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन की लेखापरीक्षा करते हैं।

हमारे कार्यक्षेत्रों को हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों के अनुसार संरचित किया जाता है, अर्थात केंद्र सरकार की लेखापरीक्षा, राज्य सरकार की लेखापरीक्षा, लेखा एवं हकदारी और प्रशिक्षण और मानव संसाधन के अनुसार संरचित होते हैं।

संगठनात्मक व्यवस्था को निम्न चित्र में दर्शाया गया है:



@ एडीएआई (एसआर) के पास महानिदेशक (आईसीसा) का अतिरिक्त प्रभार है
# कुआलालंपुर, लंदन और वाशिंगटन डीसी में 3 विदेशी कार्यालय शामिल हैं
* रोम और जिनेवा में स्थित है
एक आरटीसी एक अलग कार्यालय नहीं है
~डीएआई: उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
≈एडीएआई : अतिरिक्त उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

कार्यालय का संगठनात्मक चार्ट https://cag.gov.in/en/organisation-chart पर उपलब्ध है। प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय के लिए वेब लिंक https://cag.gov.in/en/home/our-office/1 पर उपलब्ध है।

3.2 भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड

लेखापरीक्षा संबंधित मामलों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को सलाह देने के लिए एक लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड होता है। जो भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के संवैधानिक और सांविधिक अधिदेश के ढांचे के अन्तर्गत लेखापरीक्षा पर ध्यान केंद्रीत करने के लिए सुझाव देता है।

बोर्ड में मनोनीत बाहरी सदस्य शामिल होते है जो भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखाविभाग में उपनियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के साथ –साथ विविध क्षेत्रों में प्रख्यात व्यक्ति होते हैं। बोर्ड के सदस्य अवैतनिक क्षमता में कार्य करते हैं। लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है। प्रथम बार लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड का गठन 1999 में किया गया था। तब से 31 मार्च 2023 तक बोर्ड को नौ बार (2001, 2003, 2006, 2009, 2011,

2013, 2015, 2018 और 2021) पुनर्गठित किया गया है। द्विवर्ष 2021-23 के लिए अप्रैल 2021 में किया गया गठित दसवें लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य हैं:

लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड

श्री गिरीश चंद्र मुर्मू
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक - अध्यक्ष

सभी उप-नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक - पदेन सदस्य

बाहरी सदस्य



श्री अशोक गुलाटी
कृषि अर्थशास्त्री

डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी
अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक, नारायण स्वास्थ्य

श्री एच. के. दास
सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी

प्रो. मकरंद आर. परांजपे
शिक्षाविद्



श्री मनीष सभरवाल
मानव संसाधन सलाहकार

श्री मारूफ रज़ा
सेवानिवृत्त भारतीय सेना अधिकारी और राष्ट्रीय सुरक्षा विश्लेषक



श्री नितिन देसाई
विशिष्ट फेलो, टेरी

श्री पी. के. श्रीवास्तव
केंद्रीय सतर्कता आयुक्त



डॉ. रविंदर एच. ढोलकिया
अर्थशास्त्री



डॉ. राजीव लोचन बिश्नोई
क्रेडिट और वित्तीय विशेषज्ञ

श्री एस.एम. विजयानंद
सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी

3.3 राज्य लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड

इसी आधार पर लेखापरीक्षा कार्यालयों के संबंधित प्रधान महालेखाकारों/महालेखाकारों की अध्यक्षता में राज्यों में लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्डों का गठन किया गया है। राज्यों में अन्य महालेखाकार बोर्ड के पदेन सदस्य हैं। बाह्य सदस्यों में प्रख्यात शिक्षाविदों, पेशेवरों और सेवानिवृत्त सिविल सेवकों को नामित किया जाता है। राज्य लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्डों का उद्देश्य लेखापरीक्षा कार्यालयों के वरिष्ठ प्रबंधन और विभिन्न क्षेत्रों के जानकार और अनुभवी पेशेवरों के बीच पेशेवर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारी लेखापरीक्षा की प्रभावशीलता को बढ़ाना है। बोर्ड की बैठक वर्ष में दो बार होती है और इसे द्विवार्षिक रूप से पुनर्गठित किया जाता है।

अध्याय 4

प्रशिक्षण अवसंरचना

4.1 साई इंडिया की प्रशिक्षण अवसंरचना

भारत के सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान साई इंडिया की प्रशिक्षण अवसंरचना में तीन केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, 10 क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान[1] और दो क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं।

4.1.1 राष्ट्रीय लेखापरीक्षा तथा लेखा अकादमी, शिमला

राष्ट्रीय लेखापरीक्षा और लेखा अकादमी (एनएएए) साई इंडिया का उच्चतम प्रशिक्षण संस्थान है, जिसे संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भर्ती किए गए भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा सेवा (आईएएंडएएस) के अधिकारी प्रशिक्षुओं को आरंभिक प्रशिक्षण देने और आईएएंडएएस और अन्य अखिल भारतीय और केंद्रीय सिविल सेवाओं के अधिकारियों के लिए सेवा कालीन प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए अधिदेशित किया गया है।

एनएएए, शिमला

अकादमी के प्रमुख उद्देश्य लेखापरीक्षण, लेखाकरण, लोक प्रशास तथा सुशासन के क्षेत्र में समकालीन बेहतर पद्धतियों के साथ सुप्रवीण सक्षम अधिकारियों के सवंर्ग का विकास करना है। प्रत्येक वर्ष दिसंबर के मध्य के आस-पास अकादमी में 89 सप्ताह तक चलने वाला आवासीय आरंभिक प्रशिक्षण शुरू होता है जिसे प्रथम चरण, कार्यभार पर रहते हुए प्रशिक्षण (ओजेटी) तथा द्वितीय चरण प्रशिक्षण वाले कई स्वरूपों में आयोजित किया जाता है। प्रथम चरण, प्रशिक्षण को सरकारी एवं वाणिज्यिक लेखाकरण; अनुपालन, निष्पादन, वित्तीय और सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा सहित सार्वजनिक लेखापरीक्षा; सार्वजनिक वित्त और नीति; प्रशासन और सार्वजनिक व्यय; लागत और वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ प्रथम एवं द्वितीय छमाहियों में विभाजित किया गया है। साई इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्य करने का अनुभव प्रदान करने के लिए देश भर के चुनिंदा क्षेत्रीय कार्यालयों में 30 सप्ताह के लिए कार्यभार पर रहते हुए प्रशिक्षण द्वारा कक्षा प्रशिक्षण को पूर्ण किया जाता है।

यारोज़, एनएएए, शिमला

अधिकारी प्रशिक्षुओं को भारतीय प्रबंधन संस्थानों, राष्ट्रीय लोक वित्त और नीति संस्थान, भारतीय रिज़र्व बैंक, नीति आयोग, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान और लोकतंत्रों के लिए संसदीय अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान सहित कार्यक्षेत्र विशिष्ट ज्ञान के लिए उत्कृष्टता के अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी भेजा जाता है।

अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान, खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक संपर्क और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से अधिकारी प्रशिक्षुओं के पारस्परिक कौशल

[1] क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थानों/केंद्रों को जुलाई 2023 में क्षेत्रीय क्षमता निर्माण और ज्ञान संस्थानों/केंद्रों के रूप पुन: नामित किया गया है।

और व्यक्तित्व विकास के उत्थान पर भी ध्यान केंद्रित किया जाता है। अधिकारी प्रशिक्षुओं द्वारा संचालित विभिन्न समितियां हैं। इन समितियों द्वारा आयोजित प्रमुख गतिविधियों में 'अकादमी कॉलिंग' और 'येरोस ड्यू' पत्रिकाएं प्रकाशित करना, 'अभिव्यक्ति' के रूप में पहचाने जाने वाले संपूर्ण साई इंडिया की वार्षिक फोटोग्राफी सह एवं लघु वीडियो प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन, वार्षिक वाद-विवाद प्रतियोगिता 'बैटल ऑफ आइडियाज', वार्षिक जिज्ञासा प्रतियोगिता, प्रवासी मजदूरों के बच्चों के लिए क्रेच का संचालन, रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन, विभिन्न खेल आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना सम्मिलित है।

संस्थान आईएएंडएएस अधिकारियों और अन्य विभागों के अधिकारियों को मध्य-कैरियर और सेवारत प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। संस्थान अखिल भारतीय सेवाओं और केंद्रीय सेवाओं जैसे भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा, भारतीय रेलवे लेखा सेवा, भारतीय रेलवे यातायात सेवा, भारतीय डाक सेवा आदि के लिए विशेष कार्यक्रम को पूर्ण करता है।

4.1.2 अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रणाली तथा लेखापरीक्षा के लिए केंद्र (आईसीसा)

नोएडा में अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रणाली तथा लेखापरीक्षा केंद्र आईसीसा 2002 में स्थापित किया गया था और आईसीसा एक आईएसओ 9001:2008 तथा आईएसओ 27001 प्रमाणित संस्थान है जो कि प्रशिक्षण में गुणवत्ता प्रणाली सुनिश्चित करने तथा बेहतर वैश्विक प्रथाओं के साथ आईटी लेखापरीक्षा के संरेखण के लिए प्रयासरत है। आईसीसा आईटी लेखापरीक्षा पर ईंटोसाई कार्यप्रणाली समूह की एक नामित वैश्विक प्रशिक्षण सुविधा है।

आईसीसा, नोएडा

आईसीसा भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखाविभाग के अधिकारियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अधिदेशित है। इसके अतिरिक्त केंद्र विभिन्न सेवाओं तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वनसेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा, सैन्य अभियांत्रिकी सेवाएँ , भारतीय सिविल लेखा सेवाएँ तथा केंद्रीय स्वायत निकायों के साथ-साथ अन्य साई के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रशिक्षित करता है।

आईसीसा का अधिदेश सूचना प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में क्षमता निर्माण को बढाना है। आईसीसा सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा और नियंत्रण संघ (आईएसएसीए) भारतीय अध्याय, प्रमुख लेखापरीक्षा फर्मों, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी-इन), भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (डीएससीआई) और मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन (एसटीक्यूसी) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निदेशालय जैसे संस्थानों और एजेंसियों के साथ सहयोग करता है।

आईसीसा अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है जो चार सप्ताह की अवधि के होते हैं। विदेश मंत्रालय भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) योजना के अन्तर्गत इन कार्यक्रमों के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। इन कार्यक्रमों के व्यापक उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- भारत सरकार, जो इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का वित्तपोषण करना तथा अन्य सरकारों के बीच में द्विपक्षीय सहयोग बढाना;

- विभिन्न साई को एक साथ आने और लेखापरीक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उनके विचारों और अनुभवों को साझा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना; एवं
- साई के विभिन्न प्रतिभागियों को लेखापरीक्षा में समकालीन सर्वोत्तम प्रथाओं का विवरण प्राप्त करने और उभरती लेखापरीक्षा प्रयोजनों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करना।

सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थाओं (साई) से वरिष्ठ तथा मध्य स्तर के अधिकारियों तथा अफ्रीका, मध्य एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, सुदूर पूर्व, मध्य पूर्व, पैसिफिक तथा पूर्व यूरोपीय क्षेत्र जैसे देशों की सरकारों के अधिकारियों ने इन अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लिया है।

आईसीसा द्विपक्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत अन्य सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थाओं (साई) के क्षमता निर्माण में योगदान देता है। आईसीसा ने अफगानिस्तान, भूटान, चिली, इस्वातिनी, इराक, जमैका, मालदीव, नेपाल, ओमान, युगांडा और वियतनाम जैसे कई देशों से सहभागियों के लिए विशिष्ट रूप से निर्मित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रारूप बनाया तथा प्रदान किया है। द्विपक्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम साई और संबंधित देशों के बीच संबंधों को गहरा बनाने के लिए एक प्रभावी साधन हैं।

4.1.3 अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय लेखापरीक्षा एवं सतत विकास केंद्र (आईसीईडी)

जयपुर में आईसीईडी की स्थापना मई 2013 में हुई थी और यह पर्यावरणीय लेखापरीक्षा पर कार्यकारी समूह की एक निर्दिष्ट वैश्विक प्रशिक्षण सुविधा है और सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान (इंटोसाई) के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के निष्कर्षण उद्योगों पर (अगस्त 2016 से) कार्यकारी समूह है। जीटीएफ के रूप में, आईसीईडी इंटोसाई डब्ल्यूजीईए और ऐसोसाई डब्ल्यूजीईए दोनों मंचों में साथियों के बीच सीखने, अनुभव और ज्ञान-साझाकरण और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ाने में एक शानदार भूमिका निभाता है।

आईसीईडी, जयपुर

आईसीईडी विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी) के अन्तर्गत पर्यावरण लेखापरीक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक अग्रणी संस्थान भी है। अपने आंतरिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिए, आईसीईडी पर्यावरण के मुद्दों की लेखापरीक्षा पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है जो विशेष रूप से सतत विकास लक्ष्यों और राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित होते हैं।

आईसीईडी परिसर

इसके परिसर को देश की पहली जीआरआईएचए (एकीकृत पर्यावास निर्धारण हेतुहरित श्रेणी) पांच सितारा श्रेणी हरित भवन होने का अनूठा गौरव प्राप्त है।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति साई इंडिया की प्रतिबद्धता को पुख्ता करते हुए आईसीईडी को जीवंत पर्यावरण का हिस्सा बनने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आईसीईडी

का परिसर 16 एकड़ से ज़्यादा ज़मीन पर फैला हुआ है, जो ऐतिहासिक शहर जयपुर के ठीक बाहर, अरावली पहाड़ियों की सुरम्य पृष्ठभूमि के बीच है। इसमें लगभग 10,537 पौधों और पेड़ों की एक विस्तृत हरित पट्टी है, जिसमें झाड़ियाँ, हेजेज और जैव-विविध भूभाग के पौधे शामिल हैं। कुल क्षेत्रफल में से, परिसर का 85 प्रतिशत हिस्सा 'हरित क्षेत्र' है, जिसमें विविध वनस्पतियाँ और जीव-जंतु हैं।

4.1.4 क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान/केंद्र

साई इंडिया के पास वरिष्ठ लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारियों, साई इंडिया के समूह ख और ग संवर्गों के लिए लेखा, लेखापरीक्षा, प्रशासन, प्रबंधन और सूचना प्रौद्योगिकी में गहन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए देश भर में 10 क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (आरटीआई) और दो क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) स्थित हैं जो पर्यवेक्षी संवर्ग और लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षा स्टाफ कैडर का गठन करते हैं। ये संस्थान चेन्नई, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, प्रयागराज, रांची और शिलांग में स्थित हैं। दो आरटीसी बैंगलुरु और दिल्ली में स्थित हैं।

क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान/क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र इनको दिए गए विशेषज्ञता के विशिष्ट क्षेत्रों से संबंधित ज्ञान केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। ज्ञान केंद्रों के रूप में, क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान/क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र विशेषज्ञता के क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर संरचित प्रशिक्षण मॉड्यूल (एसटीएम), वैयक्तिक अध्ययन तथा अन्य प्रशिक्षण सामग्री तैयार करते हैं। वे इन्हें आवंटित विशेषज्ञता क्षेत्रों में अखिल भारतीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करते हैं।

आरटीआई चेन्नई

आरटीआई कोलकाता

आरटीआई रांची

आरटीआई हैदराबाद

अध्याय 5

हम अपने संसाधनों का प्रबंध कैसे करते हैं

5.1. वित्तीय प्रबंधन-व्यय के घटक

हमने 2022-23 में ₹ 5,871.02 करोड़ खर्च किए। कुल व्यय (89.25 प्रतिशत) का मुख्य भाग हमारे मानव संसाधनों – 'वेतन' पर 84.45 प्रतिशत और 'यात्रा' पर 4.80 प्रतिशत पर व्यय किया गया था। व्यय के घटकवार विवरण आंकड़े दिए गए हैं:

व्यय के घटक (आंकडे ₹ करोड़ में)



वित्त वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए कुल व्यय क्रमशः ₹ 5097.49 करोड़, ₹ 5,035.25 करोड़ और ₹ 5,352.06 करोड़ था। कोविड-19 महामारी के कारण वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान व्यय में कमी आई।

5.1.1 कार्यात्मक आधार पर व्यय प्रतिमान

व्यय में सबसे अधिक भाग सिविल लेखापरीक्षा कार्यालयों का है, जिसके बाद, लेखा एवं हकदारी कार्यालयों का व्यय आता है। समग्र रूप से हमने लेखापरीक्षा पर (मुख्यालय को छोड़कर) लगभग 67.72 *प्रतिशत* व्यय किया। लेखा एवं हकदारी कार्यालयों पर कुल व्यय लगभग 26.09 *प्रतिशत* था।

तालिका I.5.1

कार्यालय की श्रेणी	वास्तविक व्यय (₹ करोड़ में)	व्यय की प्रतिशतता
मुख्यालय	219.90	3.74
सिविल लेखापरीक्षा कार्यालय	2,986.73	50.87
वाणिज्यिक लेखापरीक्षा कार्यालय	270.91	4.61
वित्त और संचार लेखापरीक्षा कार्यालय	231.25	3.94
रेलवे लेखापरीक्षा कार्यालय	292.58	4.98
रक्षा लेखापरीक्षा कार्यालय	146.50	2.50
लेखा एवं हकदारी कार्यालय	1,531.57	26.09
संयुक्त राष्ट्र लेखापरीक्षा (विश्व स्वास्थ्य संगठन-जिनेवा और एफएओ-रोम में बाह्य लेखापरीक्षा निदेशकों का कार्यालय)	4.57	0.08
विदेशी लेखापरीक्षा कार्यालय	43.29	0.74
प्रशिक्षण[1]	83.14	1.42
केंद्रीय अधिप्राप्तियां[2]	46.61	0.79
विभागीय कैंटीन	13.97	0.24
कुल	**5,871.02**	**100**

5.2 मानव संसाधन प्रबंधन

हमारे ज्ञान आधारित संगठन होने के कारण जनता हमारी प्रमुख परिसम्पत्ति है। आईएसएसएआई 40 निर्धारित करता है कि साई की तैयार की गयी नीतियों और प्रक्रियाओं को यह आश्वासन प्रदान करने के लिए स्थापित करना चाहिए कि इसमें पर्याप्त संख्या में सक्षम और प्रेरित कर्मचारी हैं जो अपने कार्यों का प्रभावी ढ़ग से निर्वहन कर सकते हैं।

हमारे श्रमबल को व्यापक रूप में चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है :

श्रेणी	अधिकारियों/स्टाफ की संख्या (1 मार्च 2023 तक)
भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा	493
पर्यवेक्षी संवर्ग	17,852
लेखापरीक्षा और लेखा स्टाफ	19,203
बहुविधि कार्य स्टाफ	2,435
कुल	**39,983**

[1] उप-शीर्ष 'प्रशिक्षण' वित्तीय वर्ष 2022 – 23 से खोला गया। प्रशिक्षण उप-शीर्ष के अन्तर्गत व्यय किए गए ₹83.14 करोड़ के व्यय में आईसीसा, नोएडा के लिए ₹11.77 करोड़, एनएएए शिमला के लिए ₹18.61 करोड़, आईसीईडी जयपुर के लिए ₹11.74 करोड़ और आरटीआई के लिए ₹41.02 करोड़ सम्मिलित हैं।

[2] उप-शीर्ष 'केंद्रीकृत अधिप्राप्तियां' वित्तीय वर्ष 2022-23 से खोला गया।

साई इंडिया में 45.88 प्रतिशत लोग विभिन्न प्रबन्धकीय और पर्यवेक्षी स्तर पर हैं और 48.03 *प्रतिशत* लोग लेखापरीक्षा एवं लेखा स्टाफ में है। कुल क्षमता का केवल 6.09 *प्रतिशत* सहायता कार्य करते हैं।



भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा सेवा (आईएएंडएएस) अधिकारियों की भर्ती संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है। साई इंडिया के उच्चतम, वरिष्ठ और मध्य प्रबन्धन स्तर इस सेवा के अधिकारियों द्वारा संचालित होते हैं। इसके अलावा, वरिष्ठ लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारियों को भी पदोन्नति द्वारा इस सेवा में शामिल किया जाता है। कुल मिलाकर, वे भारत सरकार में समूह 'क' सेवा का गठन करते हैं।

पर्यवेक्षी संवर्ग – राजपत्रित पर्यवेक्षी संवर्ग में वरिष्ठ लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारी (समूह क- राजपत्रित), सहायक लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारी (समूह ख-राजपत्रित) और पर्यवेक्षक (समूह ख-अराजपत्रित) होते हैं। वे हमारे पदानुक्रम में महत्वपूर्ण परिचालनात्मक प्रबन्धन का हिस्सा हैं। सहायक लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारी सीधे कर्मचारी चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से आते हैं अथवा सामान्यतया अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवा परीक्षा के रूप में जानी जाने वाली अखिल भारतीय विभागीय परीक्षा उतीर्ण करने के बाद संवर्ग में उनकी पदोन्नति की जाती है।

लेखापरीक्षा एवं लेखा कर्मचारी – यह संवर्ग डेटा एंट्री आपरेटर (डीईओ), लिपिकों, लेखापरीक्षकों/लेखाकारों, वरिष्ठ लेखापरीक्षकों/वरिष्ठ लेखाकारों और सहायक पर्यवेक्षकों से बनता है और हमारे कुल श्रमबल का 48.03 *प्रतिशत* है। इनकी भर्ती कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की जाती है या फीडर संवर्ग से पदोन्नति होती है।

बहुविधी कार्य स्टाफ – विभिन्न भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा विभाग कार्यालयों में सभी सहायता कार्य बहुविधी कार्य स्टाफ द्वारा किए जाते है।

5.2.1 योग्यताएं

आईएएंडएएस संवर्ग में 15 डॉक्ट्रेट, 222 स्नातकोत्तर और 347 स्नातक हैं। उनमें से 380 व्यावसायिक रूप से योग्यता[3] प्राप्त अधिकारी हैं। वर्ग 'क', 'ख' और 'ग' के गैर आईएएंडएएस संवर्गों में अधिकारी और कर्मचारी भी काफी योग्य हैं। हमारे पास इन संवर्गों में 45 डॉक्ट्रेट, 4,105 व्यावसायिक रूप से योग्यता प्राप्त कार्मिक, 4,518 स्नातकोत्तर और 20,150 स्नातक हैं।

5.2.2 भर्ती

क्षेत्रीय कार्यालयों में इष्टतम कर्मचारियों को कार्य पर लगाने मे 2022-23 के दौरान विभाग का ध्यान केंद्रित करना जारी रहा है। सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों, मंडल लेखाकारों, कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों, लेखापरीक्षकों, लेखाकारों, आशुलिपिकों के पदों पर सीधी भर्ती करने के लिए कर्मचारी चयन आयोग से की गई मांग को 2022-23 के दौरान कार्यन्वित किया गया।

- हमने 2022-23 में 2,098 व्यक्तियों की भर्ती की नामत: 750 सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, 500 लेखापरीक्षक, 798 मंडल लेखाकार, 50 आशुलिपिक ग्रेड-II
- विशिष्ट आवश्यकता आधार पर 2022-23 में 398 सलाहकार नियुक्त किए गए थे।

5.2.3 लिंग संतुलन

नीचे दी गई तालिका विभिन्न संवर्ग में विभाग के लिंगानुपात को दर्शाती है।

श्रेणी	महिलाएं	पुरूष	महिलाओं की प्रतिशतता
आईएएंडएएस	141	352	28.60
पर्यवेक्षी संवर्ग एवं लेखापरीक्षा/लेखा कर्मचारी	5,865	31,190	15.83
बहुविधि कार्य	398	2,037	16.34
कुल	**6,404**	**33,579**	**16.02**

जबकि पर्यवेक्षी संवर्ग और बहुकर्तव्य कर्मचारी के मामले में महिलाओं का अनुपात क्रमशः 15.83 और 16.34 प्रतिशत था, यह आईएएंडएएस में 28.60 प्रतिशत अधिक था।

5.2.4 कर्मचारी संघ

हमारे पास लेखापरीक्षा तथा लेखा कर्मचारी और पर्यवेक्षी सवंर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले 222 कर्मचारी संघ और पांच अखिल भारतीय संघ हैं। संबंधित क्षेत्र स्तरीय सेवा संघ के साथ प्रधान महालेखाकार/महालेखाकार द्वारा आवधिक रूप से राज्य स्तरीय बैठकें आयोजित की गई थी।

[3] अभियंता, प्रबंधक, डाक्टर, सीए, आईसीडब्ल्यूए, सीएफई, सीआईएसए आदि।

खंड 2

हमारे अधिदेश को पूरा करना

- **अध्याय 1**
  हमारे लेखापरीक्षा अधिदेश को पूरा करना
- **अध्याय 2**
  हमारे लेखा अधिदेश को पूरा करना

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा सीएजी कार्यालय परिसर में

अध्याय 1

हमारे लेखापरीक्षा अधिदेश को पूरा करना

1.1 हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया

सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान और पृथक लेखापरीक्षा कार्यालय स्तर पर लेखापरीक्षा प्रक्रिया कई चरणों का पालन करती है, जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है:



नीतिगत योजना एक लंबी समय सीमा के लिए सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर साई इंडिया में योजना बनाने के लिए व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है। वर्ष 2023-30 हेतु साई इंडिया की नीतिगत योजना तैयार कर ली गई है और जिसे अपनाने के लिए अंतिम प्रक्रिया चल रही है।

प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा विकसित वार्षिक लेखापरीक्षा योजनाओं में वार्षिक लेखापरीक्षा चक्र के दौरान निष्पादन हेतु अलग-अलग योजनाबद्ध लेखापरीक्षाओं का विवरण होता है। वार्षिक योजना कार्य में मामले या इकाई और उपलब्ध मानव संसाधन के महत्व सहित लेखापरीक्षा अधिदेश; जोखिम निर्धारण; और अन्य प्रासंगिक मापदण्डों द्वारा यथा अवधारित लेखापरीक्षा की आवधिकता को भी ध्यान में रखा जाता है। निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए विषयों का चयन विभिन्न विचारों जैसे जोखिम निर्धारण, सार तथा महत्व, विषय की दृश्यता, पिछली लेखापरीक्षाएं, अनुमानित प्रभाव, योजना विकास का कवरेज और चरण, आदि द्वारा निर्देशित किया जाता है।

हम तैनात किए जाने वाले लेखापरीक्षा दलों, आवंटित समय और लेखापरीक्षा की वास्तविक तिथियों का वर्णन करते हुए विस्तृत लेखापरीक्षा कार्यक्रम भी बनाते हैं। लेखापरीक्षा दल अपने लेखापरीक्षा निष्कर्षों के समर्थन में विश्वसनीय, सक्षम और पर्याप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के संग्रहण के लिए तकनीकों का उपयोग करके निर्धारित लेखापरीक्षा प्रतिमानों के आधार पर लेखापरीक्षा करते हैं। उनका मार्गदर्शन साई इण्डिया के लेखापरीक्षण मानकों तथा समय-समय पर जारी किये गये अन्य अनुदेशों द्वारा किया जाता है।

लेखापरीक्षा के समापन पर लेखापरीक्षित सत्त्व को एक निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किया जाता है। उच्च मूल्य वाले लेखापरीक्षा निष्कर्ष या वह जिनका महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है, उन्हें संघ तथा राज्य स्तर पर संसद/विधानमंडल में प्रस्तुत करने के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल करने के लिए आगे संसाधित किया जाता हैं।

लेखापरीक्षित सत्त्वों से लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में बतायी गई त्रुटियों और की गई सिफारिशों के आधार पर कार्यवाही करने की अपेक्षा की जाती है और उनसे यह अपेक्षित है कि वे लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल की गयी लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर की गई कार्यवाही टिप्पणियाँ भेजें। संघ और राज्य स्तरों पर नियंत्रक एवं भारत के महालेखापरीक्षक द्वारा

जारी लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर संबंधित लोक लेखा समितियों (पीएसी) और लोक उपक्रम समितियों (सीओपीयू) द्वारा चर्चा की जाती है। लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों तथा सिफारिशों पर की गई कार्रवाई की भी जाँच की जाती है और उन्हें बाद की लेखापरीक्षाओं के दौरान सूचित किया जाता है।

लेखापरीक्षित सत्त्वों द्वारा गठित लेखापरीक्षा समितियां लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिये एक तंत्र है। लेखापरीक्षित सत्त्व और साई इंडिया के अधिकारियों से बनी लेखापरीक्षा समितियां, अनुवर्ती प्रक्रिया का अनुवीक्षण करती हैं, ताकि अनुबोध अंतराल को कम किया जा सके और बकाया लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर चर्चा करने एवं उनका निपटान करने के अतिरिक्त संप्रेषण के स्तर को बढ़ाया जा सके।

1.2 वार्षिक लेखापरीक्षा योजना 2022-23 की मुख्य बातें

वार्षिक लेखापरीक्षा योजना 2022-23 ने अनिवार्य वित्तीय प्रमाणन लेखापरीक्षा से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दी थी। अनुपालन तथा निष्पादन लेखापरीक्षाओं की हमारी कवरेज लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की गुणवत्ता और समयबद्धता पर बल देने के साथ, जोखिम निर्धारण और हमारे शेष संसाधनों के इष्टतम उपयोग द्वारा मार्गदर्शित थी।

हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ कई बार बातचीत करने के बाद, 2022-23 वर्ष के दौरान 'सौर पार्क और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाएं', 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के कौशल घटक का विकास' और 'प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' पर अखिल भारतीय निष्पादन लेखापरीक्षाएं शुरू की गईं। इसके अतिरिक्त, हमने राज्यों में शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन' और 'भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर' पर क्रॉस कटिंग लेखापरीक्षा की। हमने कई राज्यों में मुख्य और गौण खनिज' पर भी लेखापरीक्षा की।

1.3 लेखापरीक्षा में मुख्य परिणाम एवं उपलब्धियाँ

साई इंडिया के मुख्य कार्यात्मक क्षेत्रों में केंद्र तथा राज्य सरकारों के मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू), और उनके अधीन स्वायत्त निकायों तथा स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा करना शामिल है। साई इंडिया इन कार्यात्मक क्षेत्रों में वित्तीय, अनुपालन और निष्पादन लेखापरीक्षा का आयोजन करता है।

इन लेखापरीक्षाओं के मुख्य परिणाम निरीक्षण रिपोर्टें तथा पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के साथ लेखापरीक्षा प्रमाण-पत्र हैं, जो लेखापरीक्षित सत्त्व के प्रबंधन को जारी किए जाते हैं। इन लेखापरीक्षा परिणामों में सूचित की गई महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल किया जाता है, जिन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के प्रावधानों के अंतर्गत संसद/राज्य विधानमंडलों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। इन लेखापरीक्षा परिणामों की गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करना साई इंडिया का मुख्य परिणामी क्षेत्र है। आगामी अनुच्छेदों में, हमने 2022-23 के दौरान अपने द्वारा की गई लेखापरीक्षाओं तथा हमारे लेखापरीक्षा परिणामों के मुख्य बिंदुओं की सूचना दी है।

1.3.1 वित्तीय सत्यापन लेखापरीक्षा

संघ तथा राज्य सरकारों, स्वायत्त निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के वार्षिक लेखाओं की वित्तीय सत्यापन लेखापरीक्षा के अतिरिक्त, साई इंडिया आर्थिक सहायता समझौतों के भाग के रूप में बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं पर किए गए व्यय को भी प्रमाणित करता है।

2022-23 के दौरान, हमने संघ और राज्य सरकारों, पीएसयू, स्वायत्त निकायों, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं और अन्य सत्त्वों के 8,915 लेखाओं की जांच की और प्रत्येक लेखे के लिए एक लेखापरीक्षा प्रमाण-पत्र टिप्पणियां जारी की।

लेखा संबंधित है	जांच किए गए लेखा की संख्या	समय पर लेखापरीक्षा प्रमाणीकरण
संघ/राज्य सरकार	195	151
पीएसयू (केंद्र/राज्य)	1,837	1,062
स्वायत्त निकाय (केंद्र/राज्य)	1,156	608
बाहय सहायता प्राप्त परियोजनाएं (केंद्र/राज्य)	192	139
अन्य (केंद्र/राज्य)	5,535	632
कुल	**8,915**	**2,592**

लेखाओं के प्रमाणीकरण में विलंब मुख्यत लेखापरीक्षित निकायों से लेखे प्राप्त होने में विलंब, प्रबंधन/सांविधिक लेखापरीक्षक से उत्तर/प्रत्युत्तर की प्राप्ति में विलंब, संशोधित लेखे प्राप्त होने में विलंब, जो एक वर्ष से अधिक समय तक लेखाओं की प्राप्ति आदि के कारण हुआ।

1.3.2 अनुपालन लेखापरीक्षा

1.3.2.1 लेखापरीक्षा कवरेज

2022-23 के दौरान, लेखापरीक्षा के लिए कुल 40,651 इकाईयों की योजना बनाई गई। इसकी तुलना में, वर्ष के दौरान 38,778 इकाईयों की लेखापरीक्षा की गई थी। नीचे दिया गया ग्राफ दर्शाता है कि संघ स्तर पर नियोजित लेखापरीक्षाओं का 95.69 *प्रतिशत* एवं राज्य स्तर पर नियोजित लेखापरीक्षाओं का 95.25 *प्रतिशत* कार्य पूरा किया जा चुका था।

लेखापरीक्षा कवरेज



	Union	States
नियोजित इकाईयां	13,408	27,243
लेखापरीक्षित इकाईयां	12,830	25,948

[1] अन्य में ग्राम पंचायत और केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं सहित वाणिज्यिक प्रकृति के विभागीय उपक्रमों के प्रोफॉर्मा लेखा शामिल हैं।

1.3.2.2 निरीक्षण रिपोर्टें

निरीक्षण प्रतिवेदन (आईआर) लेखापरीक्षित सत्त्व को प्रत्येक लेखापरीक्षा पूरी होने पर जारी की जाती है। वर्ष के दौरान लेखापरीक्षित 38,778 इकाईयों में से 22,088 इकाईयों (56.96 *प्रतिशत*) के मामलों में 2022-23 में निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किए गए। इसके अतिरिक्त, 2022-23 से पहले लेखापरीक्षित इकाईयों के लिए भी 4,719 निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किए गए थे।

संघ स्तर पर, 81.50 *प्रतिशत* निरीक्षण प्रतिवेदन समय पर अर्थात 30 दिनों के अन्दर जारी किए गए जबकि राज्य स्तर पर 66.91 *प्रतिशत* का निष्पादन समय पर हुआ था।

निरीक्षण प्रतिवेदन	वर्ष के दौरान वास्तव में लेखापरीक्षित इकाईयों के लिए जारी की गई निरीक्षण प्रतिवेदन	2022-23 से पहले लेखापरीक्षित इकाईयों को जारी की गई निरीक्षण प्रतिवेदन	वर्ष के दौरान जारी की गई कुल निरीक्षण प्रतिवेदन	30 दिनों के अंदर जारी की गई निरीक्षण प्रतिवेदन	30 दिनों में जारी की गई निरीक्षण रिपोर्टों की प्रतिशतता
संघ	8,043	2,050	10,093	8,226	81.50
राज्य	14,045	2,669	16,714	11,184	66.91
कुल	**22,088**	**4,719**	**26,807**	**19,410**	**72.41**

1.3.2.3 अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सूचित की गई लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ

अनुपालन लेखापरीक्षा के दौरान की गई महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल किया गया है। 2022-23 के दौरान अनुमोदित लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में कुल 1,543 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ (820 संघ के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में और 723 राज्य लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में) सम्मिलित की गई थी। एकल अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के लिए महत्वपूर्ण विषय 'एकीकृत वस्त्र पार्क योजना', 'दक्षिणी भारत में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पथकर संचालन' और 'खादी और ग्रामोद्योग आयोग में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सहित विभागीय व्यापार इकाईयां' सम्मिलित थी।

संघ स्तर पर, लेखापरीक्षित सत्त्वों द्वारा 820 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से 233 को स्वीकार किया गया और 66 को आंशिक रूप से स्वीकार किया गया। राज्य स्तर पर लेखापरीक्षित सत्त्वों द्वारा 723 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से 291 को स्वीकार किया गया और 168 को आंशिक रूप से स्वीकार किया गया।

1.3.3 निष्पादन लेखापरीक्षा

जैसा कि पैराग्राफ 1.2 में उल्लेख किया गया है, लेखापरीक्षा के लिए महत्वपूर्ण विषय 'सौर पार्क और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाएं', 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के कौशल घटक का विकास', 'प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)', 'शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन', 'भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर' और 'मुख्य और गौण खनिज' लिये गये थे।

इसके अलावा, 'भारत में चाय के विकास में चाय बोर्ड इंडिया की भूमिका', 'हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का परिचालन प्रदर्शन', 'महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा नागपुर मेट्रो रेल परियोजना का कार्यान्वयन', 'आयुध कारखानों में छोटे हथियारों का उत्पादन', 'सीजीएचएस में दवाओं की अधिप्राप्ति और आपूर्ति', बिहार में 'सतही सिंचाई परियोजनाओं के परिणाम', 'पश्चिम बंगाल में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों का उन्नयन', 'हिमाचल प्रदेश में पेयजल

सेवाएं', 'केरल विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली', 'सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (राजस्थान में) का कार्यान्वयन', 'महाराष्ट्र सरकार द्वारा सार्वजनिक सेवाओं का वितरण' और 'लोक निर्माण विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में बड़े पुलों का निर्माण निष्पादन', लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के लिए कुछ महत्वपूर्ण विषय थे।

1.3.4 लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

संविधान का अनुच्छेद 151 यह परिकल्पित करता है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक संसद या राज्य विधान मंडल में प्रस्तुत करने के लिए प्रतिवेदनों को तैयार करेंगे और राष्ट्रपति या राज्यपाल, जैसा भी मामला हो, को प्रस्तुत करेंगे।

2019-22 के बीच, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने संसद/राज्य विधानमंडलों में प्रस्तुत करने हेतु औसतन वार्षिक रूप से 135 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों को अनुमोदित किया। 2022-23 के दौरान, 172 लेखापरीक्षा प्रतिवेदन अनुमोदित किए गए थे, जिनमें से 35 संसद में प्रस्तुत किए जाने थे और 137 प्रतिशत राज्य विधानमंडलों में प्रस्तुत किए जाने थे। 2022-23 के दौरान 172 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में से, 29 संघ लेखापरीक्षा प्रतिवेदन और 77 राज्य लेखापरीक्षा प्रतिवेदन क्रमशः संसद और राज्य विधानमंडलों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा, 2022-23 के दौरान, अप्रैल 2022 से पहले अनुमोदित किए गए 17 संघ लेखापरीक्षा प्रतिवेदन और 60 राज्य लेखापरीक्षा प्रतिवेदन भी क्रमशः संसद/राज्य विधानमंडलों के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों को संसद/राज्य विधानमंडलों में प्रस्तुत किए जाने के बाद, *https://cag.gov.in/audit-reports* पर लोक क्षेत्र में रखा जाता है।

1.3.5 लेखापरीक्षा का प्रभाव

1.3.5.1 लेखापरीक्षा द्वारा की गई सिफारिशों की स्वीकृति

वर्ष 2019-22 के दौरान अनुमोदित लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में की गई, औसतन वार्षिक रूप से 1,869 सिफारिशों में से 616 सिफारिशें को लेखापरीक्षा सत्त्वों द्वारा स्वीकार किया गया था।

वर्ष 2022-23 के दौरान अनुमोदित 172 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में की गई सिफारिशों की स्थिति इस प्रकार थी:

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन	वर्ष के दौरान अनुमोदित लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की संख्या	की गई सिफारिशें	स्वीकार की गई सिफारिशें
केंद्र सरकार	35	509	91
राज्य और संघ शासित प्रदेशों की सरकारें	137	2,312	1,109
कुल	**172**	**2,821**	**1,200**

इस प्रकार, 2022-23 के दौरान अनुमोदित किए गए 172 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में 2,821 सिफारिशें की गईं, जिनमें से 1,200 सिफारिशों को लेखापरीक्षित सत्त्वों द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

1.3.5.2 लेखापरीक्षा में बताए जाने पर वसूली

हमारी कुछ लेखापरीक्षा अभ्युक्तियां करों के कम निर्धारण या राजकोष को विशिष्ट हानि से संबंधित हैं, जिससे संबंधित पक्षों से वसूली की आवश्यकता होती है। वर्ष 2022-23 के दौरान, लेखापरीक्षा में बताए जाने पर की गई वसूली नीचे दर्शाई गई है:

(₹ करोड़ में)

	स्वीकृत की गई वसूली	प्रभावित वसूली
केंद्र सरकार	25,275.65	1,391.89
राज्य सरकार	22,584.00	3,645.46
कुल	**47,859.65**	**5,037.35**

1.3.5.3 पीएसयू के वार्षिक लेखाओं की लेखापरीक्षा का प्रभाव

(i) वित्तीय प्रभाव

सरकारी कंपनियों तथा निगमों के वार्षिक लेखाओं के मामले में हम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6) के अन्तर्गत अनुपूरक लेखापरीक्षा करते हैं। 2022-23 के दौरान 1,453 कंपनियों और निगमों (संघ और राज्य दोनों) के लेखाओं की अनुपूरक लेखापरीक्षा की गई थी और लेखाओं पर इन लेखापरीक्षाओं का प्रभाव था: (क) लेखाओं की टिप्पणियों में संशोधन: ₹1,66,399.70 करोड़ (ख) वर्गीकरण अशुद्धियाँ: ₹3,79,169.86 करोड़ (ग) लाभ तथा हानि में परिवर्तन: ₹38,340.44 करोड़ और (घ) परिसम्पत्तियों तथा देयताओं में परिवर्तन: ₹1,13,565.50 करोड़।

(ii) सांविधिक लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में पुनरीक्षण

वर्ष 2021-22 के लिए प्रमाणन लेखापरीक्षा के दौरान जारी लेखापरीक्षा जांच के आधार पर, **भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), बीईएमएल लैंड एसेट्स लिमिटेड (बीएलएएल), मिश्र धातु निगम लिमिटेड (एमआईडीएचएएनआई), उत्कर्ष एल्युमीनियम धातु निगम लिमिटेड (यूएडीएनएल) और विज्ञान इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वीआईएल)** के मामले में सांविधिक लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन को संशोधित किया गया था।

(iii) लेखाकरण नीतियों/ लेखाओं के लिए टिप्पणियों में परिवर्तन (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम)

अनुपूरक लेखापरीक्षा के दौरान जारी किए गए प्रबंधन पत्रों और लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का निम्नलिखित प्रभाव पड़ा:

- फरवरी 2022 में जारी प्रबंधन पत्र के आधार पर, आकस्मिक परिसंपत्तियों के प्रावधानों के संबंध में लेखाकरण नीति को **इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड** द्वारा इंड़एएस 37 के अनुरूप संशोधित किया गया।

- जारी किए गए प्रबंधन पत्र के आधार पर, **स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल)** ने 2021-22 के अपने लेखाओं की लेखाकरण नीति में निम्नलिखित बदलाव किए।
  - o एसएचसीआईएल ने अपनी महत्वपूर्ण लेखा नीतियों में शामिल किया कि मूल्यह्रास की गणना स्थापना के महीने/ उपयोग किये जानी है।
  - o एसएचसीआईएल ने एक महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति को शामिल किया कि वर्ष के दौरान खरीदी गई प्रत्येक संपत्ति की व्यक्तिगत रूप से ₹5,000 या उससे कम की लागत पूरी तरह से बट्टे खाते में डाली जाएगी।
- जारी किए गए प्रबंधन पत्र के आधार पर **मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड** ने 2021-22 के अपने लेखाओं में ₹ एक करोड़ तक की राशि वाले पट्टा करारों के लिए पट्टा देयता के संबंध में आवश्यक प्रकटीकरण किए।
- जारी किए गए प्रबंधन पत्र के आधार पर **न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** ने 2021-22 के अपने लेखाओं में लेखाकरण नीति में संशोधन किया और कहा कि "एआईएफ/उद्यम पूंजी निधि के संबंध में राजस्व को नकद आधार पर मान्यता दी जाती है"।
- लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर **यूबीआई सर्विसेज लिमिटेड** ने वित्त वर्ष 2021-22 के अपने संशोधित वित्तीय विवरणों में अपनी महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों का प्रकटीकरण किया।
- लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर **एनएमडीसी लिमिटेड** ने वर्ष 2021-22 के लिए अपने लेखाओं में एक लेखाकरण नीति शामिल की अर्थात अतिरिक्त पुर्जे, अतिरिक्त उपकरण और पीपीई की परिभाषा को पूरा करने वाले सेवा उपकरण और प्रत्येक मामले में ₹ 20 लाख से अधिक मूल्य वाले उपयोग के लिए उपलब्ध होने पर पूंजीकृत होते हैं।
- लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर वर्ष 2021-22 में **नबसमृद्धि फाइनेंस लिमिटेड** ने (i) पूर्व भुगतान शुल्क के माध्यम से मान्यता प्राप्त आय और (ii) गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों की वसूली के विनियोग के आदेश के संबंध में विशिष्ट लेखाकरण नीतियां शामिल की।
- लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान **बीएमआरसीएल** (i) पुर्जों के घटकीकरण सहित मूल्यह्रास/परिशोधन पर अपनी लेखाकरण नीति को संशोधित किया और (ii) अपनी महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति के अंतर्गत पट्टों पर एक नीति को शामिल किया।
- वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान लेखापरीक्षा पूछताछ के आधार पर **भारत डायनेमिक्स लिमिटेड** ने आश्वासन दिया कि ग्राहक द्वारा प्रदान की गई परिसंपत्तियों पर आस्थगित राजस्व का प्रकटीकरण राजस्व के पृथक श्रेणी मद के रूप में और तुलन पत्रक के प्रासंगिक टिप्पण के अंतर्गत पाद टिप्पणी के माध्यम से ग्राहक वित्त पोषित परिसंपत्तियों का प्रकटीकरण वित्त वर्ष 2022-23 से लेखाओं में किया जाएगा।
- **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड** ने एक वर्ष से अधिक समय से उप-संविदाकारों के पास रखी सामग्री पर जीएसटी के प्रावधान के सृजन के लिए एसओपी जारी की।
- **केएमआरसीएल** ने 2020-21 में अपनी अवाणिज्यिक गतिविधि को देखते हुए लाभ और हानि लेखा तैयार करने से दूर करने की नीति अपनाई थी। लेखापरीक्षा टिप्पणी के आधार पर प्रबंधन ने वित्त वर्ष 2021-22 से लाभ और हानि विवरण तैयार करने के लिए पूर्व प्रथा को बहाल किया।

(iv) लेखाकरण नीतियों/लेखाओं के लिए टिप्पणियों (राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) में परिवर्तन

(क) हरियाणा

लेखापरीक्षा टिप्पणी के आधार पर **दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (डीएचबीवीएनएल)** ने 2021-22 की अवधि के लिए अपने वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न लेखाओं के लिए टिप्पणियों में बीमांकिक मूल्यांकन पर एक विस्तृत प्रकटीकरण प्रदान किया है।

(ख) केरल

जारी किए गए प्रबंधन पत्र के आधार पर **स्टेट फार्मिंग कॉरपोरेशन ऑफ केरल लिमिटेड** ने 2022-23 में पुनर्रोपण और अन्य संपदा गतिविधियों से संबंधित अप्रत्यक्ष व्ययों को विभाजित करने के मामले में अपनी लेखाकरण नीति में बदलाव किया।

वर्तमान में संबंधित सम्पदाओं के अप्रत्यक्ष व्यय जो पुनर्रोपण और अन्य संपदा गतिविधियों से संबंधित हैं को केवल उस संपत्ति के कुल क्षेत्र के लिए किसी विशेष संपत्ति के पुनर्रोपण के क्षेत्र के अनुपात में विभाजित किया जाता है। हालांकि पहले इन अप्रत्यक्ष व्ययों को कंपनी के कुल क्षेत्र में एक विशेष संपत्ति के पुनर्रोपण के क्षेत्र के अनुपात में विभाजित किया गया था।

1.3.5.4 लेखापरीक्षा के बताने पर नीतियों, कानूनों और नियमों और प्रक्रियाओं में परिवर्तन

हमारी अभ्युक्तियों के आधार पर संघ/ राज्य सरकारों के मंत्रालयों/ विभागों द्वारा बनाई गई नीतियों, कानूनों, नियमों और प्रक्रियाओं में कुछ परिवर्तन इस प्रकार हैं:

संघ लेखापरीक्षा

(i) वाणिज्यिक लेखापरीक्षा – लेखापरीक्षा ने बताया (**इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, मानेसर (2017-19) पर निरीक्षण प्रतिवेदन और राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण और आरएंडडी अवसंरचना परियोजना (2020-21) पर निरीक्षण प्रतिवेदन**) कि आईसीएटी, एनएटीआरआईपी की एक इकाई ने ग्रेड वेतन प्रणाली को समाप्त कर दिया और वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बिना अतिरिक्त निष्पादन से जुड़े परिवर्तनीय वेतन (पीएलवीपी) के साथ छठे वेतन आयोग के केंद्रीय महंगाई भत्ता प्रतिरूप का पालन करते हुए एक नया रनिंग मूल वेतनमान अपनाया। लेखापरीक्षा के बताए जाने पर एनएटीआरआईपी ने मार्च 2022 में आईसीएटी में पीएलवीपी को निलंबित करने के आदेश जारी किए और अप्रैल 2022 से 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार कर्मचारियों का वेतन तय करने का निर्देश दिया।

(ii) रक्षा लेखापरीक्षा

लेखापरीक्षा ने बताया **(2021 की प्रतिवेदन संख्या 15: 'डीआरडीओ में निर्माण और संपदा प्रबंधन' पर निष्पादन लेखापरीक्षा)** कि डीआरडीओ में दो स्कंध अर्थात मुख्य निर्माण अभियंता (सीसीई) (आरएंडडी) और मुख्य अभियंता (सीई) (आरएंडडी) विभिन्न नियमों और विनियमों/दरों की अनुसूची का पालन करते हुए कार्यों का निष्पादन कर रहे थे।

लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर ये स्कंध अब दरों की समान अनुसूची का अनुसरण कर रहे हैं। लेखापरीक्षा की सिफारिशों को शामिल करते हुए डीआरडीओ की अनुसंधान एवं विकास निर्माण स्थापना कार्य प्रक्रिया को भी अद्यतन किया जा रहा है।

(iii) रेलवे लेखापरीक्षा

(क) लाइसेंस शुल्क के विलंब से भुगतान के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों से दंडात्मक ब्याज की वसूली न होने पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों **(2019 की प्रतिवेदन संख्या 19)** के आधार पर रेलवे बोर्ड ने अप्रैल 2022 में सभी जोनल रेलवे को निर्देश जारी किए कि वे भविष्य के सभी करारों में लाइसेंस शुल्क के विलंब से भुगतान के लिए दंड की धारा के साथ ही मौजूदा करारों के लिए उनके नवीनीकरण के समय रेलवे स्टेशनों पर एटीएम की स्थापना को भी शामिल करें।

(ख) लेखापरीक्षा ने बताया **(2022 की प्रतिवेदन संख्या 25)** कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पूर्व-आवश्यक सिविल कार्यों की प्रगति सुनिश्चित किए बिना रेलवे विद्युतीकरण कार्य प्रदान किए थे। इसके परिणामस्वरूप सामग्रियों की खरीद पर ₹ 9.0 करोड़ के व्यय के बाद दो विद्युतीकरण कार्यों को कम समय में बंद कर दिया गया।

रेलवे बोर्ड ने उत्तर (फरवरी 2023) में आश्वासन दिया कि एक जांच सूची तैयार की जाएगी और भविष्य की निविदाएं जारी करने से पहले इसे सुनिश्चित किया जाएगा।

(ग) लेखापरीक्षा ने सूचित किया **(2019 की प्रतिवेदन संख्या 19)** कि रतलाम डिवीजन के लिमखेड़ा में कर्षण उप स्टेशन (टीएसएस) के लिए दिए गए दो कार्यों में से एक के पूरा होने में विलंब के परिणामस्वरूप अतिरिक्त व्यय बचाया जा सकता था।

संविदात्मक कार्यों की प्रगति को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का ध्यान रखने के लिए रेलवे बोर्ड ने ईपीसी (अभियांत्रिक अधिप्राप्ति और संविदा) निविदाओं या समग्र कार्य निविदाओं के अंतर्गत टीएसएस का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इस प्रणाली के अंतर्गत सभी इलेक्ट्रिकल और सिविल कार्यों को एक कार्य संविदा के अंतर्गत दिया जाता है जिससे विलंब से बचा जाता है और एक एकल संविदा प्रबंधन होती है।

राज्य लेखापरीक्षा

(i) ओडिशा

वर्ष 2019-20 के लिए लोकायुक्त, ओडिशा की पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में लेखापरीक्षा ने लोकायुक्त अधिनियम 2014 की धारा 42 के अनुसार अनुदान के माध्यम से लोकायुक्त को निधि प्रदान करने और लेखाओं के प्रारूप को संशोधित करने या लोकायुक्त अधिनियम 2014 में संशोधन करने का सुझाव दिया था। तदनुसार ओडिशा सरकार द्वारा लोकायुक्त अधिनियम 2014 में संशोधन किया गया।

(ii) उत्तराखंड

एक लेखापरीक्षा अभ्युक्ति (निरीक्षण प्रतिवेदन) के आधार पर जून 2022 में दरों की अनुसूची (एसओआर) तैयार करने के संबंध में एक नया एसओपी जारी किया गया था जिसे निर्माण कार्यों के लिए सभी अभियांत्रिक और सिविल विभागों द्वारा लागू किया जाना था।

(iii) हिमाचल प्रदेश

लेखापरीक्षा ने (31 **मार्च** 2019 **को समाप्त वर्ष के लिए प्रतिवेदन (राजस्व क्षेत्र और पीएसयू) और** 31 **मार्च** 2020 **को समाप्त वर्ष के लिए प्रतिवेदन (राजस्व क्षेत्र))** खरीदारों द्वारा गलत दूरी के हलफनामे प्रस्तुत करने के कारण राजस्व हानि को सूचित किया। हिमाचल प्रदेश सरकार ने नवंबर 2021 में अधिसूचना जारी की जिसमें इस तरह के राजस्व की हानि को रोकने के लिए लागू सर्कल रेट का पता लगाने के लिए ग्राम राजस्व अधिकारी द्वारा दूरस्थ प्रमाण पत्र जारी करना अनिवार्य है।

(iv) हरियाणा

लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों **(मुख्य सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की अनुपालन लेखापरीक्षा)** के आधार पर एचएसवीपी ने 2022-23 में बढ़े हुए शुल्कों का अनुपालन करने के लिए पानी और सीवरेज शुल्क के लिए अपनी आईटी प्रणाली को संशोधित किया। बढ़े हुए शुल्क के लिए नोटिस जारी किए गए। इस सुधार का समग्र प्रभाव ₹35 करोड़ से अधिक था।

(v) राजस्थान

लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों **(वर्ष 2023 की प्रतिवेदन संख्या 01 'विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों का कार्यान्वयन अधिनियम, 2016' की निष्पादन लेखापरीक्षा)** के आधार पर विशेष रूप से विकलांग व्यक्ति निदेशालय, राजस्थान सरकार ने विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों और पुनर्वास घरों के मेस व्यय के अनुदान को प्रति निवासी ₹2000 से बढ़ाकर ₹2500 प्रति माह प्रति निवासी कर दिया।

(vi) केरल

लेखापरीक्षा ने बताया **(2021 की प्रतिवेदन संख्या 4 (आर्थिक क्षेत्र))** संविदाकारों से विभागीय बिटुमन की अंतर लागत की वसूली न होने के कारण उन्हें अनुचित लाभ दिए जा रहे हैं। लेखापरीक्षा द्वारा बताए जाने पर केरल सरकार ने आदेश जारी किए थे जिसमें सभी भावी संविदाओं के लिए प्रत्याशित प्रभाव से बिटुमन के मूल्य अंतर/वसूली की कीमत में कमी की अनुमति देने के प्रावधानों को बंद करने का निदेश दिया गया था।

(vii) कर्नाटक

लेखापरीक्षा ने बताया **(2019-21 की अवधि के लिए बेसकॉम कॉर्पोरेट कार्यालय पर निरीक्षण प्रतिवेदन)** कि कंपनी पीक अवधि के लिए उच्च दरों के आधार पर और सामान्य दर पर (दर में कमी पर विचार किए बिना) ऑफ पीक अवधि के लिए समय-समय पर टैरिफ के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं पर बिजली कर लगा रही थी, जो सही नहीं था, क्योंकि बिजली कर एक यथामूल्य शुल्क है। लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर **बेसकॉम** ने जनवरी 2022 से अपने बिलिंग सॉफ्टवेयर में आवश्यक परिवर्तन किए।

(viii) तमिलनाडु

(क) लेखापरीक्षा ने बताया **(पूम्पुहर शिपिंग कॉरपोरेशन पर निरीक्षण प्रतिवेदन)** समय की बचत और ईएमडी के कम संग्रह के कारण पोत्त के मालिक को ₹5.33 करोड़ तक का अनुचित लाभ हुआ। निगम ने ईएमडी राशि (₹10 लाख से ₹20 लाख) बढ़ाकर और अतिरिक्त व्यय के कारण खंड को हटाकर अपनी प्रथाओं में सुधार किया।

(ix) तेलंगाना

(क) बजट से बाहर के उधारों पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों **(2022 की प्रतिवेदन संख्या 1)** के आधार पर व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय (भारत सरकार) ने निर्णय लिया (मार्च 2023) कि बजट से बाहर उधार जैसे राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों, विशेष प्रयोजन वाहनों और अन्य समकक्ष उपकरणों द्वारा उधार जहां मूलधन और/या ब्याज को राज्य के बजट से बाहर किया जाना है, ऐसे ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां/सांविधिक निकाय राज्य के बजट के बाहर ऋण दे करके राज्य की शुद्ध उधार सीमा को एक तरफ करने का प्रभाव है। ऐसे उधारों का राजस्व

घाटे और राजकोषीय घाटे पर प्रभाव पड़ता है और इस प्रकार इनका प्रभाव राज्य एफआरबीएम अधिनियम के अंतर्गत राजकोषीय संकेतकों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पार करने का होता है। पिछले वर्ष अर्थात 2020-21 और 2021-22 के दौरान राज्य द्वारा लिए गए किसी भी बजट (में सम्मिलित न हुए) उधार को समायोजित किया जाएगा।

(ख) 'राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा विभाग के कामकाज के निष्पादन लेखापरीक्षा पर अनुवर्ती कार्रवाई (मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए सामान्य और सामाजिक क्षेत्र पर सीएंडएजी प्रतिवेदन)' पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों **(2018 की प्रतिवेदन संख्या 4)** के आधार पर तेलंगाना सरकार ने निम्नलिखित कार्रवाई की:

- ऊंची इमारतों में आग से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं की तैयारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
- संचार के लिए अति उच्च आवृत्ति सेटों की खरीद की गई है और राज्य के सभी अग्निशमन स्टेशनों को इनकी आपूर्ति की गई है।

(x) मध्य प्रदेश

(क) लेखापरीक्षा ने **(2019 की प्रतिवेदन संख्या 3)** कलेक्टर, मुरैना एवं श्योपुर द्वारा सहायक ग्रेड-3 एवं चपरासी के पदों पर अवैध नियुक्तियों का उल्लेख किया जिसके परिणामस्वरूप वेतन एवं भत्तों मे ₹ 76.12 लाख का अनियमित व्यय हुआ। लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर राज्य सरकार ने प्रधान राजस्व आयुक्त को नियुक्तियों को रद्द करने का निर्देश दिया क्योंकि ये नियुक्तियां अवैध थीं और लेखापरीक्षा सिफारिश के अनुसार सभी जिला कलेक्टरों को जिलों में कलेक्टरों द्वारा की गई ऐसी सभी नियुक्तियों के मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया था।

(ख) **लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर (2021 की प्रतिवेदन संख्या 6- डायल 100 आपातकाल प्रतिक्रिया प्रणाली पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन)**

- लेखापरीक्षा ने परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) के चयन में अनियमितताओं की ओर इशारा किया, राज्य सरकार ने नवंबर 2022 में सूचित किया कि पीएमसी के चयन की प्रक्रिया को ठीक कर दिया गया है।
- लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों और कॉल के प्रेषण की सिफारिश के आधार पर नवंबर 2022 में राज्य सरकार ने सूचित किया कि कॉल सेंटर में एक मिस्ड कॉल डेस्क स्थापित किया गया है और इसकी आवधिक समीक्षा के लिए एसओपी तैयार की गई है।

(ग) **2021 की प्रतिवेदन संख्या 1- सामान्य और सामाजिक क्षेत्र**

- अनावश्यक नमूनों का निपटान न होने पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा ने सभी नामित अधिकारियों को आदेश जारी किए जिसमें अनावश्यक नमूनों के निपटान की प्रक्रिया निर्धारित की गई जिसका अनुपालन जिला कार्यालयों के निरीक्षण के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा।
- 'लाइसेंस जारी करने/पंजीकरण जारी करने' पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के आधार पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने सूचित किया कि एफएसएसएआई ने खाद्य व्यापारियों की जिलावार और राज्यवार संख्या जानने के लिए एक डैशबोर्ड प्रदान किया है जिसमें तहसील आदि सहित राज्य के सभी जिलों में व्यवसाय करने वाले खाद्य व्यापारियों की जानकारी उपलब्ध है।

1.3.6 लेखापरीक्षा निष्कर्षों और सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई

आईएसएसएआई 10 में निर्धारित किया गया है कि साई के पास अनुवर्ती कार्रवाई के लिए स्वतंत्र प्रक्रियाएं होनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या लेखापरीक्षित संस्थाएं अपनी अभ्युक्तियों और सिफारिशों को उचित प्रकार से हल करती हैं और सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। लेखापरीक्षा और लेखा विनियम 2020 में यह निर्धारित किया गया है कि संबंधित विभाग की सरकार के सचिव लोक लेखा समिति/सार्वजनिक उपक्रमों संबंधी समिति को प्रस्तुत करने के लिए अपने विभाग से संबंधित लेखापरीक्षा पैराग्राफों पर की गई स्व-व्याख्यात्मक कार्रवाई नोट तैयार करेंगे जिन्हें लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित किया गया है।

कार्रवाई नोट (एटीएन) में कहा गया है कि-

- क्या लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में तथ्य और आंकड़े स्वीकार्य हैं;
- क्या ऐसी परिस्थितियां घटीं जिनमें लेखापरीक्षा द्वारा इंगित अनियमितता हुई है;
- इसे पूर्ण करने के लिए जिम्मेदारी और संभावित समय सीमा तय करने के लिए की गई कार्रवाई;
- वसूली की वर्तमान स्थिति;
- लेखापरीक्षा द्वारा दिए गए सुझावों एवं सिफारिशों पर की गई या प्रस्तावित कार्रवाई; तथा
- भविष्य में इसी प्रकार की चूक की पुनरावृत्ति से बचने के लिए की गई या प्रस्तावित सुधारात्मक कार्रवाई।

2022-23 के दौरान केंद्र के मंत्रालयों/विभागों (1,839 एटीएन) और राज्य सरकारों (2,146 एटीएन) से 3,985 एटीएन प्राप्त हुए, जिनमें से 3,721 एटीएन (केंद्र सरकार से 1,738 एटीएन और राज्य सरकार से 1,983 एटीएन) की जांच साई इंडिया के कार्यालयों द्वारा की गई थी। वर्ष के दौरान 1,808 एटीएन (1,102 एटीएन केंद्र सरकार से और 706 एटीएन राज्य सरकार से) का निपटान किया गया। मार्च 2023 के अंत में पुनरीक्षण के बाद भी 10,998 एटीएन (807 केंद्र सरकार से संबंधित और 10,191 राज्य सरकारों से संबंधित) निपटान के लिए लंबित थे। इसके अलावा 31 मार्च 2023 तक सरकारों द्वारा 7,597 एटीएन (केंद्र सरकार- 812, राज्य सरकार- 6,785) एक बार भी प्रस्तुत नहीं किए गए थे। परिणामस्वरूप लेखापरीक्षा भविष्य में ऐसी चूकों की पुनरावृत्ति से बचने के लिए की गई अथवा प्रस्तावित उपचारात्मक कार्रवाई को सत्यापित नहीं कर सका।

अध्याय 2

हमारे लेखा अधिदेश को पूरा करना

सीएजी के डीपीसी अधिनियम, 1971 की धारा 10, 11 और 12 के साथ पठित भारतीय संविधान के अनुच्छेद 149 में संघ तथा राज्यों के लेखाओं के संबंध में सीएजी के कर्त्तव्य तथा शक्तियां निर्धारित की गई हैं। सीएजी पर राज्य सरकारों (एनसीटी दिल्ली एवं गोवा को छोड़कर) के लेखाओं के संकलन और इन्हें तैयार करने, 20 राज्यों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) लेखाओं का अनुरक्षण, 19 राज्यों में राज्य सरकार के कर्मचारियों के पेंशन भुगतानों को प्राधिकृत करने और नौ राज्यों में राजपत्रित हकदारी (जीई) कार्यों एवं 18 राज्यों में लोक निर्माण संभागीय लेखाकारों का कैडर नियंत्रित करने का दायित्व है। विवरण इस अध्याय के अंत में **तालिका-II.2.1** में प्रस्तुत किए गए है।

2.1 लेखा कार्य से संबंधित निष्पादन

2.1.1 राज्य के प्रधान महालेखाकार (प्र.म.ले)/महालेखाकार(म.ले)/(लेखा एवं हकदारी) संबंधित राज्यों के वार्षिक वित्त और विनियोग लेखाओं को तैयार करते हैं, जिन पर, लेखापरीक्षा द्वारा प्रमाणीकरण के बाद, निर्धारित समय सीमा के अनुसार राज्य विधानमंडलों के पटल पर प्रस्तुत करने के लिए सीएजी द्वारा हस्ताक्षर किए जाते है।

2.1.2 वार्षिक लेखाओं के अतिरिक्त, राज्य सरकारों को नियमित रूप से मासिक सिविल लेखाओं तथा व्यय के आंकड़ों से सम्बन्धित विभिन्न एमआईएस प्रतिवेदन उपलब्ध कराए जाते हैं। राज्य सरकारों को अग्रेषित करने हेतु प्रधान महालेखाकार/महालेखाकार लेखा एवं हकदारी (ले. एवं हक़.) द्वारा "वार्षिक लेखे: एक दृष्टि में" तैयार किया जाता है, जो वित्त और विनियोग लेखाओं पर वृहत अवलोकन प्रदान करता है और पिछले पांच वर्षों की अवधि के लिए राजकोषीय संकेतक भी है।

2.1.3 लेखाओं की समयबद्धता

i. वित्त और विनियोग लेखे

2021-22 के लिए 28 राज्यों के वित्त और विनियोग लेखाओं को दिसंबर 2022 तक प्रमाणित किया गया जिसमें से 2021-22 के लिए 25 राज्यों के लेखाओं को 2023 के बजट सत्र से पहले या उसके दौरान राज्य विधानमंडलों में प्रस्तुत किया गया था।

ii. मासिक सिविल लेखे

2021-22 के दौरान ले. एवं हक़. कार्यालयों द्वारा 28 राज्यों के 364 मासिक[3] सिविल लेखाओं में से 301 (83 प्रतिशत) लेखे समय पर प्रदान किए गए थे। शेष लेखाओं को प्रस्तुत करने में विलंब हुआ जो मुख्य रूप से राज्य सरकारों के कोषागारों/ प्रभागों/अन्य लेखे प्रदान करने वाली इकाईयों से विलम्ब से प्राप्त हुए और कुछ मामलों में राज्य सरकार की ओर से तकनीकी गड़बड़ियों के कारण हुआ।

iii. तुल्यकालन स्कन्ध के साथ संयुक्त कार्यशालाएँ

सर्वप्रथम, संयुक्त कार्यशालाएं सरकारी लेखा (जीए) विंग एवं राज्य रिपोर्ट तादात्म्य विंग द्वारा ले. एवं हक़. कार्यालयों तथा क्षेत्र-वार लेखापरीक्षा कार्यालयों के लिए आयोजित की गई। लेखापरीक्षा और लेखा क्षेत्रों के अधिकारियों ने इन कार्यशालाओं में भाग लिया था, जो जुलाई 2022 और अगस्त 2022 के महीनों के दौरान, अर्थात राज्य सरकारों के वार्षिक लेखा 2021-22 के समापन के बाद आयोजित की गई। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य राज्यों के वार्षिक लेखों को समय पर तैयार करना और प्रमाणन करना, मौके पर ही मुद्दों का समाधान

[3] मार्च (अनुपूरक) लेखों सहित वर्ष में 28 राज्य X 13 लेखे

करना, वित्तीय प्रमाणन लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को मजबूत करना और राज्य वित्त लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एसएफएआर) की गुणवत्ता में सुधार करना था।

यह पहल न केवल 2021-22 के राज्य सरकारों के लेखों को समय पर अंतिम रूप देने में लाभप्रद रही बल्कि बजट सत्र 2023 से पहले या उसके दौरान राज्य विधानसभाओं में 25 राज्य सरकारों के 2021-22 के वार्षिक लेखों को रखने में भी मदद मिली।

2.1.4 लेखाओं की पूर्णता

2022-23 के दौरान राज्य सरकारों को प्रदान किए गए मासिक सिविल लेखे सभी मामलों में पूर्ण थे। राज्यों के वार्षिक वित्त लेखे 2021-22 में किसी भी लेखे को छोड़ा नहीं गया था।

2.1.5 संयुक्त वित्त और राजस्व लेखे

संघ तथा राज्य सरकारों के संयुक्त वित्त और राजस्व लेखे (सीएफआरए) एक सूचनाप्रद संकलन है, जो वर्ष के लिए संघ, संघ शासित प्रदेशों (यूटी) तथा सभी राज्यों के लेखाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ उनके शेष तथा बकाया देयताओं और उनकी वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित अन्य जानकारियों का समाकलन करता है। सीएफआरए वार्षिक रूप से प्रकाशित होते हैं और विभिन्न हितधारकों के लिए उपयोगी हैं क्योंकि इसमें संघ और राज्यों की वित्तीय स्थिति का समेकन एक ही स्थान पर होता है।

तीन खंडों वाले सीएफआरए विवरणों को महालेखाकार (ले. एवं हक़.) पंजाब द्वारा संकलित किया जाता है और महालेखाकार (ले. एवं हक़.) हरियाणा द्वारा लेखापरीक्षा की जाती हैं। "एक नज़र में संघ और राज्य वित्त" सीएफआरए विवरणों की पूर्णता के लिए सीएजी कार्यालय की सरकारी लेखा शाखा द्वारा तैयार किया गया है।

2020-21 के लिए सीएफआरए मार्च 2023 के अंत में अंतिम रूप दिए जाने के बहुत निकट था। सीएजी वेबसाइट पर डैशबोर्ड संघ/राज्यों और यूटी[4] के लिए 2019-20 तक पांच साल की अवधि के लिए सीएफआरए डेटा परिचारित करता है।

2.1.6 वीएलसी डैशबोर्ड का विकास

डैशबोर्ड व्यावहारिक डेटा प्राप्त करने और मुख्य निष्पादन संकेतक (केपीआई) को केंद्रीकृत करने के लिए एक बहुत शक्तिशाली उपकरण है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वास्तव में क्या चल रहा है। एक डैशबोर्ड अपने उपयोगकर्ताओं के लिए किसी विशेष अवधि में किसी विशेष उद्देश्य के लिए संचार या सूचना संचारित या प्रदर्शित करके निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करता है। वर्तमान में सभी राज्यों के लिए पिछले सात वर्षों (2015 से) के डेटा एकत्र किए गए हैं। डैशबोर्ड के उपयोगी होने की उम्मीद है:

(i) डेटा निष्कर्षण, ट्रांसफॉर्मिंग और लोडिंग के माध्यम से डैशबोर्ड का अनुप्रयोग करके वार्षिक लेखों और वित्तीय लेखापरीक्षा के लिए आश्वासन जुटाने मे।

(ii) तथ्यों और वर्तमान डेटा के आधार पर निर्णय लेने मे।

(iii) प्राप्ति, व्यय और ऋण लेनदेन की अधिकता को समझने और समान मैट्रिक्स के अनुप्रयोग मे।

(iv) आउटलाइनर्स का पता लगाने के लिए मैट्रिक्स का उपयोग करने मे।

[4] http://cag.gov.in लेखे संघ और राज्य वित्त के लिए डैशबोर्ड

वित्तीय लेखापरीक्षा के अलावा, वीएलसी डेटाबेस डैशबोर्ड, वार्षिक लेखापरीक्षा योजना की तैयारी, जोखिम विश्लेषण, योजना लेखापरीक्षा आयोजित करने एवं वाउचर डेटा का दृश्यावलोकन के संबंध में लेखापरीक्षा की आवश्यकताओं को कवर करता है।

वीएलसी डेटा का अखिल भारतीय डैशबोर्ड अंतिम रूप देने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में है।

2.1.7 पीएफएमएस के माध्यम से एकल नोडल एजेंसी (एसएनए)

23 फरवरी 2023 को सीएजी कार्यालय में एसएनए के तहत लेनदेन के लेखाकरण पर हाइब्रिड मोड में एक बहु-हितधारक बैठक आयोजित हुई थी। भारत सरकार के वित्त सचिव, अपर सचिव (लोक वित्त – राज्य, भारत सरकार), सीएजी कार्यालय के अधिकारियों, वित्त मंत्रालय, सीजीए कार्यालय, राज्य के निजी सहायक/एएसजी, राज्य वित्त विभागों एवं कार्यालयों ने बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान बातचीत करते हुए विभिन्न हितधारक

बहु-हितधारक बैठक निम्नलिखित निर्णयों के साथ संपन्न हुई:

(i) बैठक में बताए गए और चर्चा किए गए मुद्दों की जांच करने के लिए पीएफएमएस संभाग, सीजीए कार्यालय, वित्त मंत्रालय और सीएजी कार्यालय के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक कार्य समूह का गठन किया जाना चाहिए।

(ii) कार्य समूह पीएफएमएस प्रणाली में या आईएफएमएस प्रणाली में एकीकृत और चतुर्थ चरण में काम करने के लिए आवश्यक लेखाकरण सूचना, दस्तावेजों और प्रक्रियाओं और अन्य जांच एवं नियंत्रण सहित व्यवहार्य विवरणों पर काम करेगा। टीम आईएफएमआईएस, पीएफएमएस को एकीकृत करने के तरीके सुझाएगी तथा एजी के वीएलसी तंत्र सूचना के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करेंगे।

(iii) महालेखाकर के सभी कार्यालयों को पीएफएमएस प्रणाली का अभिगम प्रदान किया जाएगा।

कार्य समूह समिति का गठन कर दिया गया है एवं राज्यों के साथ समिति की बैठकें चल रही हैं।

2.1.8 गूगल फॉर्म के माध्यम से मासिक रिपोर्टिंग और निगरानी:

सीएजी कार्यालय ने प्रमुख रिपोर्टिंग क्षेत्रों (केआरए) के रूप में कार्यालयों के लिए जांच और संतुलन की एक प्रणाली तैयार की। केआरए को प्रत्येक तिमाही में क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा संकलित किया जाता है और सूचना हेतु मुख्यालय कार्यालय को भेजा जाता है। इस त्रैमासिक रिपोर्ट की विस्तार क्षेत्र और आवधिकता को ध्यान में रखते हुए, जीए विंग ने मौजूदा त्रैमासिक केआरए रिपोर्टिंग को बाधित किए बिना प्रमुख वस्तुओं पर केंद्रित एक सरलीकृत मासिक ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली शुरू की। गूगल फॉर्म, शेयरपॉइंट, व्हाट्सएप और ईमेल जैसे आईटी टूल का उपयोग डेटा संग्रह के लिए किया गया एवं चित्रमय तस्वीर का उपयोग डेटा विश्लेषण, दक्षता बढ़ाने तथा पूरे भारत में 31 कार्यालयों में समय पर निर्णय लेने की सुविधा के लिए किया गया था।

(कूट रंगों के साथ) सचित्र ग्राफ गूगल फॉर्म में निहित प्रश्नों के आधार पर विभिन्न कार्यालयों के मूल्यांकन को दर्शाता है जैसे मासिक सिविल लेखों को समय पर तैयार करना, अपवर्जित हुए लेखाओं का प्रतिशत एवं सीएजी की वेबसाइट

पर मासिक प्रमुख संकेतकों (एमकेआई) को समय पर प्रस्तुत करना। इसी प्रकार मूल, पुनरीक्षण पेंशन मामलों, जीपीएफ के अंतिम प्राधिकृत मामलों तथा पात्रता संबंधी शिकायतों के निराकरण को समय पर अंतिम रूप देना। उदाहरण के लिए, पहले मानचित्र में कर्नाटक, बिहार, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय ने मासिक सिविल लेखों (एमसीए) को कुछ विलंब से बंद कर दिया। दूसरे चित्र में मासिक सिविल लेखों (एमसीए) में लेखों का अपवर्जन दिखाया गया है| तीसरे चित्र में, हरे रंग से चिह्नित कार्यालयों ने 90 प्रतिशत से अधिक पेंशन मामलों को मंजूरी दे दी है। कर्नाटक, तमिलनाडु आदि जैसे कुछ लाल रंग से चिह्नित कार्यालयों ने 80 प्रतिशत से कम मामलों को निपटाया है।







इस टूल का उद्देश्य विश्लेषण के लिए डेटा को आसानी से उपलब्ध कराना और मासिक आधार पर लेखाओं और पात्रता कार्यों पर त्वरित रिपोर्टिंग लागू करने के लिए मुद्दों/क्षेत्रों पर ध्यान देने के लिए एक केंद्रित दृष्टिकोण बनाना है। विशिष्ट मुद्दों को यदि कोई हो चिह्नित करके एक समेकित कार्यालय-वार मासिक रिपोर्टिंग उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (जीए और गसब) को प्रस्तुत की जाती है।

2.1.9 कोषागार निरीक्षण

राज्य सरकार के लेखाओं के संकलनकर्ता होने के नाते, प्र.म.ले/म.ले (ले. एवं हक़.), राज्य सरकारों के लेखाओं की कोषागार निरीक्षण के माध्यम से कोषागारों में आंतरिक नियंत्रण तंत्र की जांच करते है। कोषागार निरीक्षण का उद्देश्य यह आश्वासन प्राप्त करना है कि कोषागारों द्वारा आंरभिक लेखा तैयार करने, वेतन, पेंशन आदि के भुगतान के लिए निर्धारित विभिन्न जांच बिंदुओं तथा क्रियाविधियों का विधिवत अनुपालन किया जा रहा है। लगभग सभी राज्यों में कोषागार कम्प्यूटरीकृत।

2022-23 के दौरान, कुल नियोजित 2,270 कोषागारों/उप-कोषागारों के प्रति 2,207 कोषागारों/उप-कोषागारों का निरीक्षण किया गया। इन निरीक्षणों के परिणामस्वरूप, 1,835 निरीक्षण रिपोर्टें जारी की गईं जिनमें 5,584 सिफारिशें की गईं।

2.1.9.1 कोषागार निरीक्षणों के परिणाम

2022-23 के दौरान कोषागार निरीक्षणों से राज्य के वित्तीय/हकदारी नियमावली के अनुपालन से सम्बन्धित कई विचलनों का पता चला, जो राज्यों की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में दोषपूर्ण प्रचलनों की ओर इशारा करते है और वित्तीय प्रबंधन को प्रभावित करते है। कुछ दृष्टांत नीचे दिए गए है:

क्रम सं.	राज्य	अवलोकन एवं उजागर किए गए मुद्दे
1.	आंध्र प्रदेश	छुट्टी नकदीकरण हेतु दोहरे भुगतान के महत्वपूर्ण मामले, किराया वाहन प्रभार, जीपीएफ अंतिम निकासी और पेंशनभोगियों से पेंशन के रूपान्तरण मूल्य की वसूली न होना।
2.	छत्तीसगढ़	सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जगदलपुर द्वारा दी गई लंबित अस्थायी अग्रिम राशि का समायोजन न करना।
3.	गुजरात	सात कोषागारों में ₹5.04 करोड़ की पेंशन राशि का अधिक भुगतान।
4.	पंजाब	छुट्टी नकदीकरण का अधिक भुगतान और पेंशनभोगियों को किया गया अंतिम भुगतान।
5.	राजस्थान	टीडीएस में अनियमितता, पेंशन और ग्रेच्युटी का भुगतान।
6.	तमिलनाडु	आउटसोर्सिंग एजेंसियों से आयकर की कटौती न करना
7.	तेलंगाना	अपात्र पेंशनभोगियों को अधिक पेंशन, महंगाई राहत और चिकित्सा भत्ते का आहरण।
8.	उत्तराखंड	डीसीआरजी और रूपांतरित राशि का दोहरा भुगतान।

2.2 हकदारी कार्यों के संबंध में निष्पादन

समस्त बोर्ड में, ले. एवं हक़. कार्यालयों ने जीपीएफ के अंतिम भुगतान मामलों के निपटान में तेजी लाकर, पेंशन के प्राधिकार और वेतन पर्ची जारी करके हकदारी कार्यों को सुव्यवस्थित आदि करके संतुष्टि के स्तर में सुधार करने के प्रयास किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक डाटा ट्रांसफर की ओर बढ़ते हुए, ई-ऑथराइजेशन से कुछ कार्यालयों में मामलों के निपटान में लगने वाला समय कम हो गया है। नागरिक चार्टर में यथा निर्धारित मामलों के निपटान के लिए समय-सीमा का पालन करने के सभी प्रयास किए गए थे। लगभग सभी ले. एवं हक़. कार्यालयों में ऑनलाइन शिकायत निवारण तंत्र कार्य कर रहे हैं।

2.2.1 हकदारी कार्यों से संबंधित जानकारी

पेंशन, जीपीएफ तथा जीई कार्यों की स्थिति से संबंधित जानकारी संबंधित महालेखाकार कार्यालयों की वेबसाईट पर तथा एसएमएस आधारित सेवा, जहां कार्यालयों को राज्य के कार्मिकों द्वारा विवरण प्रदान किया गया है के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। इससे संबंधित राज्य की वेबसाईटों पर अपलोड की गई जानकारी देखने में संबंधित हितधारकों तथा अन्य आगंतुकों को सहायता मिलती हैं और एसएमएस के माध्यम से भी सूचना मिलती है।

2.2.2 अंतिम रूप दिए गए पेंशन मामले

पेंशन प्राधिकरण का कार्य 20 ले. एवं हक़. कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है। 2022-23 के दौरान इन कार्यालयों ने मूल और पेंशन संशोधन के 5,93,985 मामलों को अंतिम रूप दिया। वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त और अंतिम रूप दिए गए कुल पेंशन मामलों का राज्य-वार ब्यौरा अध्याय के अंत में **तालिका II.2.2** में दिया गया है। नागरिक चार्टर के अनुसार, महालेखाकार कार्यालय में सभी संदर्भों में पूरा मामला प्राप्त होने से 30 कार्य दिवसों के भीतर मूल पेंशन मामलों को अंतिम रूप दिया जाना है। असम, हरियाणा, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र-II, मेघालय, नागालैंड, पंजाब, तमिलनाडु और त्रिपुरा में पेंशन मामले को अंतिम रूप देने में लगने वाला औसत समय निर्धारित समय के भीतर था। शेष राज्यों में, पेंशन मामले को अंतिम रूप देने में लिया गया औसत समय 30 दिनों से अधिक था, जो मुख्य रूप से संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त करने या जनशक्ति की कमी जैसी अन्य परिचालन बाधाओं के कारण था।

2.2.3 जीपीएफ खातों का अनुरक्षण

20 राज्यों में, 22 ले. एवं हक़. कार्यालय, राज्य सरकार के कर्मचारियों के जीपीएफ खातों के अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार हैं। 2022-23 के दौरान इन कार्यालयों द्वारा 25,44,893 जीपीएफ खातों का अनुरक्षण किया गया था। राज्य सरकारों द्वारा राष्ट्रीय पेंशन योजना शुरू किए जाने के कारण वर्ष 2004 से पिछले वर्ष की तुलना में 5.53 प्रतिशत अंशदाताओं (पिछले वर्ष कुल ग्राहकों की संख्या 26,93,856 थी) में कमी आई है।

2.2.4 जीपीएफ अंतिम भुगतान मामलों को अंतिम रूप देना

2022-23 के दौरान, जीपीएफ के अंतिम भुगतान के लिए देय 2,03,628 मामलों में से, ले. एवं हक़. कार्यालयों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर 1,95,061 मामलों (95.79 प्रतिशत) को अंतिम रूप दिया। (सभी प्रकार से पूर्ण मामले की प्राप्ति की तारीख से एक माह)

2022-23 में देय जीपीएफ के अंतिम भुगतान मामलों की संख्या	अंतिम रूप दिए गए अंतिम भुगतान मामलों की संख्या
2,03,628	1,95,061

2.2.5 हितधारकों के साथ अग्रसक्रिय जुड़ाव

वर्ष 2022-23 के दौरान पेंशनभोगियों एवं अंशदाताओं के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में अदालतें,कार्यशालाएं, तथा सम्मेलन आयोजित किए गए। इन आयोजनों का उद्देश्य पेंशनभोगियों की शिकायतों का समाधान करना, सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श प्रदान करना और सेवा वितरण में सुधार करना है। कुछ उदाहरणों में शामिल हैं:

1. **आंध्र प्रदेश और तेलंगाना:** 'पेंशन/जीपीएफ अदालतें - पीएजी आपके जिले में' कई जिलों में आयोजित की गई।
2. **झारखंड:** दुमका और रांची में जिला कोषागार अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों के लिए वार्षिक कार्यशालाएं।
3. **कर्नाटक:** राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श में सहायता के लिए सात जिलों में पेंशन अदालतें आयोजित की गई।
4. **मेघालय:** आहरण और संवितरण अधिकारियों के लिए ई-जीपीएफ और ई-पे स्लिप वेब-आधारित एप्लिकेशन पर जीपीएफ अदालत एवं कार्यशाला।
5. **महाराष्ट्र** II: पेंशनभोगियों की त्वरित शिकायत निवारण के लिए भंडारा और औरंगाबाद में पेंशन अदालतें आयोजित की गई।
6. **महाराष्ट्र** I: पुलिस विभाग के लिए एक डीडीओ कार्यशाला-सह-पेंशन अदालत मुंबई में आयोजित की गई, जिसमें 61 डीडीओ के 150 अधिकारियों ने भाग लिया, और 11 जिलों में कार्यशालाओं के साथ-साथ लगभग 500 पेंशनभोगियों के साथ एक पेंशनभोगी अदालत भी उसी दिन आयोजित की गई।
7. **ओडिशा:** कई पेंशन अदालतें और कोषागार अधिकारियों का सम्मेलन शिकायतों का समाधान करने और जुड़ाव में सुधार के लिए आयोजित किए गए।
8. **पंजाब:** पेंशनर सेवा शिविरों के साथ-साथ जिलों के उपायुक्तों के समन्वय से पेंशन अदालतें आयोजित की गई।
9. **तमिलनाडु:** चेन्नई में विभिन्न विभागों के लिए पेंशन प्रस्तावों पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
10. **उत्तर प्रदेश:** मुख्य/वरिष्ठ कोषागार अधिकारियों और आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए कोषागार कार्यशालाएं आयोजित की गई।
11. **पश्चिम बंगाल:** लेखाकरण मुद्दों के समाधान के लिए कोषागार अधिकारियों और डीडीओ के लिए संभाग-वार कार्यशाला सह संवेदीकरण कार्यक्रम।
12. **मध्य प्रदेश:** कर्मचारियों की जीपीएफ संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए आठ संभागों में जीपीएफ अदालतें आयोजित की गई।

कर्नूल में पेंशन/जीपीएफ अदालत, आंध्र प्रदेश कार्यालय द्वारा आयोजित

एपी सचिवालय में पेंशन/जीपीएफ कार्यशाला, आंध्र प्रदेश कार्यालय द्वारा आयोजित

कर्नाटक कार्यालय द्वारा कोडगु/कल्याण जिलों में पेंशन अदालत आयोजित की गई

वेतन एवं लेखा कार्यालय, मुंबई में पेंशन अदालत

महाराष्ट्र पुलिस विभाग के डीडीओ की कार्यशाला

सामान्य भविष्य निधि लोक अदालत: 215 प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण

इनका कहना है

लोक अदालत

जीपीएफ लोक अदालत में अधिकारियों-कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण

मध्य प्रदेश कार्यालय द्वारा जीपीएफ अदालत का आयोजन किया गया

2.2.6 सीएजी की वेबसाइट में वेब-आधारित शिकायत निवारण तंत्र

एसएआई इंडिया के पास शिकायतों को ऑनलाइन पंजीकृत करने के लिए एक केंद्रीकृत वेब-आधारित शिकायत निवारण तंत्र है। जीपीएफ अंशदाता/पेंशनभोगी संबंधित ले. एवं हक़. कार्यालय में ऑनलाइन या ई-मेल के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत निवारण प्रणाली से संबंधित सभी लिंक सीएजी की वेबसाइट[5] पर उपलब्ध हैं। शिकायत दर्ज करने पर प्रणाली स्वचालित रूप से शिकायत का विशिष्ट पंजीकरण संख्या उत्पन्न करती है और भविष्य के संदर्भ के लिए शिकायतकर्ता को एक एसएमएस भेजती है।

वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य पेंशनभोगियों/अंशदाताओं से सीएजी कार्यालय में कुल 1,916 (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन) शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1,852 का नागरिक चार्टर की समय सीमा के भीतर निवारण किया गया। निपटान के लिए लंबित शेष शिकायतें नागरिक चार्टर की निर्धारित अवधि (30 कार्य दिवस) के भीतर थीं। प्राप्त शिकायतों और निवारण पर एक रिपोर्ट मासिक और त्रैमासिक आधार पर उच्च अधिकारियों को प्रस्तुत की जाती है।

[5] https://cag.gov.in/en/page-entitlement-grievance

तालिका II.2.1
राज्य महालेखाकार (ले. एवं हक.) के साथ कार्य

लेखे	सामान्य भविष्य निधि	पेंशन	राजपत्रित हकदारी	संभागीय लेखाकार संवर्ग नियंत्रण
1. आंध्र प्रदेश	1. आंध्र प्रदेश	1. आंध्र प्रदेश	1. असम	1. अरुणाचल प्रदेश*
2. असम	2. असम	2. असम	2. बिहार	2. बिहार
3.अरुणाचल प्रदेश*	3. छत्तीसगढ़	3. बिहार	3. झारखंड	3. छत्तीसगढ़
4. बिहार	4. गुजरात	4. हरियाणा	4. कर्नाटक	4. गुजरात
5. छत्तीसगढ़	5. हरियाणा	5. हिमाचल प्रदेश	5. केरल	5. हिमाचल प्रदेश
6. गुजरात	6. हिमाचल प्रदेश	6. जम्मू और कश्मीर	6. मणिपुर	6. हरियाणा
7. हरियाणा	7. कर्नाटक	7. झारखंड	7. मेघालय	7. झारखण्ड
8. हिमाचल प्रदेश	8. केरल	8. कर्नाटक	8. नागालैंड	8. मणिपुर
9. जम्मू और कश्मीर	9. मध्य प्रदेश	9. केरल	9. तमिलनाडु	9. मध्य प्रदेश$
10. झारखंड	10. महाराष्ट्र	10. महाराष्ट्र		10. महाराष्ट्र$
11. कर्नाटक	11. मणिपुर	11. मणिपुर		11. ओडिशा
12. केरल	12. मेघालय	12. मेघालय		12. पंजाब
13. मध्य प्रदेश$	13. नागालैंड	13. नागालैंड		13. राजस्थान
14. महाराष्ट्र$	14. उड़ीसा	14. उड़ीसा		14. तमिलनाडु
15. मणिपुर	15. तमिलनाडु	15. पंजाब		15. त्रिपुरा
16. मेघालय	16. तेलंगाना	16. तमिलनाडु		16. उत्तर प्रदेश$
17. मिजोरम*	17. त्रिपुरा	17. तेलंगाना		17. उत्तराखंड
18. नागालैंड	18. उत्तर प्रदेश	18. त्रिपुरा		18. पश्चिम बंगाल
19. उड़ीसा	19. उत्तराखंड	19. पश्चिम बंगाल		
20. पंजाब	20. पश्चिम बंगाल			
21. राजस्थान				
22. सिक्किम				
23. तमिलनाडु				
24. तेलंगाना				
25. त्रिपुरा				
26. उत्तर प्रदेश$				
27. उत्तराखंड				
28. पश्चिम बंगाल				

नोट: * ये कार्यालय ले. एवं हक. और लेखापरीक्षा कार्यों के लिए समग्र कार्यालय हैं।
$ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में दो ले. एवं हक. कार्यालय हैं। महालेखाकार (ले. एवं हक.)-II, मध्य प्रदेश में केवल जीपीएफ कार्य है।

तालिका II.2.2

2022-23 के दौरान मूल पेंशन मामलों को राज्यवार अंतिम रूप देना तथा पेंशन मामलों में संशोधन

क्र. सं.	कार्यालय	मूल पेंशन		पेंशन में संशोधन	
		प्राप्त मामलों की संख्या (शेष राशि सहित)	निपटाए गए मामलों की संख्या	प्राप्त मामलों की संख्या (शेष राशि सहित)	निपटाए गए मामलों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	3,064	2,843	41,036	40,340
2	असम	19,107	17,761	1,123	1,027
3	बिहार	25,304	23,792	49,380	46,922
4	हरियाणा	11,912	11,912	11,855	11,855
5	हिमाचल प्रदेश	13,542	12,645	44,079	21,160
6	जम्मू एवं कश्मीर	13,774	13,643	28,215	28,148
7	झारखंड	8,835	8,391	18,336	14,610
8	कर्नाटक	24,727	23,591	12,791	11,583
9	केरल	23,509	23,254	16,607	15,143
10	महाराष्ट्र-I	31,514	31,514	31,737	29,620
11	महाराष्ट्र-II	19,703	19,703	11,346	11,346
12	मणिपुर	4,190	3,916	2,279	2,172
13	मेघालय	2,928	2,749	331	316
14	नागालैंड	5,323	5,259	4,452	4,452
15	ओडिशा	14,048	13,300	3,868	3,734
16	पंजाब	19,022	18,997	64,644	45,977
17	तमिलनाडु	23,862	22,365	7,966	7,589
18	तेलंगाना	1,672	1,606	3,347	3,228
19	त्रिपुरा	5,528	5,065	199	159
20	पश्चिम बंगाल	22,092	19,733	12,831	12,565
	कुल	**2,93,656**	**2,82,039**	**3,66,422**	**3,11,946**
कुल प्राप्त मामले (मूल पेंशन मामले और पुनरीक्षण पेंशन मामले)		**6,60,078**			
निपटान किए गए कुल मामले		**5,93,985**			

खंड 3

वर्तमान
प्रगति

- **अध्याय 1**
  मार्गदर्शनों का विकास
- **अध्याय 2**
  क्षमता निर्माण
- **अध्याय 3**
  आंतरिक नियंत्रण और गुणवत्ता मूल्यांकन
- **अध्याय 4**
  हमारी आईटी पहल
- **अध्याय 5**
  ऑडिट दिवस 2022
- **अध्याय 6**
  30वां महालेखाकार सम्मेलन
- **अध्याय 7**
  उतनी ही महत्वपूर्ण, अन्य गतिविधियाँ

सीएजी कार्यालय परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा

अध्याय 1

मार्गदर्शनों का विकास

लेखापरीक्षा एवं लेखाकरण पर व्यावसायिक मानक गुणवत्ता लेखापरीक्षा एवं लेखाकरण की मुख्य इमारत है। हम सरकारी लेखापरीक्षकों एवं लेखाकारों दोनों के लिए व्यावसायिक मानकों एवं पद्धतियों के महत्व के प्रति सचेत हैं। ये सभी पेशेवरों द्वारा विभिन्न स्थितियों के अंतर्गत पालन किए जाने वाले मार्गदर्शन प्रदान करते हैं एवं गुणवत्ता नियंत्रण एवं गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रियाओं के लिए मानदंड के रूप में कार्य करते हैं। साई इंडिया के लेखापरीक्षण मानकों में परिकल्पना की गई है कि साई के पास एक उपयुक्त गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली होनी चाहिए।

1.1 सरकारी लेखाकरण मानक सलाहकार बोर्ड (गसब)

अगस्त 2002 में, सीएजी ने भारत सरकार के परामर्श से सरकारी लेखाकरण मानक सलाहकार बोर्ड (गसब) का गठन किया था। गसब का मिशन सार्वजनिक जवाबदेही एवं निर्णय लेने की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए सरकारी लेखाकरण एवं वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार करने के लिए लेखाकरण मानकों को तैयार करना एवं सिफारिश करना है। नई प्राथमिकताएं सुशासन, राजकोषीय विवेक, दक्षता एवं पारदर्शिता पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

गसब में सरकार (संघ एवं राज्य), पेशेवर लेखाकरण संस्थानों, आरबीआई एवं अकादमिक जगत के उच्च स्तरीय प्रतिनिधित्व के साथ 15 सदस्य होते हैं।

गसब दो प्रकार के मानक तैयार करता है:

(i) नकद आधारित लेखाकरण प्रणाली के आधार पर भारत सरकार लेखाकरण मानक (आईजीएएस) जो सरकार द्वारा अधिसूचित तिथि से संघ, राज्यों एवं विधानमंडल वाले संघ शासित क्षेत्रों के अनुपालन के लिए अनिवार्य बन गए हैं; एवं

(ii) प्रोद्भवन आधारित लेखाकरण प्रणाली के आधार पर भारत सरकार के वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आईजीएफआरएस) जो संस्तुतिपरक हैं। इन्हें इसलिए तैयार किया गया था क्योंकि संघ एवं राज्य स्तर पर प्रोद्भवन लेखाकरण में स्थानांतरण पर मूल अध्ययन एवं अनुसंधान प्रयासों को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रोद्भवन आधार पर लेखाकरण ढांचे एवं लेखाकरण मानकों की आवश्यकता थी।

हितधारक के परामर्श से तैयार ये मानक भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 जिसमें निर्दिष्ट किया गया है कि संघ एवं राज्यों के लेखाओं को ऐसे प्रारूप में रखा जाएगा जो राष्ट्रपति, सीएजी से परामर्श के पश्चात् विहित करेंगे, के अनुसार अधिसूचना के लिए वित्त मंत्रालय (एमओएफ) को भेजे जाते है।

1.1.1 भारत सरकार द्वारा अधिसूचित लेखाकरण मानक

- आईजीएएस 1: सरकारों द्वारा दी गई गारंटियां: प्रकटीकरण अपेक्षाएं
- आईजीएएस 2: सहायता अनुदान का लेखाकरण एवं वर्गीकरण
- आईजीएएस 3: ऋणों एवं अग्रिमों का लेखाकरण
- आईजीएएस 4: पूर्व अवधि समायोजन

1.2 2022-23 के दौरान लेखाकरण मानक/प्रकटीकरण विवरणों पर प्रगति

1.2.1 गसब की 36 वीं बैठक

महामारी के बाद की रिकवरी अवधि में, 29 जून 2022 को सरकारी लेखाकरण मानक सलाहकार बोर्ड की 36वीं बैठक आयोजित की गई थी। बोर्ड की बैठक का उद्घाटन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, श्री गिरीश चंद्र मुर्मू ने किया था।

सीएजी ने अपने भाषण में सरकारी लेखों की वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार के लिए बोर्ड के सदस्यों के बीच समन्वय एवं सहयोग के महत्व पर जोर दिया। सीएजी ने कहा कि भारत में सरकारी लेखाकरण बड़े पैमाने पर कैश बेसिस लेखाकरण का पालन करता है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में, कुछ देशों में लेखाकरण प्रोद्भवन लेखाकरण के परिवर्तनकारी चरण में है एवं कुछ देशों ने पहले से ही पूर्ण रूप से प्रोद्भवन लेखाकरण को अपनाया एवं लागू किया है। बोर्ड द्वारा तैयार किए गए मानकों का लक्ष्य आईपीएसएएस (इंटरनेशनल पब्लिक सेक्टर लेखाकरण स्टैंडर्ड्स) कैश बेसिस के अनुवर्ती होना चाहिए, जो एक अस्थायी चरण है एवं उचित समय में प्रोद्भवन लेखाकरण की ओर बढ़ने की दिशा में एक कदम है।



गसब की 36वीं बोर्ड बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों के साथ सीएजी

नवीनतम स्थिति के साथ बैठक में विचार-विमर्श के बिंदु नीचे दिए गए हैं:

1.2.1.1 बोर्ड द्वारा 'पूर्व अवधि समायोजन' का अनुमोदन एवं वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचना

बैठक में गसब को आईपीएसएएस आधारित मानकों को अपनाने के बारे में बताया गया था, जो देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत लेखाकरण पद्धतियों के साथ-साथ प्रत्येक मानकों पर अब तक हुई प्रगति के अनुवर्ती बनाने में सक्षम होगा। 'पूर्व अवधि समायोजन' पर मसौदा मानक को मंजूरी दी गई। **2 मार्च 2023 को इस मानक को वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया।** यह मानक न केवल हमें आईपीएसएएस कैश बेसिस अनुवर्ती विवरणों की ओर बढ़ने में मदद करेगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत किए गए सर्वोत्तम लेखाकरण एवं वित्तीय रिपोर्टिंग पद्धतियों के अनुवर्ती नियम आधारित लेखाकरण से मानक आधारित लेखाकरण में स्थानांतरित होने में भी मदद करेगा।

मानकों के प्रारूपण एवं अंतिम रूप देने में नए दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप:

- मानकों को सिद्धांत आधारित बनाना एवं कार्यान्वियन रणनीति को अलग से विस्तृत करना ताकि तंत्र परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त लचीला हो।

- प्रत्येक स्तर पर सभी हितधारकों विशेष रूप से लेखा महानियंत्रक कार्यालय को शामिल करना तथा उनके साथ निकट समन्वय में काम करना।
- नियमित बैठकें आयोजित करना ताकि हितधारकों से प्राप्त सभी इनपुट पर विचार किया जा सके एवं मानकों में प्रस्तुत किया जा सके।
- राज्यों में मूल अध्ययन आयोजित करना एवं मानक के लिए प्रारूपों को अंतिम रूप देने से पहले लेखाकरण प्रविष्टियों का उपयोग करके मानक की निपुणता का परीक्षण करना।

2 मार्च 2023 को इन उपायों की परिणति पूर्व अवधि समायोजन पर मानक की अधिसूचना में हुई है।

1.2.1.2 नियत प्रक्रिया का संशोधन

गसब की कार्यप्रणाली अब तक वर्ष 2011 में बनाए गए 'व्यवसाय के नियमों' द्वारा निर्देशित थी। हालाँकि, गसब के कार्यों को सुव्यवस्थित एवं संहिताबद्ध करने के लिए उन्हें अधिक केंद्रित, मजबूत एवं समावेशी बनाने के लिए, 'गसब की नियत प्रक्रिया' का संकेत दिया गया है। हालांकि, गसब के कार्यों को अधिक केंद्रित, मजबूत एवं समावेशी बनाने के लिए उन्हें सुव्यवस्थित एवं संहिताबद्ध करने के लिए, गसब की दृष्टि, मिशन, उद्देश्यों, हितधारकों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों, मानकों के निर्माण में शामिल प्रक्रियाओं, मानकों की संरचना आदि को दर्शाते हुए 'गसब की नियत प्रक्रिया' को अगस्त 2020 में संशोधित किया गया था।

संशोधित 'नियत प्रक्रिया' को बोर्ड के सदस्यों के साथ साझा किया गया एवं फरवरी 2022 में एक वर्चुअल बैठक में इसकी चर्चा की गई। चर्चाओं के आधार पर जून 2022 में संशोधित दस्तावेज़ बोर्ड बैठक में रखे गए। बैठक से प्राप्त होने वाली सदस्यों की टिप्पणियों/सुझावों को शामिल किया गया था एवं अंतिम दस्तावेज वित्त मंत्रालय को उनकी सहमति के लिए भेजा गया था। फरवरी 2023 में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में इस पर आगे चर्चा की गई। नियत प्रक्रिया अंतिम चरण में है एवं गसब की वेबसाइट पर मुद्रण/प्लेसमेंट के लिए वित्तमंत्रालय की सहमति की प्रतीक्षा है।

प्रमुख निर्णय एक कोर ग्रुप का गठन करना है जो उन विषयों को अंतिम रूप दे सकता है जिन पर भारत सरकार की प्राथमिकताओं के अनुवर्ती मानक/मार्गदर्शन टिप्पण बनाने की आवश्यकता है तथा जो कार्यान्वयन कठिनाइयों, यदि कोई हो, पर उचित विचार करेगा।

1.2.1.3 भारत में कैश बेसिस आईपीएसएएस को अपनाना

अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक क्षेत्र लेखाकरण मानक (आईपीएसएएस) सार्वजनिक निकायों द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग को नियंत्रित करने वाले मानकों का प्रमुख समूह है। आईएमएफ-एसएआरटीटीएसी द्वारा किए गए राज्य वित्त लेखों एवं कैश बेसिस आईपीएसएएस विवरण के बीच अंतर विश्लेषण अध्ययन से पता चला है कि राज्य वित्त लेखे काफी हद तक आईपीएसएएस के अनुवर्ती हैं। आईएमएफ-एसएआरटीटीएसी ने सुझाए गए मॉडलों के साथ-साथ भूटान, नेपाल एवं श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों द्वारा लागू किए गए मॉडलों का विश्लेषण किया गया एवं तीन राज्यों- कर्नाटक, राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। मूल अध्ययन रिपोर्टों को प्रयोग के आधार पर लेखाकरण वर्ष 2022-23 से सभी राज्यों में दोहराने के लिए सरकारी लेखा विंग को भेज दिया गया है।

बोर्ड को सूचित किया गया कि उत्साहजनक परिणामों एवं गसब के प्रस्ताव के आधार पर, सीएजी ने तीन साल की समय सीमा में चरणबद्ध तरीके से देश में कैश आधारित आईपीएसएएस को रूपांतरित करने/अपनाने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है।

1.2.1.4 आईपीएसएएस कैश बेसिस अनुवर्ती वित्तीय विवरण तैयार करना

गसब ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के सहयोग से आईपीएसएएस कैश बेसिस अनुवर्ती विवरण तैयार करने के लिए निम्नलिखित विषयों की पहचान की है:

(i) आकस्मिक देनदारियां;

(ii) राजस्व प्राप्तियों की मान्यता;

(iii) बाह्य सहायता के प्राप्तकर्ता

तीन मसौदा मानकों की तैयारी पूरी कर ली गई है एवं मूल अध्ययन संचालित किए गए हैं। इन मूल अध्ययनों के परिणामों के आधार पर दस्तावेजों को संशोधित किया गया एवं तकनीकी सलाहकारों (टीए) को उनकी टिप्पणियों/सुझावों के लिए भेजा गया।

राजस्व प्राप्तियों की मान्यता पर अंतिम दस्तावेज यात्रा के कई दौरों के दौरान टीए की टिप्पणियों/सुझावों के आधार पर तैयार किया गया एवं फरवरी 2023 में बोर्ड के सदस्यों को परिचालित किया गया।

1.2.1.5 नीतिगत विकास योजना (एसडीपी)

एसडीपी तीन साल की अवधि के लिए तैयार की गई एक रोलिंग योजना है जिसमें से गसब के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार की जाती है। एसडीपी सरकारी लेखाकरण एवं वित्तीय रिपोर्टिंग में सुधार की दृष्टि से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए, सरकारी लेखाकरण मानकों के निर्माण के लिए विषयों की पहचान करने के लिए तैयार किया जाता है।

सदस्यों द्वारा प्रस्तावित नए विषयों को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कोर समिति को बोर्ड के निर्णय के अनुसार उन क्षेत्रों को अंतिम रूप देने के लिए शामिल किया गया था जिन पर मानकों की आवश्यकता थी। समिति द्वारा प्राथमिकता प्रदत्त विषयों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना है तथा एसडीपी को वार्षिक कार्य योजनाओं के माध्यम से प्रचालित किया जाना है।

कोर कमेटी का गठन अपर उप-नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (गसब) की अध्यक्षता में इसके अध्यक्ष के रूप में किया गया था। बैठक 15 फरवरी 2023 को आयोजित की गई थी जिसमें एसडीपी में प्राथमिकता के लिए नए विषयों पर चर्चा की गई एवं उन्हें अंतिम रूप दिया गया।

1.2.2 अन्य मानक

1.2.2.1 आरक्षित निधियों पर मानक मसौदा

आरक्षित निधियां भविष्य के लिए विशिष्ट प्रयोजन के लिए सृजित निधियों का संचय हैं एवं अव्यपगत हैं। वर्तमान में, आरक्षित निधियां विभिन्न मुद्दों से ग्रस्त हैं जिनमें इन निधियों में धन का गैर-हस्तांतरण/अल्प-स्थानांतरण, निर्दिष्ट उद्देश्य के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए धन का विचलन आदि शामिल हैं।

इस मानक का उद्देश्य आरक्षित निधि के लेखाकरण एवं उसकी वित्तीय रिपोर्टिंग के तरीके पर मार्गदर्शन प्रदान करना है ताकि निधि के तहत शेष राशि की मात्रा, आरक्षित निधि में धन के हस्तांतरण, व्यय के बारे में जानकारी मिल सके। निधियों से प्राप्त स्रोतों का समुचित रूप से खुलासा किया जाता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्या निधियों का उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया गया है जिसके लिए उन्हें बनाया गया था।

नवंबर 2022 में सीजीए से प्राप्त मसौदा मानक की समीक्षा की गई एवं जनवरी 2023 में अतिरिक्त सीजीए एवं संयुक्त सीजीए के साथ चर्चा की गई। विचार-विमर्श के दौरान, मसौदा मानक पर कार्यान्वयन भाग के अलावा ग्रीन बॉन्ड एवं आरक्षित निधियों के सृजन जैसे अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

संशोधित मसौदा फरवरी 2023 में सीजीए द्वारा अग्रेषित किया गया था एवं इसे वित्तमंत्रालय के साथ साझा किया गया एवं जांच/समीक्षा के लिए जीए विंग को भेजा गया है।

1.2.2.2 मानकों की समीक्षा, अधिसूचना के लिए भेजी गई लेकिन अभी तक अधिसूचित नहीं की गई

जून 2019 में संशोधित मानक अर्थात. **आईजीएएस 2: सहायता अनुदान का लेखाकरण एवं आईजीएएस 3: ऋण एवं अग्रिम** का लेखाकरण अधिसूचना को अंतिम रूप देने के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा गया था। सीजीए के परामर्श से आगे के संशोधन के लिए संबंधित दस्तावेजों की फिर से समीक्षा की जा रही है।

साई, इंडिया ने घोषणाओं को अघतन करने, संशोधित करने, चालू रखने एवं सरकारी लेखाकरण वातावरण में परिवर्तनों को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रत्येक तीन वर्ष में मौजूदा घोषणाओं की समीक्षा करने का प्रस्ताव किया था। वित्त मंत्रालय को मसौदा मानकों को भेजे जाने एवं तत्पश्चात अधिसूचना के उद्देश्य से इन मानकों के लंबित रहने पर समय अंतराल को देखते हुए, निम्नलिखित मानकों एवं मार्गदर्शन नोट को स्वतः संशोधित करने का निर्णय लिया गया था:

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन एवं विनिमय दर में बदलाव से हानि या लाभ

ii. इक्विटी में सरकारी निवेश/सार्वजनिक परिसंपत्तियों का विनिवेश

iii. सार्वजनिक ऋण एवं सरकारों की अन्य देनदारियां।

iv. अचल संपत्तियों के लेखाकरण पर मार्गदर्शन नोट

इक्विटी में सरकारी निवेश संबंधी मानक के मसौदे को हितधारकों के उत्तरों/टिप्पणियों के आधार पर पूर्णत संशोधित किया गया था एवं इसका नाम बदलकर 'सार्वजनिक परिसंपत्तियों का विनिवेश' कर दिया गया था। संशोधित मसौदा मानक को टीए को परिचालित कर दिया गया है एवं उनकी टिप्पणियों/सुझावों के आधार पर मानक के मसौदे को अघतन किया गया है तथा बोर्ड के सदस्यों को टिप्पणियों/सुझावों के लिए परिचालित किया गया है। सदस्यों की टिप्पणियों के आधार पर, मसौदा मानक को चर्चा एवं आगे की कार्रवाई के लिए अगली बोर्ड बैठक के समक्ष रखा जाएगा।

दिए गए उपरोक्त अन्य मानकों के संबंध में संशोधित मसौदों को लक्ष्य के अनुसार वर्ष के दौरान पूरा कर लिया गया है एवं सदस्यों को पुनरीक्षण एवं टिप्पणियों/सुझावों के लिए परिचालित किया गया है। आगे संशोधन करने तथा इसे अंतिम रूप देने के लिए इन पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है|

1.3 भारत में प्राकृतिक संसाधन लेखाकरण: परियोजना का अवलोकन एवं उपलब्धियाँ

भारत सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 2030 का एक हस्ताक्षरकर्ता है। निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा अनिवार्य, पर्यावरण-आर्थिक लेखाकरण प्रणाली - केंद्रीय ढांचे की आवश्यकताओं के अनुसार गसब(जुलाई 2020) द्वारा एनआरए पर एक संकल्पना पत्र तैयार किया गया था। इस पेपर में एसडीजी, 2030 के लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाने के लिए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालिक लक्ष्य नामक त्रिस्तरीय कार्य योजना निर्धारित की गई थी। जबकि खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों पर परिमितता एवं जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव के कारण परिसंपत्ति लेखाओं की तैयारी को प्राथमिकता दी गई थी, पेपर में जल, वानिकी एवं वन्यजीव एवं भूमि संसाधनों जैसे अन्य संसाधनों को भी सूचीबद्ध किया था।

एनआरए को लागू करने में गसब की पहल एवं प्रयास को नीचे दिए गए ब्लॉक आरेख के माध्यम से दर्शाया गया है।

इन पर निम्नानुसार चर्चा की गई है:

निरंतर विचार-मंथन - सलाहकार समिति एवं राज्य एनआरए प्रकोष्ठ: केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय एनआरए प्रकोष्ठों का गठन हितधारको के साथ किया गया था जिनमें भारत सरकार/राज्य सरकारों के मंत्रालय, विनियामक एजेंसियां, ज्ञान केंद्र एवं शैक्षिक समुदाय शामिल हैं। इन विशेषज्ञों की विशेषज्ञता से काफी लाभ हुआ क्योंकि गसब ने खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों पर परिसंपत्ति लेखाओं के टेम्पलेट तैयार करते समय राज्यों में महालेखाकार (महालेखाकारों के) कार्यालयों के माध्यम से राज्य सरकारों के साथ सहयोग किया जिसमें डेटा प्राप्त किया जाना है।

लगातार अनुवर्ती कार्रवाई एवं मार्गदर्शन: अक्टूबर 2021 से, सभी 28 राज्यों, संघ शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के साथ मासिक बैठकें कार्य की प्रगति की निगरानी करने, विचारों का आदान-प्रदान करने, चुनौतियों एवं अच्छी पद्धतियों के लिए आयोजित की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी राज्य इस समयबद्ध प्रक्रिया को पूरा करने में एक साथ हैं।

मार्गदर्शन/एसओपी/सलाह: टेम्प्लेट भरने में राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की सहायता करने के लिए, गसब ने दिसंबर 2021 में मार्गदर्शन एवं मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की। गसब ने परिसंपत्ति लेखाओं की तैयारी की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कई सलाह भी जारी की थी।

प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण: उपर्युक्त के अलावा, गसब ने न केवल महालेखाकार कार्यालयों में बल्कि राज्य सरकार के विभागों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं क्षमता निर्माण की व्यवस्था की थी। एनआरए के विचार को व्यक्त करने, मुद्दों एवं चुनौतियों, नवाचारों, अच्छी पद्धतियों पर चर्चा करने के लिए गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश में सात राज्य विशिष्ट कार्यशालाएँ आयोजित की गई - जो राज्यों के पूर्ण सहयोग से काफी हद तक सफल रहीं।

खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों पर परिसंपत्ति लेखाओं का राष्ट्रीय संग्रह: 28 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर में तैयार किए गए परिसंपत्ति लेखाओं के आधार पर, गसब ने इन राज्यों में 107 प्रमुख/लघु खनिजों एवं जीवाश्म ईंधन से युक्त एक राष्ट्रीय संग्रह तैयार किया है, जिसे 20 अक्टूबर 2022 को माननीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान राज्य मंत्री तथा सीएजी द्वारा जारी किया गया था। माननीय मंत्री ने अपने भाषण में देश में खनिजों का पहला ऐसा संकलन लाने के लिए सीएजी की संस्था को बधाई दी एवं आजादी की 75 वीं वर्षगांठ *आज़ादी का अमृत महोत्सव* के शुभ अवसर पर राष्ट्र को दस्तावेज समर्पित किया-एवं कहा कि यह खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों पर सबसे प्रामाणिक दस्तावेज है जो सीधे उनके बेहतर प्रबंधन में योगदान देगा।

खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों पर परिसंपत्ति लेखाओं का संग्रह 20 अक्टूबर 2022 को माननीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री, श्री प्रह्लाद जोशी द्वारा सीएजी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जारी किया गया।

परिसंपत्ति लेखाओं के संकलन के अलावा, संग्रह में अच्छी पद्धतियों, राज्यों में नवाचार एवं अध्ययन से मिली टिप्पणियों को शामिल किया गया था। इसके अलावा, गसब ने संग्रह के अध्याय सात में तीन खंडों में अलग-अलग तीन आयामी सुझाव देने वाले उपायों को शामिल किया है ताकि इष्टतम राजस्व वसूली एवं खनिज संसाधनों की बर्बादी/चोरी को रोकने के लिए संसाधनों के प्रबंधन में राज्यों की सहायता करने के लिए उन्हें अंतर्दृष्टि प्रदान की जा सके।

खंड क में उन संभावित पहलों के बारे में चर्चा की गई है जो मंत्रालयों एवं राज्यों में खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों के प्रबंधन में पहले से मौजूद प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में सुधार कर सकती हैं।

खंड ख में खनन परिचालनों के सभी पहलुओं पर आद्योपांत आंकड़े प्राप्त करने एवं प्रभावी निगरानी के लिए जिला स्तर के कार्यालयों से निदेशालयों तक समान आवधिक रिपोर्टिंग तंत्र को व्यवस्थित करने एवं भविष्य के लिए परिसंपत्ति लेखाओं के संकलन के लिए त्रैमासिक रिपोर्टिंग ढांचे के परिचालन के लिए अनुप्रयोग शामिल है।।

खंड ग में राज्य के राजकोष के लिए राजस्व श्रोतों के इष्टतम उपयोग एवं भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों की संवहनीयता में मदद करने के लिए अवैध/अवैज्ञानिक खनन की गुंजाइश को कम करने के लिए सर्वोत्तम संभव नियंत्रण एवं निगरानी प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करके संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए संसाधनों की आपूर्ति एवं उपयोग/बिक्री/निर्यात का मानचित्रण करने की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है।

संसाधनों के उपयोग एवं आपूर्ति के मानचित्रण की महत्वाकांक्षी योजना: भारत में एनआरए को लागू करने एवं देश भर में संसाधनों के प्रबंधन की एक त्रुटिरहित तंत्र बनाने के गसब के विचार में अन्य बातों के साथ-साथ देश में खनिज संसाधनों की आपूर्ति एवं उपयोग या 360 डिग्री रूपरेखा की मानचित्रण की महत्वाकांक्षी योजना शामिल थी।

पर्यावरणीय क्षति के लिये लेखाकरण: ऊपर उल्लिखित प्रयास के समानांतर, गसब ने पर्यावरणीय क्षति के लेखाकरण को भी रेखांकित किया है जो पर्यावरण-आर्थिक लेखा तंत्र (एसईईए) ढांचे द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अन्य आवश्यकता है। रूपरेखा को पांच राज्यों- असम, गुजरात, ओडिशा, तमिलनाडु एवं तेलंगाना में संचालित किया जा रहा है एवं 2023-24 के दौरान शेष राज्यों में भी इसके दोहराए जाने की उम्मीद है।

अच्छी तरह से प्रलेखित वेबपेज: एनआरए के कार्यान्वयन पर हुई प्रगति के प्रसार के लिए, 'एनआरए' नामक एक लिंक गसब वेबसाइट में शामिल किया गया है एवं सीएजी की वेबसाइट से भी जोड़ा गया है। की गई प्रगति, बैठकों के कार्यवृत्त, कार्य की स्थिति, दिशानिर्देशों/एसओपी की प्रतियां आदि सभी की जानकारी सार्वजनिक सूचना एवं इनपुट, यदि कोई हो, तो वास्तविक समय के आधार पर अपलोड की जाती है।

परियोजना का परिणाम: राज्यों के लिए महत्वपूर्ण सूचना के भंडार के रूप में उनके संसाधन आधारों, राजस्व के भावी स्रोतों एवं वैकल्पिक स्वच्छ ऊर्जा संसाधनों की पहचान के संबंध में परिसंपत्ति लेखे महत्वपूर्ण हैं। देश के लिए खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों पर परिसंपत्ति लेखाओं के कार्यान्वयन से भारत उन विशिष्ट देशों के समूह में प्रवेश करने में सक्षम होगा जो राष्ट्रीय एवं राज्य-वार भौतिक एवं मौद्रिक दोनों अर्थों में प्राकृतिक संसाधनों पर वार्षिक परिसंपत्ति लेखे सृजित करते हैं।

दूसरा, कमजोर संसाधनों पर परिसंपत्ति लेखे तैयार करके, गसब ने भारत को उन देशों की विशिष्ट सूची में शामिल होने में सक्षम बनाया है जहां एनआरए सालाना उत्पन्न होता है।

तीसरा, गसब ने राज्यों में किए गए अध्ययन के दौरान की गई टिप्पणियों को भी शामिल किया है जो अध्याय चार एवं छः में शामिल हैं। इनमें प्रभुत्व एवं बाजार मूल्यों के बीच भिन्नता, संसाधनों की संवहनीयता, आंकलन में कमियां एवं जिला खनिज फाउंडेशन के संग्रह, संसाधनों के ग्रेड-वार उत्पादन का रिपोर्ट में उल्लेखित न होना जिससे राजस्व के रिसाव की गुंजाइश, अवैध खनन पर उचित निगरानी का अभाव, जियो-टैगिंग एवं जियो-फेंसिंग आदि शामिल है, जिसमें राज्यों में विशिष्ट लेखापरीक्षा जैसे पीए/टीए उत्पन्न करने की क्षमता है।

1.4 लेखापरीक्षा पद्धति एवं मार्गदर्शन

व्यावसायिक व्यवहार समूह (पीपीजी) के अधिदेश में नई लेखापरीक्षा पद्धतियों का विकास, प्रसार एवं कार्यान्वयन शामिल है एवं यह लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली एवं प्रक्रियाओं से संबंधित तकनीकी मुद्दों के लिए एक सलाहकार विंग के रूप में कार्य करता है। पीपीजी एक नई कार्यप्रणाली को अपनाने या पहल करने से पहले एवं मौजूदा कार्यप्रणाली को संशोधित करते समय एक परामर्शी दृष्टिकोण अपनाता है। पीपीजी नई लेखापरीक्षा पद्धतियों के विकास के साथ-साथ नए दिशानिर्देशों एवं अभ्यास नोट्स जारी करके विभाग के भीतर सर्वोत्तम पद्धतियों के उनके आंतरिककरण पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक संगठन को व्यावसायिक इनपुट भी प्रदान करता है।

वर्ष के दौरान अनुपालन लेखापरीक्षा, वित्तीय लेखापरीक्षा एवं निष्पादन लेखापरीक्षा से जुड़ी मौजूदा कार्यप्रणालियों एवं प्रक्रियाओं पर स्पष्टीकरण जिनमें हितधारकों के साथ बातचीत; प्रारूपण एवं रिपोर्टिंग; संसद/विधानमंडल के साथ बातचीत; पीएसयू/पीएसई के लिए सामान्य प्रयोजन वित्तीय रिपोर्ट आदि, जैसे मामले शामिल थे, अच्छे लेखन पर सामान्य सलाह को शामिल करने के लिए "शैली मार्गदर्शिका"- हिंदी स्टाइल गाइड, लेखापरीक्षा रिपोर्ट का मसौदा तैयार करने के लिए अपनाई जाने वाली परंपराएँ; हिंदी में रिपोर्ट तैयार करने में व्याकरण संबंधी विशिष्टताएँ एवं बारीकियाँ; शब्दकोश आदि का उपयोग के लिए प्रकाशित की गई।

1.5 स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा हेतु जारी मार्गदर्शन

स्थानीय निकायों के लेखापरीक्षा के संबंध में 2022-23 के दौरान निम्नलिखित मार्गदर्शन जारी किए गए

(1) जिला निरीक्षण रिपोर्ट (डीआईआर) के लिए संशोधित टेम्पलेट के साथ, स्थानीय निकायों (एलबी) द्वारा उन्हें सौंपे गए कार्यों के लिए सेवा वितरण का आकलन करने के लिए, जिला केंद्रित लेखापरीक्षा में मुख्य केंद्र बिन्दु के रूप में कार्य -आधारित लेखापरीक्षा आयोजित करने के लिए जुलाई 2022 में मार्गदर्शन जारी किया गया था। इसके बाद कार्य-आधारित लेखापरीक्षा के लिए मुद्दा विश्लेषण की तैयारी के लिए मार्गदर्शन/विचार दिए गए(दिसंबर 2022)।

(2) संशोधित प्रारूप में वार्षिक तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट (एटीआईआर) तैयार करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन का संचालन एवं समर्थन की योजना के लिए विस्तृत रूपरेखा वाली एक 'टीजीएस प्रैक्टिस गाइड' दिसंबर 2022 में जारी की गई थी।

(3) क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नगर निगमों के लेखापरीक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए दिसंबर 2022 में एक मार्गदर्शन जारी किया गया था।

(4) फरवरी 2023 में स्थानीय निकायों की लेखापरीक्षा के परिणाम के रूप में दो अलग-अलग रिपोर्ट तैयार करने के लिए मार्गदर्शन जारी किया गया था, अर्थात सीएजी की स्थानीय निकाय लेखापरीक्षा रिपोर्ट, जिसमें सीएजी के डीपीसी अधिनियम के अनुसार आईए एंड एडी द्वारा किए गए लेखापरीक्षा के परिणामों को शामिल किया गया था, एवं तकनीकी मार्गदर्शन एवं समर्थन गतिविधि की गतिविधियों एवं परिणाम को कैप्चर करते हुए एटीआईआर तैयार करना।

1.6 सीएजी के संगठन में नई पहल एवं अच्छी पद्धतियों का संग्रह

सीएजी के संगठन में नई पहलों एवं अच्छी पद्धतियों का संकलन जिसका शीर्षक 'दा केटलिस्टस इन परसुऐट ऑफ गुड गर्वनैन्स' का दूसरा संस्करण सीएजी द्वारा 'ऑडिट दिवस' – 16 नवंबर 2022 को जारी किया गया था। हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों में जारी किया गया सार-संग्रह, सीएजी के तहत क्षेत्रीय कार्यालयों एवं कार्यात्मक विंग में नई पहलों एवं सर्वोत्तम पद्धतियों का संकलन है। इस पहल में गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जैसे लेखापरीक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग, व्यवसाय प्रक्रिया में सुधार, क्षमता निर्माण एवं वर्ष के दौरान आयोजित प्रभावशाली लेखापरीक्षा। यह संग्रह हमारे हितधारकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने के लिए लेखापरीक्षा एवं लेखाकरण के हमारे मानकों को लगातार नया करने एवं सुधारने के लिए हमारी संस्था के प्रयासों को प्रदर्शित करता है।

अध्याय 2

क्षमता निर्माण

2.1 प्रस्तावना

साई इंडिया अपने कर्मियों में मजबूत प्रशिक्षण क्षमता के माध्यम द्वारा, व्यवहारिक कौशल तथा विशेषज्ञता के निरन्तर उन्नयन का प्रयास करता है। प्रशिक्षण कार्य नीति, ***"पेशेवर तथा संस्थागत विकास को बढ़ावा देने"*** के लक्ष्य को पूरा करने के लिए गहन प्रशिक्षण तथा ज्ञान सहभाजन प्रदान करने के माध्यम से कार्मिक को अपनी भूमिका के निष्पादन तथा मूल्य निर्माण में सहायता करने तथा मजबूत बनाने के प्रति उन्मुख है।

2.2 साई इंडिया में क्षमता निर्माण

साई इंडिया के क्षमता निर्माण के उद्देश्य निम्न हैं:

- कार्य-क्षेत्रज्ञान को सुधारना तथा इसे प्रशिक्षण सामग्री में बदलना
- ज्ञान तथा सूचना सहभाजन
- शिक्षण एवं अध्ययन वातावरण में सुधार करना
- सीखने के परिणामों में सुधार करना

2.3 प्रशिक्षण कार्य प्रणाली तथा प्रक्रियाएं

i. **केंद्रिय प्रशिक्षण सलाहकार समिति** (सीटीएसी) प्रतिवर्ष केंद्र बिन्दु, गुणवत्ता तथा औचित्य को सुनिश्चित करने के लिए साई इंडिया में सभी प्रशिक्षण गतिविधियों तथा कार्यक्रमों की समीक्षा करती है। सीटीएसी, क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थानों की क्षेत्रीय सलाहकार समिति के कार्यों का भी निरीक्षण करती है। 47वीं सीटीएसी बैठक मार्च 2023 में, उप-नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (एचआर, आईआर और समन्वय) की अध्यक्षता में सीएजी कार्यालय में आयोजित की गई थी।

ii. **आरटीआई/आरटीसी के अध्यक्षों की बैठक**: आरटीआई/आरटीसी के अध्यक्षों की बैठक अपने समकक्षों के साथ अपनी विशेषज्ञता और बेहतर प्रथाओं को साझा करने हेतु एक संगोष्ठी प्रस्तुत करने के लिए आयोजित की जाती है।

बैठक का उद्घाटन करते हुए सीएजी

माननीय सीएजी, उपनियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (एचआर, आईआर और समन्वय), महानिदेशक (प्रशिक्षण) और आरटीआई/आरटीसी के प्रमुख

आरटीआई/आरटीसी के अध्यक्षों की 5वीं बैठक मार्च 2023 में सीएजी कार्यालय में आयोजित की गई थी। बैठक का उद्घाटन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा किया गया तथा इसकी अध्यक्षता उप-नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (एचआर, आईआर और समन्वय) ने की थी।

iii. **प्रशिक्षण आवश्यकता का विश्लेषण**, प्रशिक्षण के लिए एक सुव्यवस्थित दृष्टिकोण की ओर पहला कदम है तथा इसे पाठयक्रमों के प्रभावकारी रूप-रेखा, कार्यान्वयन तथा प्रशिक्षण के मूल्यांकन के लिए प्रतिवर्ष कार्यान्वित किया जाता है।

iv. **संरचित प्रशिक्षण मॉड्यूल** प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सामग्री और संदर्भों का एक सुसंबद्ध संकुल है। इसमें प्रशिक्षक के काम को सुविधाजनक बनाने के लिए मार्गदर्शक पत्र, पृष्ठभूमि दस्तावेज़ और नोट्स के अलावा प्रतिभागियों के लिए पठन सामग्री भी शामिल है। प्रशिक्षण मॉड्यूल के लिए विषय-वस्तु अधिकारियों की एक टीम जो विषय-वस्तु विशेषज्ञ होते हैं, के द्वारा विकसित की जाती है।

31 मार्च 2023 तक, 74 एसटीएम विकसित किए गए, समकक्ष समीक्षा की गई तथा प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए आरटीआई/आरटीसी को भेजा गया। निम्नलिखित एसटीएम, 2022-23 के दौरान विकसित किए गए थे:

- सरकारी लेखा मानक सलाहकार बोर्ड (गसब)
- एक सरकारी कर्मचारी को स्वीकार्य विभिन्न हकदारियां
- कंप्यूटर सहायता प्राप्त लेखापरीक्षा तकनीक (सीएएटी) के रूप में पोस्टग्रेएसक्यूएल का उपयोग करना
- पंचायती राज संस्थानों का विधायी ढांचा और लेखाकार ढांचा (अद्यतन)
- आईटी सुरक्षा और साइबर कानून
- डेटा सुरक्षा - गोपनीयता और संरक्षण

- आईटी सुरक्षा मुद्दे - नेटवर्क सुरक्षा और मूल्यांकन
- पोर्ट ट्रस्टों की लेखापरीक्षा
- वित्त और विनियोग लेखाखातों की तैयारी (अद्यतन)

v. वैयक्तिक अध्ययन/शोध पत्रों का विकास:

वैयक्तिक अध्ययन परिपक्व शिक्षा विधि हेतु सशक्त तथा व्यवहारिक उपकरण है। वैयक्तिक अध्ययन प्रक्रिया एक अध्ययन कक्ष बनाती है जिसमें विद्यार्थी साधारण तौर पर तथ्यों तथा सिद्धांतों को आत्मसात करके ही नहीं सीखते अपितु वास्तविक मामलों में विश्लेषण, संश्लेषण, नेतृत्व तथा दलकार्य के कौशल का उपयोग करके भी सीखते हैं।

31 मार्च 2023 तक, प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए 39 वैयक्तिक अध्ययन विकसित किए गए हैं, समकक्ष समीक्षा की गई है तथा आरटीआई/आरटीसी को प्रसारित किया गया है। 2022-23 के दौरान निम्नलिखित वैयक्तिक अध्ययन विकसित किए गए:

- पश्चिम बंगाल में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन
- डेटा एश्योरेंस और विश्लेषिकी उपकरण
- व्यय का गलत वर्गीकरण: पूंजीगत से राजस्व एवं राजस्व से पूंजीगत
- पीआरआई द्वारा निर्माण योजना का अनुमोदन
- 2017-18 के लिए महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर नोट
- आईएनडीएएस 115 में निहित राजस्व मान्यता के सिद्धांतों की प्रयोज्यता
- वित्तीय विवरणों में उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) ऋण का लेखांकन
- सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) व्यवस्था में निजी भागीदार के अभिलेखों तक पहुंच - लेखापरीक्षा का अधिदेश और दायरा
- डेस्क-सह -बेंच का परिहार्य व्यय एवं अतिरिक्त खरीद
- स्टाम्प शुल्क का कम उद्ग्रहण।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने ऑडिट दिवस 2022 के अवसर पर प्रशिक्षण प्रभाग द्वारा संकलित 'वैयक्तिक अध्ययन का संग्रह' का पहला अंक जारी किया। यह संग्रह विभाग के सभी उपयोगकर्ताओं के लिए साई प्रशिक्षण पोर्टल पर उपलब्ध है।

2.4 साई इंडिया के संस्थानों में प्रशिक्षण

साई इंडिया की प्रशिक्षण अवसंरचना में तीन केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, 10 क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान तथा दो क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र सम्मिलित है।

2.4.1 केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण

2.4.1.1 राष्ट्रीय लेखापरीक्षा तथा लेखाअकादमी (एनएएए)

2022-23 के दौरान, एनएएए ने 2020, 2021 और 2022 बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए समावेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों का आयोजन किया, जिसमें 53 भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा (आईएएंडएएस) अधिकारी प्रशिक्षुओं और छह अधिकारी भूटान के रॉयल लेखापरीक्षा प्राधिकरण के तथा साई मालदीव के दो

अधिकारियों ने अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया था/प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। 2020 बैच के 20 आईएएंडएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं ने सितंबर 2022 में अकादमी में सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया एवं अकादमी में अपना चरण-1 प्रशिक्षण पूरा करने वाले 2021 बैच के 16 आईएएंडएएस अधिकारी प्रशिक्षु वर्तमान में अपने कार्यस्थलीय प्रशिक्षण के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों में हैं। 2022 बैच के 17 आईएएंडएएस अधिकारी प्रशिक्षु और रॉयल लेखापरीक्षा प्राधिकरण भूटान के दो अधिकारी एवं साई मालदीव के दो अधिकारियों ने दिसंबर 2022 में अकादमी में अपने समावेशन प्रशिक्षण में शामिल हुए तथा वर्तमान में अकादमी में उनका चरण-1 का प्रशिक्षण चल रहा है।

अकादमी के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है अधिकारी प्रशिक्षुओं को आंतरिक प्रशिक्षण, पाठ्येतर और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सिविल सेवकों के रूप में व्यावसायिक ज्ञान और क्षमता प्राप्त करने में मदद करना। व्यावसायिक ज्ञान के लिए इनपुट एक संवादात्मक कक्षा वातावरण के माध्यम से अध्ययन सत्रों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से प्रख्यात व्यक्तित्वों द्वारा व्याख्यान श्रृंखला के माध्यम से विभिन्न संगठनों के कामकाज पर व्यावहारिक सत्र के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं।

वर्ष 2022-23 के दौरान, अकादमी ने प्रख्यात व्यक्तित्वों द्वारा 'प्रज्ञान' व्याख्यान श्रृंखला के तहत दो व्याख्यान आयोजित किए। पहला व्याख्यान 21 अप्रैल 2022 को नीति आयोग के सदस्य प्रो. रेमेश चंद ने "भारतीय कृषि के लिए मुद्दे, चुनौतियाँ और आगे का रास्ता" विषय पर दिया और भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ वी अनंत नागेश्वरन ने 13 अगस्त 2022 को "अर्थशास्त्र और सार्वजनिक उत्तरदायित्व के संगम" पर दूसरा व्याख्यान दिया।

आईएएंडएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं के समावेशन प्रशिक्षण के अलावा अकादमी कार्यरत आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम और अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारी प्रशिक्षुओं और भारतीय सेना के अधिकारियों के लिए लेखापरीक्षा एवं लेखा संवेदीकरण पाठ्यक्रम आयोजित करती है। 2022-23 के दौरान अकादमी में दो कार्यशालाओं सहित 13 सेवारत पाठ्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 296 अधिकारियों ने भाग लिया।

2.4.1.2 अंतर्राष्ट्रीय सूचना पद्धति एवं लेखापरीक्षा केंद्र (आईसीसा)

अंतर्राष्ट्रीय सूचना पद्धति एवं लेखापरीक्षा केंद्र (आईसीसा), नोएडा साई इंडिया का प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है जो मुख्य रूप से आईएस लेखापरीक्षा और डेटा विश्लेषिकी से संबंधित क्षेत्रों में दुनिया भर के लेखापरीक्षकों की क्षमता निर्माण में काम करता है। आईसीसा की स्थापना मार्च 2002 में सूचना प्रणाली एवं सूचना प्रौद्योगिकी लेखापरीक्षा के लिए नवीनतम शिक्षाशास्त्र और प्रशिक्षण उपकरणों का उपयोग करके फ्रंटलाइन लेखापरीक्षा उत्पादों को अभिकल्पित करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए उच्च गुणवत्ता, कौशल-विकासशील प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के लिए की गई थी। आईसीसा विविध क्षेत्रों में प्रासंगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन और वितरित करने के लिए अत्याधुनिक आईएस प्रौद्योगिकियों में भारत में उपलब्ध समृद्ध प्रतिभावापी का उपयोग करता है। आईसीसा ने 31 मार्च 2023 तक विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 150 देशों के 5,080 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों[1] (आईटीपी) के संचालन के अलावा, आईसीसा ने वर्ष 2022-23 के दौरान 16 राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों (आईएएंडएडी के अलावा सात अन्य विभागों सहित) आयोजित किए, जिनमें सूचना प्रणाली, डेटा विश्लेषिकी और अन्य लेखापरीक्षा के क्षेत्रों में 398 प्रतिभागियों (अन्य विभागों से 167 सहित) ने भाग लिया।

---

[1] खंड 5 का अध्याय 5 का संदर्भ लें

आईसीसा एक द्विवार्षिक ई-जर्नल-पर्स्युट प्रकाशित करता है, जिसे ईमेल के माध्यम से सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रसारित एवं आईसीसा की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। आईसीसा ने लेखापरीक्षिती सत्त्वों द्वारा उपयोग किए जाने वाले आईटी अनुप्रयोगों का विवरण एकत्र करने के लिए एक टूलकिट भी विकसित किया है, जिसे सभी क्षेत्रीय लेखापरीक्षा कार्यालयों के साथ साझा किया गया है। इसके अलावा, आईसीसा विभिन्न ई-लर्निंग मॉड्यूल विकसित करके क्षमता निर्माण में योगदान दे रहा है। आईसीसा द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं से यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर एक ई-लर्निंग मॉड्यूल विकसित किया गया है और इसे साई प्रशिक्षण पोर्टल पर प्रकाशित किया गया है।

2.4.1.3 पर्यावरणीय लेखापरीक्षा और सतत विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (आईसीईडी)

आईसीईडी की स्थापना 2013 में पर्यावरण लेखापरीक्षा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और ज्ञान साझा करने के लिए की गई थी। आईसीईडी पर्यावरण लेखापरीक्षा और सतत विकास के क्षेत्र के लिए विशिष्ट रूप से समर्पित है एवं वर्षों से पर्यावरण लेखापरीक्षा करने में भारत की विशेषज्ञता का उपयोग करना चाहता है। आईसीईडी, पर्यावरण लेखापरीक्षा पर कार्य समूह की तथा सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों का अंतर्राष्ट्रीय संगठन (इंटोसाई) के निष्कर्षण उद्योगों पर कार्य समूह (अगस्त 2016 से) की एकनामित वैश्विक प्रशिक्षण सुविधा (जीटीएफ) भी है।

वर्ष 2022-23 के दौरान, आईसीईडी द्वारा 23 क्षमता-निर्माण और ज्ञान-साझाकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इनमें से नौ राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, चार राष्ट्रीय कार्यशालाएं/क्षेत्रीय सेमिनार, चार प्रशिक्षण प्रशिक्षक के कार्यक्रम के लिए तथा छह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम थे। चार कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में और 19 कार्यक्रम ऑफलाइन मोड में आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कुल 423 प्रतिभागियों (179 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी और 244 राष्ट्रीय प्रतिभागी) ने भाग लिया।

आईसीईडी के पास साई इंडिया की पर्यावरण लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान परियोजनाएं लाने के लिए टेरी (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट) जैसे अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से एक जीवंत संस्थानिक अनुसंधान कार्यक्रम है।

आईसीईडी विभिन्न पर्यावरण लेखापरीक्षा रिपोर्ट और अन्य संबंधित सामग्री के इनपुट को मिलाकर एक त्रैमासिक समाचार पत्र "ग्रीन फाइल्स" जारी करता है, जिसे साई इंडिया में एवं उसके बाहर बहुत सराहा जाता है।

2022-23 की अवधि के दौरान, आईसीईडी ने समसामयिक पर्यावरणीय विषयों और जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा से संबंधित उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन को कम करने में वर्षावनों के महत्व जैसे वर्गों को शामिल किया है।

ब्लू इकोनॉमी पर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में आईसीईडी

ब्लू इकोनॉमी की अवधारणा पेचीदा, उलझी हुई, जटिल से जटिल, एवं प्रकृति में भिन्न है तथा लेखापरीक्षा के लिए कई चुनौतियां पेश करती है। साई इंडिया द्वारा लेखापरीक्षा केंद्र बिन्दु के एक उभरते क्षेत्र के रूप में ब्लू इकोनॉमी को पर्यावरण लेखापरीक्षा में आईसीईडी की समग्र भूमिका के अनुरूप बनाया जा सकता है।

आईसीईडी, आईसीईडी के संस्थागत तंत्र के अंतर्गत अनुसंधान और संबद्ध गतिविधियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम के रूप में "ब्लू इकोनॉमी पर उत्कृष्टता केंद्र" बनना चाहता है। यह पर्यावरण लेखापरीक्षा एवं सतत विकास के मुद्दों में विशेष क्षमता निर्माण के संचालन में आईसीईडी के दशक भर के अनुभव का उपयोग करेगा।

2.4.2 क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थानों/केंद्र/संस्थानिक प्रशिक्षण में प्रशिक्षण

साई इंडिया के देश भर में 10 क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (आरटीआई) और दो क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र(आरटीसी)स्थित हैं। क्षमता निर्माण के लिए कार्यालय विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय अल्पावधि के संस्थानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं।

2022-23 के दौरान आरटीआई/आरटीसी ने 653 पाठ्यक्रम (382 सामान्य और 271 आईटी) आयोजित किए और 14,226 को प्रशिक्षित किया। इसी अवधि के दौरान क्षेत्रीय कार्यालयों ने 1,221 संस्थानिक पाठ्यक्रम आयोजित किए और 17,544 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया।



ये प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जीएसटी, कार्य लेखापरीक्षा, अनुपालन लेखापरीक्षा, निष्पादन लेखापरीक्षा, वित्तीय सत्यापन लेखापरीक्षा और आईटी विषयों जैसे कि डेटा विश्लेषिकी, आईटी वातावरण में लेखापरीक्षा, ओरेकल और कंप्यूटर सहायता प्राप्त लेखापरीक्षा तकनीकों जैसे विभिन्न विषयों पर आयोजित किए गए थे।

आरटीआई शिलांग में ओआईओएस

कार्यशाला आरटीआई चेन्नई में प्रशिक्षण सत्र

2.5 प्रतिष्ठित संस्थाओं में आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए सेवाकालीन महत्वपूर्ण प्रशिक्षण

आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए मध्य सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) के पैटर्न को मई 2016 में डीओपीटी के आदेशों के अनुसार संशोधित किया गया था। वर्तमान में इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

i) **7-9 वर्षों की सेवा वाले आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम (ईडीपी)** ताकि सार्वजनिक नीति तथा वित्तीय मुद्दों की जानकारी को बढ़ाया जा सके, विश्लेषणात्मक साधनों तथा प्रबंधन कुशलता को सुदृढ़ किया जा सके।

ii) **14-16 वर्षों की सेवा वाले आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी)** ताकि अवसरों का तथा तकनीकी इनपुटों के विस्तार, विश्लेषणात्मक साधन, प्रबंधन कुशलता तथा अंर्तवैयक्तिक कौशलों को सुदृढ़ किया जा सके।

iii) **26-28 वर्षों की सेवा वाले आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए विकसित प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एएमडीपी)** ताकि वरिष्ठ प्रबंधकों के द्वारा सामना किए जा रहे बहु-आयामी मुद्दों, जिसमें, नीति विकास, निष्पादन प्रबंधन, संगठनात्मक रूपरेखा, मध्यस्थता वार्ता और नेतृत्व सम्मिलित हैं, के अवसरों का विस्तार किया जा सके।

वर्ष 2022-23 के लिए आईएएंडएएस अधिकारियों की एमसीटीपी निम्नानुसार आयोजित की गई थी:

- आईआईएम बैंगलुरु में 25 आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए दो चरणों में तीन सप्ताह का ईडीपी आयोजित किया गया था अर्थात चरण I -02 से 11 जनवरी 2023 तक और चरण II-27 फरवरी से 03 मार्च 2023 तक।
- 20 आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए दो सप्ताह का एमडीपी अर्थात सप्ताह-1 में 27 फरवरी से 03 मार्च 2023 तक के लिए आईआईएम अहमदाबाद में आयोजित किया गया था। और सप्ताह-2 में 13-17 मार्च 2023 तक एनएए, शिमला (विदेशी घटक के बदले) में है।
- 23 आईएएंडएएस अधिकारियों के लिए 20 फरवरी से 03 मार्च 2023 तक इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) हैदराबाद में दो सप्ताह का एएमडीपी आयोजित किया गया था।

2.6 वरिष्ठ लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारियों/सहायक लेखापरीक्षा/लेखा अधिकारियों के लिए बाह्य प्रशिक्षण

2022-23 के दौरान, 94 वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारियों/सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों को ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत, हरियाणा में "प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण" और "दिवाला और दिवालियापन" 'क्षमता मानचित्रण', 'वित्त पेशेवरों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता' और 'ब्लॉक-चेन प्रौद्योगिकी एवं क्रिप्टो-मुद्रा' पर पाँच प्रशिक्षणों में प्रशिक्षित किया गया था।

2.7 वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारियों और सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों के लिए स्व-नामांकन योजना

सीएजी ने भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में एसएओ/एएओ के प्रशिक्षण के लिए स्व-नामांकन योजना को मंजूरी दी (अक्टूबर 2019)। स्व-नामांकन योजना को नवंबर 2021 में संशोधित किया गया ताकि एसएओ/एएओ आईआईएम द्वारा आयोजित ऑनलाइन/हाइब्रिड प्रशिक्षणों में भी भाग ले सकें।

2022-23 के दौरान आईआईएम अहमदाबाद, बेंगलूरु, कोलकाता, लखनऊ और इंदौर में 15 पाठ्यक्रमों में 68 एसएओ/एएओ को प्रशिक्षित किया गया।

2.8 वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारियों और सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों के लिए मध्य-सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

मार्च 2022 से प्रशिक्षण प्रभाग ने एसएओ/एएओ के लिए पांच स्तरीय मध्य-सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) लागू किया:

एमसीटीपी	विवरण
स्तर 1	सीधी भर्ती वाले एएओ/पदोन्नत एएओ के लिए समावेशन प्रशिक्षण आरटीआई /आरटीसी में आयोजित किया जाता है
स्तर 2	7 से 12 वर्ष के सेवा कार्यकाल वाले एएओ के लिए-आरटीआई/आरटीसी में
स्तर 3	12-17 वर्ष के सेवा कार्यकाल वाले एसएओ/एएओ के लिए- आरटीआई/आरटीसी में
स्तर 4	17-22 वर्ष के सेवा कार्यकाल वाले एसएओ/एएओ के लिए बाहरी प्रशिक्षण संस्थानों अर्थात ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (ओपीजेजीयू), सोनीपत और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद में
स्तर 5	22 से अधिक वर्षों के सेवा कार्यकाल वाले एसएओ/एएओ के लिए अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम), फरीदाबाद में

2022-23 के दौरान, 113 एमसीटीपी आयोजित किए गए जिनमें 3,323 एसएओ/एएओ को प्रशिक्षित किया गया।

2.9 सीपीडी परीक्षा के लिए पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण

क्षेत्रीय कार्यालयों एवं आईसीसा नोएडा द्वारा संस्थानिक प्रशिक्षण के अलावा, अरुण जेटली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट (एजेएनआईएफएम) एवं ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (ओपीजेजीयू) जैसे बाह्य

प्रशिक्षण भागीदारों को एसएओ/एएओ/वरिष्ठ डीएओ/डीएओ-I के लिए सीपीडी पूर्व-परीक्षा प्रशिक्षण के लिए लगाया गया है। 2022-23 के दौरान, 731 एसएओ/एएओ/वरिष्ठ डीएओ/डीएओ-I को सीपीडी परीक्षा के लिए पूर्व-परीक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

2.10 स्व-शिक्षण मॉड्यूल (एसएलएम)

साई इंडिया के सभी अधिकारियों को आईटी के इष्टतम कार्यात्मक ज्ञान से लैस करने के लिए, एमएस-वर्ड, एमएस-एक्सेल, एमएस-एक्सेस, एमएस-पावरपॉइंट, ई-मेलिंग, ई-ऑफिस, पीएफएमएस, बीईएमएस और स्पैरो पर एसएलएम विकसित किए गए थे। ये मॉड्यूल साई प्रशिक्षण पोर्टल के माध्यम से सभी कर्मचारियों को उपलब्ध कराए गए थे। क्षेत्रीय कार्यालयों से इन एसएलएम पर आवधिक आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करने का अनुरोध किया गया था, ऐसी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सफल उम्मीदवारों का प्रमाणन होना चाहिए।

मार्च 2023 के अंत तक, 143 कार्यालयों में 13,425 कर्मचारी, इन मॉड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षित, क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा आयोजित मूल्यांकन परीक्षणों के लिए उपस्थित हुए और 11,479 कर्मचारियों को सफल घोषित किया गया।

2.11 निष्पादन निगरानी ढांचा

2015-16 में आरटीआई के लिए मात्रात्मक मापदंडों के साथ एक निष्पादन निगरानी ढांचा (पीएमएफ) डिजाइन किया गया एवं पेश किया गया। पीएमएफ आरटीआई की आंतरिक प्रक्रियाओं को पणधारकों की अपेक्षाओं से जोड़कर उत्कृष्टता को आंतरिक एवं संस्थागत बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने और प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ ज्ञान केंद्रों के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने की परिकल्पना करता है। आरटीआई और उसके उपयोगकर्ता कार्यालयों द्वारा आवंटित अंकों को आरटीआई का भौतिक निरीक्षण करके सत्यापित किया जाता है। वर्ष 2021-22 के लिए पीएमएफ सत्यापन 2022-23 के दौरान पूरा किया गया।

2.12 2022-23 के दौरान प्रशिक्षण प्रभाग की विशेष उपलब्धियां

2022-23 के दौरान क्षमता निर्माण में निम्नलिखित अन्य माइलस्टोन भी प्राप्त किए गए:

i) **साई इंडिया में इंटर्नशिप योजना:** 2022-23 के दौरान साई इंडिया में इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत, प्रशिक्षण प्रभाग ने तीन कार्यात्मक विंग द्वारा इंटर्न की आवश्यकता को संसाधित किया और कस्टम विंग (दो वाईपी), इकोनोमिक विंग (एक वाईपी) और वित्त एवं संचार विंग (एक वाईपी) के लिए चार युवा पेशेवरों को शामिल किया।

ii) **सिस्टम ऑटोमेशन इनिशिएटिव (एसएआई) प्रशिक्षण एप्लीकेशन:** 2022-23 के दौरान साई प्रशिक्षण पोर्टल चरण- IV की प्रगति इस प्रकार है:

क्रम सं.	मॉड्यूल	विवरण
1	ज्ञान भंडार	साई प्रशिक्षण पोर्टल पर ज्ञान भंडार स्थापित किया गया है, जिस पर सीटीआई/आरटीआई/आरटीसी,आईएएंडएएस ओटी के लिए एसएएस परीक्षा और विभागीय परीक्षा (डीई) से संबंधित प्रशिक्षण सामग्री की प्राप्त की जा सकती है। यह विभाग के सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है।
2	आईआईएम प्रशिक्षण के लिए स्व-नामांकन	कर्मचारी या तो स्वयं को नामांकित कर सकते हैं (स्व-नामांकन) या एसएआई प्रशिक्षण पोर्टल के माध्यम से भारत भर के आईआईएम में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए विभागाध्यक्ष द्वारा नामांकित किए सकते हैं।
3	मूल्यांकन मॉड्यूल	आरटीआई/आरटीसी/क्षेत्रीय कार्यालयों को (पाठ्यक्रम पूर्व) प्रवेश व्यवहार और समापन-कोर्स मूल्यांकन परीक्षा करने में सक्षम बनाने के लिए परीक्षा मॉड्यूल, अप्रैल 2023 तक अखिल भारतीय रोल-आउट के लिए विकास के अंतिम चरण में है।

iii) **शिक्षण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस):** विभाग में स्व-शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, प्रशिक्षण प्रभाग ने एक शिक्षण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) की शुरुआत की। 2022-23 के दौरान प्रायोगिक आधार पर पोर्टल में चार पाठ्यक्रम (दो सामान्य और दो आईटी) जोड़े गए हैं। साई इंडिया के सभी कर्मचारियों के पास एलएमएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों तक पहुंच है। इसके अलावा, प्रशिक्षण प्रभाग एलएमएस प्लेटफॉर्म पर अधिक पाठ्यक्रमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आरटीआई/आरटीसी के साथ काम कर रहा है।



iv) **सीधी भर्ती एएओ के लिए समावेशन प्रशिक्षण:** प्रशिक्षण प्रभाग ने सीधी भर्ती वाले एएओ के समावेशन प्रशिक्षण के लिए मौजूदा पैटर्न (पाँच माह) को निम्नानुसार संशोधित किया:

चरण 1 : चार माह का कक्ष प्रशिक्षण आरटीआई/आरटीसी में।

चरण 2: तीन माह का कार्य पर प्रशिक्षण क्षेत्रीय कार्यालयों में।

चरण 3: दो माह का कक्ष प्रशिक्षण आरटीआई में।

प्रशिक्षण पूरा होने और एसएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर, शीर्ष 10 एएओ को एनएएए, शिमला में एक सप्ताह का

एक्सपोज़र कोर्स दिया जाता है। इसके अलावा, शीर्ष एएओ को सीएजी पदक से सम्मानित किया जाता है, दूसरे को डीएआई पदक से सम्मानित किया जाता है और तीसरे को डीजी एनएएए प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाता है। अप्रैल 2022 में सीधी भर्ती वाले एएओ (सीजीएलई-2018 बैच) के लिए समावेशन प्रशिक्षण का नया स्वरूप लागू किया गया था। 2022-23 के दौरान, 236 सीधी भर्ती वाले एएओ (एसएससी-सीजीएलई 2018 बैच) को आरटीआई/आरटीसी में प्रशिक्षित किया गया था और अप्रैल 2023 में एनएएए शिमला में एक सप्ताह का एक्सपोजर कोर्स आयोजित किया गया था।

v) **विभागीय रूप से पदोन्नत एएओ/पर्यवेक्षकों के लिए समावेशन प्रशिक्षण:** 2022-23 के दौरान विभागीय रूप से पदोन्नत एएओ (2022 की एसएएस परीक्षा 1 से उत्तीर्ण) और पर्यवेक्षकों के लिए छह सप्ताह का समावेशन प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। 2022-23 के दौरान 194 विभागीय पदोन्नत एएओ/पर्यवेक्षकों को आरटीआई/आरटीसी में प्रशिक्षित किया गया।

vi) **लेखा प्रमाणन पर प्रशिक्षण:** सितंबर 2022 में राज्य प्रतिवेदन स्कन्ध का प्रभार संभालने वाले महानिदेशकों/प्रधान निदेशकों और मुख्यालय कार्यालय में लेखा प्रमाणन और वित्तीय सत्यापन लेखापरीक्षा कार्य करने वाले एसएओ/एएओ के लिए " लेखा प्रमाणन" पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

vii) **एमसीटीपी लेवल 4 प्रशिक्षण का आरटीआई/आरटीसी से प्रतिष्ठित बाह्य संस्थानों में स्थानांतरित करना:** 46वीं केंद्रीय प्रशिक्षण सलाहकार समिति (सीटीएसी) के निर्णय (अप्रैल 2022) के अनुसार, प्रशिक्षण प्रभाग ने ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत हरियाणा और भारत के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज (एएससीआई), हैदराबाद को लेवल 4 एमसीटीपी आयोजित करने हेतु सहयोग किया। 2022-23 के दौरान, इन संस्थानों में 14 लेवल 4 एमसीटीपी में 512 एसएओ/एएओ को प्रशिक्षित किया गया।

viii) **सीधे भर्ती वाले एएओ के समावेशन प्रशिक्षण के लिए हैंडबुक:** सभी आरटीआई/आरटीसी में समावेशन प्रशिक्षण की प्रशिक्षण सामग्री को मानकीकृत करने के लिए 2022-23 से नए भर्ती किए गए एएओ को शामिल करने के लिए तकनीकी और व्यावहारिक कौशल पर समावेशन प्रशिक्षण के लिए एक पुस्तिका तैयार एवं प्रसारित की गई थी।

अध्याय 3

आंतरिक नियंत्रण और गुणवत्ता मूल्यांकन

3.1 निरीक्षण के माध्यम से गुणवत्ता प्रबंधन

बोर्ड में साई इंडिया के सभी कार्यात्मक कार्यालयों की परीक्षण जांच करने का उत्तरदायित्व निरीक्षण और समकक्ष समीक्षा (आईएवंपीआर) विंग में निहित है। विंग व्यावसायिक घोषणाओं और प्रशासनिक निर्देशों के अनुपालन पर आश्वासन प्रदान करने की दृष्टि से निरीक्षण कार्य करता है; अंतर विश्लेषण, मानव पूंजी और दक्षता अनुकूलन के इष्टतम उपयोग के लिए पाठ्यक्रम सुधार की सुविधा प्रदान करता है। निरीक्षण अलग-अलग कार्यालयों में पाई गई बेहतर प्रथाओं को साझा करने के लिए एक आधार प्रदान करता है।

अपने अधिदेश को पूरा करने के लिए विंग, शाखा कार्यालयों सहित क्षेत्रीय कार्यालयों का स्थल निरीक्षण करता है। कार्यालयों का चयन इस उद्देश्य के लिए तैयार किए गए जोखिम मापदंडों पर आधारित एक बिंदु प्रणाली के आधार पर किया जाता है।

मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यात्मक विंग के निरीक्षण और उत्तरदायित्व की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित तंत्र मौजूद हैं:-

क. निरीक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सहभागी बनाने के लिए, विंग ने संबंधित कार्यात्मक विंगों के प्रमुखों के साथ नियमित संवाद के माध्यम से सभी हितधारकों के साथ तालमेल में सुधार करने और इसे बनाए रखने का प्रयास किया है;

ख. निरीक्षण दल उपलब्ध सामग्री जैसे पूर्ववर्ती समकक्ष समीक्षा प्रतिवेदन/निरीक्षण प्रतिवेदन, निरीक्षण किए जाने वाले कार्यालयों से मांगी गई विस्तृत जानकारी और नियमित आधार पर कार्यात्मक विंगों से प्राप्त आवधिक विवरणियों/आदानों का डेस्क अध्ययन करते हैं। क्षेत्रीय कार्यों के प्रारम्भ होने से पहले और पूरा होने के बाद दल, उच्चतम स्तर पर ब्रीफिंग और डीब्रीफिंग सत्रों से गुजरता है;

ग. प्रतिवेदन मानक प्रारूपों में तैयार किए जाते हैं, संक्षिप्त होते हैं, और रचनात्मक तरीके से हितधारकों की भागीदारी के लिए सिफारिशों को शामिल किए हुए होते हैं;

घ. क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण और विशिष्ट मुद्दों पर जांच सूची और संबंधित समूहों के परामर्श से तैयार कार्यात्मक कार्यक्षेत्रों का उपयोग निरीक्षण दलों द्वारा किया जाता है;

ङ. सभी निरीक्षण रिपोर्ट (आईआर), डिजिटल रूप में जारी की जाती हैं और सीएजी की वेबसाइट पर ज्ञान प्रबंधन प्रणाली (केएमएस) पोर्टल के तहत अपलोड भी की जाती हैं। वर्ष 2014-15 से 2021-22 के लिए आईआर, केएमएस पोर्टल पर उपलब्ध हैं;

